जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

डाक पंजियन संख्याः JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

जयपुर शुक्रवार, 29 नवम्बर, 2024 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 :: वर्ष 22 :: अंक 57 www.hukmnamasamachar.com

## संसद का शीतकालीन सत्र

# संसद में अडाणी मुद्दे पर हंगामा

### संसदीय विवाद लोकतंत्र को कमजोर करता है-धनखड़



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का गुरुवार को तीसरा दिन था। प्रियंका गांधी पहली बार संसद पहुंचीं। उन्होंने लोकसभा में सांसद पद की शपथ ली। प्रियंका के साथ उनकी मां सोनिया और राहुल गांधी भी संसद पहुंचे। प्रियंका वायनाड सीट से उपचुनाव जीती हैं। प्रियंका के साथ नांदेड़ से उपचुनाव जीतने वाले रविंद्र चव्हाण ने भी शपथ ली। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही अडाणी मुद्दे पर हंगामा होने लगा। विपक्ष के नेताओं ने नारे लगाए- देश का लूटना बंद करो। वहीं राज्यसभा में भी अडाणी मुद्दा उठा। हंगामा होता देख सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा- संसदीय विवाद लोकतंत्र को कमजोर करता है। इसके बाद दोनों सदन की कार्यवाही दोपहर पहले 12 बजे, फिर पूरे दिन के स्थगित कर दी गई। उधर लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जॉइंट पैनल का कार्यकाल बजट सत्र 2025 के अंतिम दिन तक के लिए बढ़ा दिया गया है। पैनल के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने लोकसभा में प्रस्ताव पेश किया और इसे मंजूरी मिल गई।

केरल के वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी की जीत के बाद लोकसभा में दोबारा कांग्रेस के 99 सांसद हो गए हैं। वायनाड सीट राहुल गांधी ने छोड़ी थी, जबकि नांदेड़ सीट कांग्रेस सांसद बसंतराव चव्हाण के निधन के चलते खाली हुई थी। इन पर हाल ही में उपचुनाव हुए हैं और दोनों ही सीटें कांग्रेस के पास वापस आ गई हैं।

यह पहली बार हुआ है कि कांग्रेस पार्टी से जुड़े गांधी परिवार के 3 सदस्य एक साथ संसद के सदस्य हैं। राहुल गांधी रायबरेली से और प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड से लोकसभा सांसद हैं। जबकि सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा सांसद हैं। सत्र में कुल 16 बिल, 11 पर चर्चा, 5 मंजूरी के लिए पेश होंगे संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 16 विधेयक पेश किए जाने हैं। इनमें से 11 विधेयक चर्चा के लिए रखे जाएंगे। जबकि 5 कानून बनने के लिए मंजूरी के लिए रखे जाएंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए प्रस्तावित विधेयकों का सेट अभी सूची का हिस्सा नहीं है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सरकार इसे सत्र में ला सकती है। वहीं, राज्यसभा बुलेटिन में कहा गया है कि लोकसभा से पारित एक अतिरिक्त विधेयक भारतीय वायुयान विधेयक राज्यसभा में मंजूरी के लिए लंबित है। अश्विनी वैष्णव बोले- वल्गर कंटेंट रोकने के लिए सख्त कानून बने केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट की रोकथाम के लिए सख्त कानून बनाने की बात कही थी। वैष्णव ने कहा- जिन देशों से ऐसे कंटेंट आते हैं, उनकी संस्कृति हमसे काफी अलग है। वल्गर कंटेंट की रोकथाम के लिए पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी को इस विषय पर ध्यान देने और कानून को सख्त करने की जरूरत है। उन्होंने कहा था कि सोशल मीडिया के युग में एडिटोरियल चेक होना समाप्त हो गया है। पहले प्रेस से जो कुछ भी छपता था, उसे चेक किया जाता था कि यह सही है या गलत, और फिर उसे मीडिया में लाया जाता था। उन्होंने कहा कि एडिटोरियल चेक के खत्म होने के कारण आज सोशल मीडिया एक तरफ फ्रीडम ऑफ प्रेस का बहुत बड़ा माध्यम बन गया है, लेकिन दूसरी तरफ यह एक अनकंट्रोल्ड एक्सप्रेशन हैं, जिसमें कई तरह के वल्गर कंटेंट डाले जाते हैं। इसके लिए मौजूदा कानून को और सख्त करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें आम सहमति की भी जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को लगातार सातवीं बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाया था। 1 घंटे 23 मिनट के भाषण में उनका फोकस शिक्षा, रोजगार, किसान, महिला और युवाओं पर रहा था। इसके अलावा बिहार और आंध्र प्रदेश पर भी केंद्र सरकार मेहरबान रही थी। बजट में नई टैक्स रिजीम चुनने वालों के लिए 7.75 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री करने की घोषणा हुई थी।

## संसद में प्रियंका का पहला दिन

### कसावु साड़ी पहनकर पहुंचीं, संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली



**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड से चुनाव जीतकर प्रियंका गांधी गुरुवार को पहली बार लोकसभा पहुंचीं। उन्हें सांसद पद की शपथ दिलाई गई। प्रियंका ने हिंदी में शपथ ली। इस दौरान उन्होंने राहुल की तरह हाथ में संविधान की कॉपी पकड़ी हुई थी। प्रियंका जब संसद पहुंचीं, तो कांग्रेस नेताओं ने बाहर ही उनका स्वागत किया। सदन में एंट्री से पहले भाई राहुल ने उन्हें रोका और कहा- स्टॉप, स्टॉप, स्टॉप... लेट मी ऑलसो टेक योर फोटो... (रुको, रुको, रुको... मुझे भी तुम्हारी फोटो लेने दो...) संसद में प्रियंका ने संविधान की कॉपी हाथ में लेकर हिंदी में शपथ ली। प्रियंका के सांसद बनने पर मां सोनिया गांधी ने कहा, वी आर ऑल वेरी हैप्पी एंड प्राउड... (हमें गर्व है और हम सब बेहद खुश हैं...) प्रियंका संसद में केरल की प्रसिद्ध कसावु साड़ी पहनकर पहुंची थीं। संसद में राहुल और सोनिया के साथ प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद थे। शपथ के बाद प्रियंका ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का आशीर्वाद लिया। संसद में पहली बार गांधी परिवार के 3 सदस्य मौजूद हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल यूपी के रायबरेली से और प्रियंका केरल के वायनाड से सांसद हैं। जबकि सोनिया राजस्थान से राज्यसभा सदस्य हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी को धमकी मामला, 34 साल की महिला हिरासत में

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को जान से मारने की धमकी दी गई। मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में धमकी भरा फोन आया था। मामले में पुलिस ने एक 34 साल की महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि महिला मानसिक रूप से अस्थिर है। उसने शरारत में फोन किया था। महिला का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड भी नहीं है। मामले की जांच जारी है।

**मोदी को 6 साल में तीन धमकियां मिलीं** 2023: हरियाणा के एक शख्स ने वीडियो वायरल करते हुए मोदी को गोली मारने की धमकी दी थी। वीडियो में युवक ने खुद को हरियाणा का बदमाश और गांव मोहाना, सोनीपत का रहने वाला बताया था। 2022: पीएम मोदी को जेवियर नाम के एक शख्स ने धमकी दी थी। जेवियर ने केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को भेजे खत में जान से मारने की धमकी देते हुए लिखा था- मोदी का हाल राजीव गांधी जैसा होगा। 2018: महाराष्ट्र के मोहम्मद अलाउद्दीन खान नाम के शख्स ने फेसबुक पेज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो जान से मारने की धमकी दी थी।

### दिल्ली में 2 दिसंबर तक लागू रहेगा ग्रेप-4-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में सभी ग्रेप-4 उपाय 2 दिसंबर तक लागू रहेंगे। हालांकि स्कूलों के लिए बनाए गए नियमों में छूट दी जा सकती है। जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा - कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट से पता चलता है कि अधिकारी प्रतिबंधों का पालन करवाने में फेल रहे हैं। इसमें गंभीर चूक करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तेजी से होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को भी निर्देश दिया कि वह अपने अधिकारियों को निर्देश दे कि वे किसानों को सैटेलाइट डिटेक्शन से बचने के लिए शाम 4 बजे के बाद पराली जलाने की सलाह न दें। 25 नवंबर को पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कहा था- प्रदूषण कम होने तक दिल्ली में ग्रेप-4 लागू रहेगा।

### जम्मू-कश्मीर में 50 आतंकी ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी

**जम्मू कश्मीर।** जम्मू कश्मीर में संदिग्ध आतंकवादियों और उनके समर्थकों की धरपकड़ के लिए गुरुवार को पुलिस ने 50 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें से अकेले कठुआ जिले के करीब 17 ठिकानों पर छापेमारी कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये आतंकियों की मदद करते थे। इनके पास से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी जब्त की गई है। जम्मू रीजन के,ष्छ्ठ आनंद जैन ने बताया कि पुलिस आतंकवादियों का समर्थन करने वाले कई संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ कर रही है घाटी में पिछले दिनों हुए आतंकवादी हमलों के जवाब में ये कार्रवाई की जा रही है।

### पटेला री पोल

संसद में हंगामा अडानी का, पर सरकार बहस को नहीं राजी
कोई कुछ भी कर ले सदन में, पर दोस्ती जग जाहिर है काजी
कुछ भी कीमत चुकानी तो चुकाएंगे, ताकि अमेरिका देगा क्लीन चिट
देश के सेठ जल्दी ही होंगे, कानूनी और फाइनेंशियल फिट

..मुखिया जी

## हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने





**शपथ ग्रहण समारोह में राहुल, केजरीवाल, ममता समेत कई बड़े नेता शामिल हुए**

**रांची।** जेएमएम लीडर हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के सीएम बन गए। उन्हें गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में गवर्नर संतोष गंगवार ने शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में किया जाएगा। समारोह में इंडिया की 10 पार्टियों के 18 बड़े नेता शामिल हुए। इनमें राहुल गांधी, प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आरजेडी के तेजस्वी यादव मौजूद रहे। दोपहर 3 बजे हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन को हाथ पकड़कर समारोह स्थल ले गए। शपथ से पहले हेमंत ने कहा, आज का दिन ऐतिहासिक होगा। हमारी एकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है। हमें न विभाजित किया जा सकता है, न ही शांत किया जा सकता है। हम झारखंडी हैं और झारखंडी झुकते नहीं हैं।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिदो- कान्हू उद्यान में अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी थीं। वहीं, बोकारो के चंदनकियारी के अग्निवीर जवान अर्जुन महतो के शहीद होने पर उनके भाई बलराम महतो को नियुक्ति पत्र दिया।

शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहली कैबिनेट की बैठक की। इसमें झारखंड विधानसभा का सत्र 9 दिसंबर से शुरू करने की मंजूरी दी गई। जानकारी के अनुसार, विशेष सत्र 12 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विश्वास मत हासिल करेंगे।

## संभल मस्जिद के सर्वे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**संभल।** यूपी के संभल की मस्जिद का विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मस्जिद कमेटी ने सर्वे के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। इस याचिका पर कल (शुक्रवार) सुनवाई होगी। सीजेआई की बेंच इस मामले को सुनेगी। वहीं, 4 युवकों की मौत का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया। हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई। इसमें रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में एसआईटी जांच की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि संभल में पुलिस ने बर्बरता की। डीएम, एसपी, मुरादाबाद कमिश्नर की भूमिका की जांच की भी मांग की गई। वहीं गुरुवार को पुलिस ने 4 और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। अब तक कुल 32 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इधर, हिंसा से जुड़ा एक ऑडियो सामने आया है। इसमें एक शख्स दूसरे को सामान लेकर जामा मस्जिद के पास बुला रहा है।

## अजमेर दरगाह में मंदिर होने के 3 आधार पेश किए

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा किया गया है। अजमेर सिविल कोर्ट में लगाई गई याचिका को कोर्ट ने सुनने योग्य मानते हुए सुनवाई की अगली तारीख 20 दिसंबर तय की है। याचिका दायर करने वाले हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने मुख्य रूप से 3 आधार बताए हैं।

**याचिकाकर्ता बोला- तथ्य साबित करते हैं कि दरगाह की जगह पहले मंदिर था** उन्होंने कहा कि 2 साल की रिसर्च और रिटायर्ड जज हरबिलास शारदा की किताब में दिए गए तथ्यों के आधार पर याचिका दायर की है। किताब में इसका जिक्र है कि यहां ब्राह्मण दंपती रहते थे और दरगाह स्थल पर बने महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करते थे। इसके अलावा कई अन्य तथ्य हैं, जो साबित करते हैं कि दरगाह से पहले यहां शिव मंदिर रहा था।

**20 दिसंबर तक पक्ष रखने के लिए उपस्थित होना है** कोर्ट ने अल्पसंख्यक मंत्रालय, दरगाह कमेटी और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (् स्ढ्ढ) को नोटिस जारी किया है। 20 दिसंबर को उन्हें अपना पक्ष लेकर उपस्थित होना है। इस मामले को लेकर अजमेर दरगाह प्रमुख उत्तराधिकारी और ख्वाजा साहब के वंशज नसरुद्दीन चिश्ती ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा- ऐसी हरकतें देश की एकता के लिए खतरा हैं। यहां तो हिंदू राजाओं ने भी अकीदत की है। दरगाह में मौजूद कटहरा जयपुर के महाराजा ने भेंट किया है। 1950 के सर्वे में स्पष्ट हो चुका है कि दरगाह में कोई हिंदू मंदिर नहीं था।

## देश के 5 राज्यों में कोहरा

### तमिलनाडु में 2 दिन बाद टकराएगा तूफान

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी राज्यों में ठंड के साथ-साथ कोहरे का असर बरकरार है। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को दिल्ली, यूपी, हरियाणा समेत पांच राज्यों में कोहरा छाया रहा। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में टेंपरेचर माइनस 5.5डिग्री पहुंच गया। श्रीनगर में पारा शून्य से 2.1 डिग्री नीचे चला गया। श्रीनगर समेत कई इलाकों में सीजन की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। उधर, तमिलनाडु में 30 नवंबर तक फेंगल तूफान टकरा सकता है। तटीय इलाकों में तेज बारिश हो रही है। आईएमडी के मुताबिक अगले 2 दिन चेन्नई, चेंगलपेट, कांचीपुरम, तिरुवल्लुर, कुड्डालोर, नागापट्टिनम में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।



## इंडियन नेवी ने के-4 बैलिस्टिक मिसाइल की सफल टेस्टिंग की

**नई दिल्ली।** इंडियन नेवी ने बुधवार को के-4 बैलिस्टिक मिसाइल की सफल टेस्टिंग की। यह टेस्टिंग न्यूक्लियर सबमरीन अरिघात से की गई थी।



अरिघात को 2017 में लॉन्च किया गया था। इसका अपग्रेड वर्जन जल्द ही कमीशन किया जाएगा। अरिघात आईएनएस अरिहंत का अपग्रेडेड वर्जन है। इसे विशाखापट्टनम में भारतीय नौसेना के शिप बिल्डिंग सेंटर में बनाया गया था। अरिहंत की तुलना में अरिघात 3500 किलोमीटर की रेंज वाली के-4 मिसाइलों से लैस होगी। इस सबमरीन का वजन 6 हजार टन (60 हजार क्विंटल) है। यह डिफेंस सिस्टम अलग-अलग रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलों से बचाव के लिए बनाया गया है।

## ट्रांसपोर्ट कंपनी के जयपुर सहित 23 ठिकानों पर आईटी रेड



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ट्रांसपोर्ट कंपनी के जयपुर सहित देशभर के 23 ठिकानों पर मंगलवार सुबह से आईटी की छापेमारी (रेड) चल रही है। उदयपुर गोल्डन एंड लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट के ऑफिस और इससे जुड़े लोगों के यहां सुबह 5 बजे ही टीमें पहुंच गई थीं।उदयपुर के टीकम सिंह राव की इस कंपनी पर अवैध ट्रांसपोर्टेशन का आरोप है। जयपुर के विश्वकर्मा इलाके में कार्रवाई आयकर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार- अवैध माल परिवहन की शिकायत मिलने के बाद सत्यापन कराया गया था। टीम ने मौके पर पहुंच कर कंपनी के काम के तरीके की जांच की। इसमें गड़बड़ी मिली। मामला सही पाए जाने पर टीम ने रेड की तैयारी की। रेड राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में डाली गई है।गुजरात में 2 जगहों, मुंबई में एक, बांसवाड़ा (राजस्थान) में तीन, जयपुर (विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया) में एक और उदयपुर में 16 ठिकानों पर टीमें जांच कर रही हैं। इस छापेमारी में 120 से अधिक लोगों की टीम शामिल है।

## ईवीएम ठीक तो वीवीपैट पर खर्चा क्यों - गहलोत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ईवीएम पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा उठाए जा रहे सवालों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- सवाल चुनाव की जीत-हार का नहीं है। जिस तरह महाराष्ट्र और हरियाणा में अप्रत्याशित नतीजे आए। आज लोगों का ईवीएम पर से भरोसा उठने लगा है। ऐसे में सरकार को बैलेट पेपर से चुनाव करवाने के लिए आगे आना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 134वीं पुण्यतिथि पर बाइस गोदाम स्थित ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा- यही लोकतंत्र का तकाजा है कि विपक्ष यदि कोई बात बोले तो बिना प्रतिष्ठा का सवाल बनाए इस पर स्टडी करवाएं। सर्वे करवाया जाए कि देश की जनता का मूड क्या है, क्या जनहित में है। ताकि आने वाले समय में लोकतंत्र मजबूत रहे।

गहलोत बोले- ईवीएम ठीक होती तो वीवीपैट पर खर्चा क्यों

अशोक गहलोत ने कहा- भारत इतना बड़ा मुल्क है। यहां की डेमोक्रेसी हिल रही है?। ईवीएम को लेकर दस साल पहले सुप्रीम कोर्ट तक केस गया था। सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम में वीवीपैट लगाने का आदेश दिया। यह आदेश क्यों दिया गया, यदि मशीन सब ठीक होती तो वीवीपैट लगाकर 15-20 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए। मालूम पड़ता था कि किसको वोट दिया स्लिप आ जाती थी। यह नौबत क्यों आई, इसका मतलब सुप्रीम कोर्ट ने माना होगा कि मशीनों को टेम्पर किया जा सकता है। उनसे छेड़छाड़ की जा सकती है। उन्होंने कहा- उस समय सुप्रीम कोर्ट भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी गए थे।

## दिल्ली के प्रशांत विहार में धमाका, एक व्यक्ति घायल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी में प्रशांत विहार इलाके में पीवीआर मल्टीप्लेक्स के पास गुरूवार की सुबह 11.48 बजे गुरुवार को धमाका हुआ। घटना में एक शख्स घायल हो गया। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड और फोरेंसिक टीम जांच के लिए पहुंची है। इसके अलावा जांच के लिए बम निरोधक दस्ता के अधिकारी भी पहुंचे है। धमाका के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फायर सर्विस के मुताबिक, उनके पास विस्फोट से जुड़ा एक कॉल आया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची। यह धमाका पार्क की बाउंड्री वॉल के पास हुआ। बताया जा रहा है कि मौके पर सफेद पाउडर जैसी चीज बिखरी हुई मिली है। प्रशांत विहार में यह दूसरी ऐसी घटना है। इससे पहले 20 अक्टूबर को सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल के पास भी इसी तरह का विस्फोट हुआ था।

## गंगाणा विद्यालय में नवनिर्मित कक्षा-कक्ष का किया लोकार्पण

# प्रदेश सरकार शैक्षणिक उन्नयन एवं अवसंरचना विकास के कृत संकल्प : जोगाराम पटेल

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने ग्राम पंचायत गंगाणा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मध्य पूर्व पुलिस चौकी में गुरुवार को 19.86 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित कक्षा-कक्ष का विधिवत् रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया। संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने कहा माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शैक्षणिक उन्नयन एवं विद्यालयों में अवसंरचना विकास के कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कक्षा-कक्ष, लैब, पुस्तकालय एवं शौचालय निर्माण के लिए इस बजट में 350 करोड़ रुपए और प्रदेश के 750 विद्यालयों के भवनों की मरम्मत के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है।

**मेधावी विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए सरकार दे रही निःशुल्क टैबलेट्स-** पटेल ने कहा बजट में राज्य में सभी वर्गों के राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों तथा आवासीय विद्यालयों में आवासित छात्र-छात्राओं को देय मैस भत्ता 2 हजार 500 रुपए से बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रतिमाह किया गया है। उन्होंने कहा राजकीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन के लिए प्रोत्साहन देने के लिए 8 वीं, 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में राज्य तथा जिला स्तरीय मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को तीन वर्ष की इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ टैबलेट्स निःशुल्क दिए जा रहे है।

**कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए 11 लाख रुपए की घोषणा-** पटेल ने कहा विद्यालय भारत के भविष्य निर्माण के केंद्र है। उन्होंने कहा शिक्षक राष्ट्र निर्माण में सबसे महत्ती भूमिका निभाते है। संसदीय कार्य मंत्री ने विद्यालय में कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए 11 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने कहा क्षेत्र के विद्यालयों के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी जाएगी।




**क्षेत्र के सड़क तंत्र का हो रहा सुदृढ़ीकरण-** पटेल ने कहा लूणी क्षेत्र में 3 अरब रुपए से भी अधिक राशि के सड़क निर्माण के कार्य स्वीकृत हो चुके है। सभी कार्यों को तय समयावधि में पूर्ण करवा कर क्षेत्र के सड़क तंत्र का सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा क्षेत्र में निवासरत पाक विस्थापित बंधुओं की कॉलोनियों का सर्वे कर आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएगी।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में सरपंच गंगाणा बीजाराम, तहसीलदार झंवर देवाराम, सीबीईओ लूणी शमीम बानो, रावतराम बिंजारिया, छोटू सिंह राठौड़, खिंवराज जांगिड़, हंसराज धायल, किशनाराम, सिकंदर खान, प्रेमाराम सहित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुलाक़ात .......



गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित अपने सरकारी निवास पर लोगो से मुलाकात करते प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट.

## जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फोर्स समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फोर्स समिति की बैठक जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओपी मेहरा, जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, टास्क फोर्स के सदस्यगण, ईंट भट्टा एसोसिएशन, व्यापार मण्डल भीलवाड़ा के प्रतिनिधि और श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारीयों को निर्देशित किया गया कि उपखण्ड स्तर पर माह में दो बाल श्रम जागरूकता हेतु कैंप चलाये जाएं। उन्होंने सीडीईओ अरुणा गारू को निर्देशित किया गया कि ईंट भट्टो पर कार्यरत मजदूरों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाए। उन्होंने जिले की विभिन्न एसोसिएशनों के अध्यक्षों/प्रतिनिधियों को बाल श्रम मुक्त जिला बनाने हेतु सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए।

**बाल श्रम उन्मूलन के लिए कठोर कार्यवाही-** जिला कलक्टर ने उप श्रम आयुक्त सुनील कुमार और अन्यअधिकारियों को जिले के विभिन्न संस्थानों पर औचक निरीक्षण कर बाल श्रम के संबंध में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिले के किसी संस्थान में बाल श्रमिक नियोजित पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही जाएं।

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह निरीक्षण

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष सतीश चंद द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कारागृह में बंदियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, सफाई, स्वास्थ्य, स्वच्छता, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरूद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कारागृह में महिला बैरिक में पहुंचकर महिला बंदियों से भी पूछताछ कर कारागृह द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया।



उन्होंने बंदीगण को उनके अधिवक्ता व परिजन से वार्ता की सुविधा बाबत आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण में पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक के माध्यम से अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय के माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना-पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर को भिजवा सकते हैं। जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी एवं जेल विजिटिंग लॉयर को भी जेल विजिट के दौरान अवगत कराया जा सकता है, जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके। इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है और वह अपील करना चाहता है तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जायेगा। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रेखा यादव, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के सुरेन्द्र सिंह, राहुल डण्डौतिया, चीफ एलएडीसी अमित कम्ठान, डिप्टी एलएडीसी पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी मीता अग्रवाल, दीपक सिकरवार, आराधना शर्मा, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इन्द्रेश शर्मा, जेलर शैलेन्द्र, हैड कॉनि. मनोज इत्यादि सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## एक नजर

### जमवारामगढ़ पंचायत समिति में दिव्यांगजन पंजीयन शिविर आयोजित

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ पंचायत समिति में दिनांक 27 नवंबर बुधवार को दिव्यांगजन पंजीयन शिविर का आयोजन हुआ। जमवारामगढ़ विकास अधिकारी रमेश चंद मीणा ने बताया की जिला कलेक्टर जयपुर के आदेश 12/11/2024 की पालना में बुधवार दिनांक 27 नवंबर को जमवारामगढ़ पंचायत समिति में प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक दिव्यांगजनो के पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 138 दिव्यांगो का पंजीकरण किया गया जिसमें से 111 आवेदन स्वीकार किए गए एवं 27 आवेदन पत्र अस्वीकार किए गए। 7 दिव्यांगजनों को रोडवेज पास एवं 8 दिव्यांगजनों को अन्य यूडीआईडी कार्ड जारी किए गए।



### वीडियो कॉल से किया औचक संवाद

### एमसीएचएन और प्रसूति नियोजन दिवस पर प्रथम औचक सीधा संवाद कार्यक्रम

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** गुरूवार को एमसीएचएन एवं प्रसूति नियोजन दिवस पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रथम औचक सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके लिए राज्य, जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को लक्ष्य निदेशालय की ओर से दिए गए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि इस बार फिजीकल मॉनिटरिंग के साथ ही राज्य सरकार के निर्देशानुसार सीधे संवाद का नवाचार करते हुए वीडियो कॉल के जरिये मॉनिटरिंग की गई। डॉ. शर्मा ने बताया कि निदेशालय स्तर से गुरूवार को एमसीएचएन और प्रसूति नियोजन दिवस मनाया जाता है और मॉनिटरिंग कर ओडीके ऐप के जरिये रिपोर्टिंग करनी होती है। निदेशालय स्तर से राज्य, संभाग और जिला स्तरीय अधिकारियों को 10-10 केन्द्रों की मॉनिटरिंग वीडियोकॉल के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक समय निर्धारित किया गया। इसकी अनुपालना जिले में भी की गई। इस कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, आशा कॉर्डिनेटर सहित समस्त बीसीएमओ, बीपीएम ने चिकित्सा संस्थानों पर एएनएम से बात की और वीडियो के जरिये व्यवस्थाएं भी देखी। इसके अलावा वहां उपस्थित लाभार्थियों से भी मिल रहे स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित बातचीत की। डॉ. शर्मा ने बताया कि संवाद के जरिये वीडियोकॉल कर एएनसी जांच, टीकाकरण की जानकारी और उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी ली गई, जिसकी रिपोर्ट निदेशालय को प्रेषित की गई। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि वीसी के जरिये औचक संवाद के साथ ही अनेक केन्द्रों पर फिजीकल निरीक्षण भी किया गया।



### विकास योजनाएं धरातल पर उतर रही, हर वादा पूरा करेंगे :ऊर्जा मंत्री

*हर खेत को रास्ता दिलाने के लिए कृत संकल्पित*

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** सरकार की विकास योजनाएं अब धरातल पर उतर रही हैं। सांगोद विधानसभा में जनता से किया गया हर वादा पूरा करेंगे। हर खेत को रास्ता दिलाने के लिए हम कृत संकल्पित हैं। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गुरुवार को सीमलिया क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शिलान्यास और लोकार्पण किए तथा पोलाई, रेलगांव, चौमा मालियान ग्राम पंचायत में समारोह को संबोधित किया। मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि हर घर तक नल द्वारा पीने योग्य स्वच्छ पेयजल और हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता में है। वहीं हर खेत तक सुगम रास्ते उपलब्ध हों, इसके लिए भी हम कृत संकल्पित हैं। खेतों के रास्ते बनाने के लिए विधायक कोष से जेसीबी खरीदकर पंचायत समिति को दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने उपखंड अधिकारी को निर्देश दिए कि रास्तों को लेकर कोई भी परिवाद आता है तो उसका निस्तारण 7 दिन के अंदर कर दिया जाए। इससे संबंधित कोई भी केस पेंडिंग नहीं रहना चाहिए। साथ ही नामांतरण जैसे मामले भी तुरंत निपटाए जाएं। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में तकरीबन सभी तालाबों का सुदृढ़ीकरण करने के लिए कार्यादेश जारी कर दिए हैं। तालाबों के मूल स्वरूप को बदले बिना सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यकरण के कार्य होने चाहिए।



### शाहपुरा विधायक ने राजस्थान स्टेट मेडिकल काउंसिल द्वारा जारी नीट पीजी मेरिट सूची में की गई अनियमितता सुधार के लिये लिखा चिकित्सा मंत्री को पत्र

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान स्टेट मेडिकल काउंसिल द्वारा जारी नीट पीजी 2024 मेरिट सूची में बरती गई अनियमितता को लेकर शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को पत्र लिखकर जांच करवाकर नियमानुसार मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को काउंसलिंग का अवसर देने की मांग की है। राष्ट्रीय स्तर की नीट पीजी परीक्षा-2024 दिनांक 11 अगस्त 2024 को देश में दो अलग अलग पारियों में आयोजित हुई थी। जिसका नॉर्मलाइजेशन करने के बाद परिणाम 23 अगस्त 2024 को जारी किया गया। परिणाम के पश्चात राजस्थान की सीटों के लिए राजस्थान राज्य मेडिकल काउंसिल ने अपनी काउसलिंग के लिए सूची जारी कि जिसमे उन्होंने मैरिट लिस्ट 22 नवंबर 2024 को बनाई जिसमे सैकड़ों अभ्यर्थीयो की रैंक ऑल इंडिया में मैरिट सूची में बहुत ऊपर है, लेकिन उनके राजस्थान स्टेट में बराबर-बराबर बोनस मार्क्स होने के बावजूद मैरिट रैंक काफ़ी नीचे कर दी गई, जिससे सैंकड़ो अभियर्थियों के साथ अन्याय हो रहा है।



*पीजी कालेज में निर्भया स्कायड टीम द्वारा छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा प्रशिक्षण*

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण द्वारा छात्राएं स्वयं कर सकती हैं अपनी हिफाजत :डॉ राजेश आर्य



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय पी.जी महाविद्यालय जमवारामगढ़ में दिनांक 28 नवंबर गुरूवार को राजस्थान राज्य महिला नीति-2021 के तत्वावधान में आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयुक्तालय जयपुर पुलिस की निर्भया स्क्वायड टीम द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। स्क्वायड टीम की सदस्य ममता व शीला द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। उनके द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए, साथ ही छात्राओं को जरूरी हेल्पलाइन नंबर पुलिस कंट्रोल रूम- 100, इमरजेंसी नंबर -112, महिला गरिमा हेल्पलाइन नंबर1090, साइबर हेल्पलाइन नंबर -1930, की जानकारी दी गई। निर्भया स्क्वायड टीम ने बताया कि महिला सुरक्षा हेतु पेट्रोलियम टीम सिविल ड्रेस में लो फ्लोर बसों में भी आपराधिक तत्वों पर नजर रखती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दिनेश चन्द मीना ने अपने उद्बोधन में बताया की महिला सुरक्षा हेतु आत्मरक्षा प्रशिक्षण बहुत आवश्यक है।राजस्थान राज्य महिला नीति की नोडल अधिकारी प्रोफेसर साइमा खान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओ को अपना आत्म बल सुदृढ़ रखना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ के प्रोफेसर मनोज गौतम, प्रोफेसर राजेश आर्य डॉ, डॉ रामेश्वरी देवी मीणा, डॉ मांगीलाल मीणा, राजेंद्र प्रसाद मीणा, डॉ राघवेंद्र स्वामी, डॉ नीलम एवं डॉ संदीप मीणा सहित अन्य संकाय सदस्यउपस्थित रहे।

## जमीन से उठते धुएं ने मचाई सनसनी, दैवीय चमत्कार मान उमड़ी भीड़

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के नया शहर थाना क्षेत्र स्थित डूडी पेट्रोल पंप के पास अचानक जमीन से निकलते धुएं ने इलाके में सनसनी फैला दी। गुरुवार की सुबह होते ही इस अनोखी घटना की खबर आग की तरह फैल गई, और लोग इसे देखने के लिए भारी संख्या में मौके पर पहुंचने लगे। कुछ लोग इसे प्रकृति का अद्भुत नजारा मान रहे हैं, तो कुछ इसे दैवीय कृपा कहकर पूजा-पाठ शुरू कर चुके हैं। वहीं, बच्चों और युवाओं में इसे लेकर गजब का कौतूहल देखा गया। किसी ने इसे वैज्ञानिक कारणों से जोड़ने की कोशिश की, तो किसी ने इसे धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया।मौके पर भीड़ लगातार बढ़ रही है, हालांकि, अब तक इस धुएं का रहस्य सुलझ नहीं पाया है। लोग इस अनोखी घटना को अपने कैमरों में कैद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर भी जमकर शेयर कर रहे हैं।

## कार्मिक विभाग ने भी दिया आयोग को अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक सत्यापन का अधिकार

# दोहरे आवेदन एवं डमी कैंडिडेट पर लगेगी आधार सत्यापन से लगाम

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोकसेवा आयोग को राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग से भी अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक सत्यापन की अनुमति प्राप्त हो गई है। 27 नवंबर 2024 को जारी की गई अधिसूचना अनुसार आयोग अभ्यर्थियों के द्वारा किए जाने वाले दोहरे आवेदनों की छंटनी, अभ्यर्थियों के सत्यापन, जालसाजी एवं डमी कैंडिडेट की रोकथाम के लिए आधार सत्यापन प्रणाली का उपयोग कर सकेगा। इससे पूर्व माह सितंबर 2024 में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा भी आधार कार्ड के माध्यम से अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन करने की अनुमति आयोग को प्राप्त हो गई थी। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों यथा- ऑनलाइन आवेदन जांच, साक्षात्कार, काउंसलिंग, दस्तावेज सत्यापन, लिखित परीक्षा व नियुक्ति में अभ्यर्थी की पहचान का सत्यापन इसके माध्यम से किया जा सकेगा। गत् समय के दौरान सामने आए डमी अभ्यर्थियों के प्रकरणों को देखते हुए आधार बायोमैट्रिक सत्यापन आयोग की विश्वसनीयता तथा कार्य प्रणाली में मील का पत्थर सिद्ध होगा। राजस्थान लोक सेवा आयोग के आग्रह पर कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार द्वारा 8 मई 2024 को इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार को पत्र प्रेषित किया गया था।

इस पर कार्यवाही करते हुए आधार एक्ट 2016 की धारा 4 एवं आधार ऑथेंटिकेशन फॉर गुड गवर्नेंस नियम 2020 के अंतर्गत अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापित करने के उद्देश्य से आधार सत्यापन का लिंक प्रदान किया गया था। इसी क्रम में राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा भी आयोग को इसका उपयोग करने की अनुमति के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह आयोग की कार्यप्रणाली तथा भर्ती परीक्षाओं की शुचिता में वृद्धि के दृष्टिगत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षाओं की शुचिता भंग करने तथा जालसाजी करने वाले व्यक्तियों व नकल गिरोहों पर लगाम के लिए आवेदन से लेकर परीक्षा प्रक्रियाओं तक में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इनमें वन टाइम रजिस्ट्रेशन के दौरान अंगूठा निशानी, लाइव फोटो कैप्चर, ओएमआर शीट में पांचवा विकल्प, इंटरव्यू में बोर्ड आवंटन जैसी विशेष प्रक्रियाएं सम्मिलित है। आधार बायोमेट्रिक सत्यापन सुविधा प्राप्त होने से आयोग अब और अधिक सशक्त हो सकेगा तथा जालसाजी कर परीक्षाओं में सम्मिलित होने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। आयोग द्वारा प्रक्रिया के संचालन हेतु बुनियादी संसाधन जुटा लिए गए हैं एवं शीघ्र ही चरणबद्ध रूप से अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक सत्यापन व्यवस्था आयोग द्वारा प्रारंभ की जाएगी।

## आंधी पंचायत समिति में विमुक्त घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू सहायता शिविर आज

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पत्रांक तथा निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आदेशानुसार घुमंतू समुदाय (विमुक्त घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू) के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, वोटर आईडी, जाति प्रमाण पत्र एवं राशनकार्ड आदि दस्तावेज बनाने हेतु दिनांक 29 नवंबर शुक्रवार को पंचायत समिति आंधी में विमुक्त घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जन्मजात विकार रोग एवं उपचार पर छठी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित

# जन्म विकार से जुड़े रोगों और उपचार हेतु शोध और अनुसंधान के साथ जागरूकता का प्रसार हो : राज्यपाल

## टीबी और कैंसर रोगों के लिए भी अभियान चलाकर कार्यवाही हो




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जन्म विकार से जुड़े रोगों और उनके उपचार के लिए वैश्विक शोध और अनुसंधान के साथ जागरूकता का प्रसार किए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर में अनुमानित 6 प्रतिशत बच्चे जन्मजात विकार के साथ पैदा होते हैं। इससे सैकड़ों हज़ारों मौतें होती हैं। इस संबंध में देशभर में अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है। बागडे गुरुवार को महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा राइजिंग राजस्थान के आलोक में जन्मजात विकार की छठी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। काम करें, धन कमाएं पर शरीर स्वस्थ रखने के लिए योग व्यायाम भी करें ताकि शरीर स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहेंगे तभी दूसरे सुख भोग पाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि तेजी से आगे बढ़ते राजस्थान में नए उभरते रोगों की पहचान के साथ उनके उपचार में भी हम अग्रणी बने। उन्होंने पोलियो और दूसरे रोगों पर पाई विजय की चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान में टीबी और कैंसर रोगों के लिए भी अभियान चलाकर कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कैंसर रोगियों की पहचान हेतु इनके पंजीयन की व्यवस्था कर रोग पहचान के साथ प्रभावी उपचार हेतु कार्य हो। उन्होंने व्यसन मुक्ति के लिए भी अभियान चलाने और आधुनिक खान पान से उत्पन्न होने वाली बीमारियों के उपचार के लिए भी सभी स्तरों पर प्रयास किए जाने पर जोर दिया। आरंभ में प्रख्यात चिकित्सक डा. धर्मेंद्र कुमार ने आनुवांशिकी रोगों, जीन थेरपी और अन्य चिकित्सकीय विषयों पर अपने विचार रखे। विश्वविद्यालय के संस्थापक डा. एम. एल. स्वर्णकार ने विश्वविद्यालय में विरल बाल रोगों के उपचार के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए भारत सरकार से सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी की अनुसंशा किए जाने का आह्वान किया।

संगोष्ठी के संयोजक डा. अशोक गुप्ता ने जन्मजात विकारों से जुड़े चिकित्सकीय पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। डा. अचल गुलाटी और महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के कुलपति डा. विकास स्वर्णकार ने आयोजन के महत्व के बारे में बताया।

भगवान कृष्ण विचार एवं जनमानस' विषयक आयोजित कार्यक्रम

## रामायण में सीता और महाभारत में गीता हमारी मार्गदर्शक : राज्यपाल



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि रामायण में सीता और महाभारत में गीता हमारी मार्गदर्शक है। सीता माई ने जो कठिनाई झेली वह जीवन पथ का आलोक है। उन्होंने रामायण और गीता को विश्व के प्राचीनतम ग्रंथ बताते हुए कहा कि यही भारत की संस्कृति और धर्म है। बागडे गुरुवार को अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर द्वारा 'भगवान कृष्ण विचार एवं जनमानस' विषयक आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यादव महासभा द्वारा कृष्ण के सर्वधर्म सद्भाव की संस्कृति का सर्वत्र प्रसार करने का आह्वान किया। उन्होंने कृष्ण के फल की इच्छा के बगैर कर्म करने के गीता के संदेश से प्रेरणा लेकर जीवन जीने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि भगवान कृष्ण कभी इतिहास नहीं हो सकते। वह जनमानस में गहरे से रचे-बसे हैं। कृष्ण की बांसुरी और राधा से उसकी डाह की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके बगैर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने भगवान कृष्ण को युगप्रवर्तक बताते हुए कहा कि जहां अन्याय-अत्याचार हुआ उसका विरोध किया। संस्कृति की हानि हुई तो भगवान ने आगे आकर उसका संरक्षण किया। राज्यपाल ने कृष्ण-सुदामा की मित्रता की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी मित्रता निभाने के संस्कार से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने माखनचोर के उनके स्वरूप की कथा सुनाते हुए कहा कि वह इसलिए आकर्षित करते हैं कि हमेशा ईश्वर होते हुए भी मनुष्य की भांति रहे। समारोह में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कृष्ण और यादव समाज से जुड़े गौरव की चर्चा की। अखिल भारतीय यादव महासभा के डा. अशोक यादव ब्रिगेडियर प्रताप सिंह आदि ने भी विचार रखे।

## एमडी आरएमएससीएल ने किया फार्मेसी काउंसिल का निरीक्षण



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा चिकित्सा सेवाओं से संबंधित विभिन्न काउंसिल के कामकाज की समीक्षा के निर्देशों की पालना में गुरुवार को आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने फार्मेसी काउंसिल पहुंचकर निरीक्षण किया और वहां संपादित होने वाले कार्यों का जायजा लिया। गिरि ने कार्मिकों से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, लंबित आवेदनों एवं काउंसिल की अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने काउंसिल में कार्यरत कार्मिकों और उनको आवंटित कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही, काउंसिल के नियम, प्रक्रियाओं आदि के बारे में समीक्षा की।

स्टेट टीकाकरण टास्क फोर्स बैठक

## पल्स पोलियो अभियान 8 दिसम्बर को होगा आयोजित




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की स्टेट टॉस्क फोर्स की बैठक गुरूवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 8 दिसम्बर पोलियो रविवार को प्रदेश के 39 जिलों में आयोजित होने वाले उप पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये गए। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सभी संबंधित विभाग पूर्ण समन्वय के साथ तैयारी करते हुए अभियान को सफल बनाएं। बच्चों को आवश्यक रूप से पोलियो की खुराक पिलाए जाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए एवं आईईसी गतिविधियां की जाएं। एक भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से नहीं छूटे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि प्रदेश में 39 जिलों अजमेर, अलवर, अनूपगढ़, ब्यावर, बांसवाड़ा, बलोतरा, भरतपुर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चूरू, दौसा, दूदू, डीडवाना-कुचामन, डीग, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर-प्रथम व द्वितीय, जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, जोधपुर शहर, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, खैरथल-तिजारा, कोटपुतली-बहरोड़, नागौर, नीम का थाना, फलौदी, सांचोर, शाहपुरा, सीकर, सिरोही, सलूम्बर, टोंक एवं उदयपुर में अभियान आयोजित कर जन्म से 5 साल तक की उम्र के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। बैठक में निदेशक आईईसी शाहीन अली खान, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक अल्का सक्सेना तथा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जिले में विटामिन 'ए' का चरण आज से 29 दिसंबर तक

## 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन 'ए' की खुराक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में विटामिन 'ए' का चरण 29 मई 2024 से 29 जून, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इसके अन्तर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाडी केन्द्रों पर विटामिन 'ए' की खुराक पिलाई जाएगी। यह खुराक 6 माह के अन्तराल से पिलाई जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए की खुराक पिलाने का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विटामिन 'ए' आँखों की बीमारियों जैसे रतौंधी अंधता से बचाव के साथ- साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिए भी आवश्यक है। विटामिन "ए" देने से बच्चों में दस्त एवं निमोनिया आदि बीमारियों के घातक प्रभाव में कमी लाई जा सकती है। विटामिन 'ए' 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी लाता है।

## संविधान दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष का आकाशवाणी पर विशेष साक्षात्कार का प्रसारण आज



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने का संविधान दिवस पर आकाशवाणी से विशेष साक्षात्कार प्रसारित होगा। आकाशवाणी के राजस्थान के सभी केन्द्रों से देवनानी के इस साक्षात्कार का प्रसारण प्रातः10 बजे होगा। क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से लिये गये इस साक्षात्कार में देवनानी ने संविधान के इतिहास और विशेषताओं के बार में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस साक्षात्कार में मूल अधिकारों और कर्तव्यों पर भी विचार व्यक्त किये। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का यह विशेष साक्षात्कार वरिष्ठ समाचार वाचिका शीला चांवला और सहायक निदेशक जितेन्द्र द्विवेदी द्वारा लिया गया।

संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए पुलिस मुख्यालय का नवाचार

# संकटग्रस्त महिलाओं के हेल्प मांगने पर तत्काल नजदीकी सहायता उपलब्ध होगी, पीड़िता को एप पर मिलेगी पूरी जानकारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिये राजकॉप सिटीजन एप, वूमन सेफ्टी के तहत 卐नीड हेल्प卐 के जरिये पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की योजना पुलिस मुख्यालय द्वारा शुरू की जा रही है। इसके लिए सर्वप्रथम विभिन्न जिला एवं रेंज स्तर पर सुरक्षा सखी, पुलिस मित्रों एवं अन्य जनसम्पर्क के माध्यम से इस एप के प्रयोग सम्बन्धी डेमोस्ट्रेशन दिया जाएगा। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल ने इस संबंध में सभी पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपायुक्त को निर्देश जारी कर अधिकाधिक राजकॉप सिटीजन एप को मोबाईल पर डाउनलोड करने आमजन को डेमोंसट्रेशन के द्वारा प्रेरित करने को लिखा है। जिससे इस योजना का लाभ संकटग्रस्त महिलाओं को मिल सके। एडीजी अग्रवाल ने बताया कि राजकॉप सिटीजन ऐप में महिला सुरक्षा के लिए मदद चाहिए का दिया गया है। जिसमे आपात स्थिति में सहायता व गैर आपात स्थिति में सहायता की दो तरह की सुविधाएं दी गयी है। आपात स्थिति में सहायता आपात स्थिति में सहायता के लिए जब भी किसी महिला द्वारा रिक्वेस्ट की जाती है, तो 1090 कन्ट्रोल रूम (जयपुर) को नोटिफिकेशन जाता है। कन्ट्रोल रूम पर कार्यरत पुलिसकर्मी के नोटिफिकेशन स्वीकृत करने पर इसकी सूचना पीड़ित को ऐप पर दिखायी देती है। इसके बाद पीड़ित को कॉल कर समस्या पता की जाती है। अगर पीड़ित फोन नहीं करने का मैसेज रिक्वेस्ट के साथ भेजता है तो ऐसी स्थिति में लोकेशन पर मदद पहुंचाने की कार्यवाही की जाती है। जयपुर कन्ट्रोल रूम ऑपरेटर द्वारा बिना समय गंवाए सम्बन्धित जिले के अभय कमाण्ड सेंटर को सूचना भिजवाई जाती है। जिसके आधार पर पीड़ित की लोकेशन पर उस जिले के सम्बंधित थाने को पहुँच जाती है। थाना पुलिस या नजदीकी वाहन 112 पीड़ित की लोकेशन पर पहुंच मदद पहुंचाता है। वाहन 112 की लोकेशन पीड़ित एप पर ट्रैक वाहन की सहायता से देख सकता है। एप पर हेल्प मांगने के बाद पीड़ित के पास पुलिस की गाड़ी पहुंचने तक की सभी जानकारी ऐप पर दी जाती है। जरूरी सहायत मिलने के बाद पुलिस कर्मी रिक्वेस्ट बन्द कर देता है। मदद प्राप्त हो जाने पर पीड़ित स्वयं भी रिक्वेस्ट बन्द कर सकता है। गैर - आपातकालीन मदद चाहिए के पर क्लिक कर किसी महिला द्वारा रिक्वेस्ट की जाती है, तो उस स्थिति में नोटिफिकेशन को कन्ट्रोल रूम का पुलिसकर्मी स्वीकृत कर पीड़ित को कॉल कर समस्या पता करता है। समस्या सुनने के बाद तुरन्त संबंधित थाने को सहायता उपलब्ध कराने के लिए कॉल करता है। परिवाद होने की स्थिति में कन्ट्रोल रूम कर्मचारी परिवाद प्राप्त कर सीसीटीएनएस में इन्द्राज कर सम्बन्धित थाने को वह परिवाद जांच के लिए भेज देता है। जांच के बाद जो भी कार्रवाई होती है थाना पुलिस द्वारा कॉल कर कन्ट्रोल रूम को दी जायेगी। इस सूचना के आधार पर 1090 कंट्रोल रूम रिक्वेस्ट बंद कर देता है।

आज जयपुरवासी देखेंगे तीन पीढ़ियों का कालबेलिया नृत्य

## कल्चरल डायरीज के तहत दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या की अंतिम पखवाड़े की पहली प्रस्तुति आज

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अभिनव पहल व दिशा-निर्देशों के तहत पर्यटन विभाग द्वारा शुरू की गई पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या कल्चरल डायरीज श्रृंखला के तहत आगामी शुक्रवार 29 नवम्बर को अंतिम पखवाड़े की पहली प्रस्तुति अल्बर्ट हॉल पर शाम 6:30 बजे आयोजित की जाएगी। इन प्रस्तुतियों के दौरान जयपुरवासियों सहित विदेशी व देसी पर्यटकों को गायन, वादन व नृत्य का शानदार संगम देखने को मिलेगा। शुक्रवार को किशनगढ़ के कलाकारों द्वारा चरी व घूमर नृत्यों के साथ ही अलवर के कलाकारों द्वारा भपंग वादन की प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी साथ ही खातू सपेरा व उनके दल द्वारा कालबेलिया नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र होगा, जिसके तहत तीन पीढियां एक साथ नृत्य की प्रस्तुति देंगी। उल्लेखनीय है उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की पहल पर लोक कलाकारों को मंच प्रदान करते हुए उन्हें सम्बल प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा कल्चर डायरीज नाम से पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत की गई है, इस पाक्षिक सांस्कृतिक श्रृंखला की पहली दो दिवसीय प्रस्तुतियां नवम्बर के दूसरे पखवाड़े में अल्बर्ट हॉल पर आयोजित हो चुकी है।

## जिले में मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर गुरूवार को जिले में चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। इसमे गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि जिले में प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए।

## परिवार कल्याण साधनों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बुधवार को होटल कॉसमॉस राज प्लाजा में परिवार कल्याण साधनों पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिले के एएनएम को गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा एवं ओरल पिल्स गोली के विषय मे प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में परिवार कल्याण कार्यक्रम की महत्ता पर जानकारी देते हुए अपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य को करने हेतु निर्देशित किया गया।

## जनजातीय गौरव दिवस वर्ष 2024 के उपलक्ष में आयोजित "आदि महोत्सव"

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ट्राइफेड, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा आयोजित आदि महोत्सव 2024 का शुभारंभ शिल्पग्राम, जवाहर कला केन्द्र जयपुर में दिनांक 29 नवम्बर 2024 से 8 दिसम्बर 2024 तक 10 दिवसों के लिए किया जायगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन शिल्पग्राम जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में दिनांक 29 नवम्बर 2024 सांय 4 बजे राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदय, के किया जायगा इसके अतिरिक्त , उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबू लाल खराडी, केबिनेट मंत्री, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार एवं डॉ. सौम्या गुर्जर, महापौर नगर निगम ग्रेटर जयपुर भी शामिल होंगे।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय समाधान समिति की बैठक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला टास्क फोर्स/जिला स्तरीय समाधान समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना, सक्षम जयपुर अभियान, जिला स्तरीय महिला समाधान समिति, आई.एम शक्ति केन्द्र योजना, वन स्टॉप सेन्टर, महिला हेल्पलाईन 181, डायन योजना, उड़ान योजना एवं राज्य महिला नीति 2021 एवं उडान योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

## सक्षम जयपुर अभियान के तहत होगा आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में दिनांक 29 नवंबर 2024, शुक्रवार को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण,प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान के तहत इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान के सभागार में प्रातः 11 बजे आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन होगा।

## ऑपरेशन कवच 4.0' के तहत कार्यालय, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (प्रथम) की बड़ी कार्रवाई

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (प्रथम) की टीम ने ऑपरेशन कवच 4.0 के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय

### सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट



सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट से हमारे देश में ही चिंता नहीं है अपितु पूरा विश्व चिंतित है और सब की चिंता जायज भी है क्योंकि ए आई आने के बाद बच्चों के लिए नया संकट पैदा होता जा रहा है ऑस्ट्रेलिया में तो एक स्कूली बच्चे ने सोशल मीडिया पर डिप्रेशन का शिकार होने के बाद आत्महत्या कर ली इसके बाद वहां पर बवाल आया हुआ है ऑस्ट्रेलिया ने सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट रोकने के लिए एक कानून भी बना लिया है। हमारे देश में भी बच्चों को सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट से बचा ने के लिए सख्त कानून बनाने का केंद्र सरकार ने अपना मंतव्य प्रकट किया है केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव का कहना है कि जिन देशों से यह वल्गर कंटेंट आता है उन देशों की संस्कृति और हमारी संस्कृति में दिन-रात का अंतर है इसलिए बच्चों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है केंद्र सरकार का मानना है कि सोशल मीडिया और ओ टी टी मंचों पर उपलब्ध सामग्री अश्लील और आपत्तिजनक है तो उस बच्चे को बचाने के लिए मौजूदा कानून सक्षम नहीं है दूसरी और माता-पिता का भी कोई कंट्रोल इस पर नहीं रहता है जो लगातार चिंताजनक बात है। सोशल मीडिया के जमाने में सोशल मीडिया और ओ टी टी मंचों पर कुछ भी एडिटोरियल कंट्रोल नहीं हो रहा है जो चिंता जनक बात है, किसी भी ग्रुप पर हर सदस्य अपनी बात रख रहा है सोशल मीडिया पर कुछ भी कह रहा है कुछ भी पोस्ट डाल रहा है उसी के विवेक पर निर्भर है कि वह उचित है या अनुचित है ग्रुप के हेड को भी सामग्री हटाने या लगाने का कोई अधिकार नहीं है। सोशल मीडिया ओटीटी प्लेटफॉर्म पर वल्गर कंटेंट रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जब तक कोई कदम नहीं उठेगा तब तक सुधार की संभावना नहीं है क्योंकि दुनिया में कोई सा भी सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म किसी की पहुंच से दूर नहीं है।

**वैभव लोढ़ा...**

## क्रॉस फायर

❑अदानी मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में कामकाज प्रभावित राहुल गांधी बोले गिरफ्तारी हो।

◆जब सरकार बहस करने नहीं दे रही है तो गिरफ्तारी तो सपने जैसी बात।

❑प्रदेश भाजपा सदस्यता अभियान में पिछडी।

◆समझने वाली बात है जनता वोट दे रही है पर सदस्य नहीं बन रही है।

❑महाराष्ट्र में भाजपा का मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ एकनाथ शिंदे ने दिया समर्थन।

◆नौटंकी बड़ी खत्म।

❑केंद्र सरकार बोली वल्गर कंटेंट रोकने के लिए सख्त कानून बने।

◆इसकी आड़ में कहीं कुछ नहीं हो जाए।

❑अपहरण और वसूली के आरोप में धौलपुर के डीएसपी मीना पर केस दर्ज।

◆कैसे खत्म करके प्रमोशन कर देना चाहिए।

❑महाराणा प्रताप के बारिशों के मध्य सिटी पैलेस में स्थित धूनी के दर्शन को लेकर चल रहे विवाद का समापन।

◆महाराणा प्रताप ऊपर देखकर रो रहे होंगे ।

❑अजमेर दरगाह में शिव मंदिर से जुड़ी याचिका स्वीकार कर सभी पक्षों को कोर्ट ने नोटिस जारी किया।

◆अब यहां भी तमाशा होगा।

❑अशोक गहलोत बोले केंद्र सरकार हस्तक्षेप कर बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को सुरक्षा दिलाये।

◆हसीना का गुस्सा हिंदुओं पर।

**.............अंजू लोढ़ा**

# तेल पर सरकारी मुनाफे का खेल



**बाल मुकुन्द ओझा**

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का फायदा आम जनता तक समुचित रूप से नहीं पहुंच रहा है, जबकि भारी भरकम टैक्स लगाकर सरकार जरूर अपना खज़ाना भर रही है। मौजूदा समय में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी गई है। इस दौरान ब्रेंट क्रूड ऑयल के प्राइस गिरकर 72.77 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल की बात करें तो यह गिरकर 68.68 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में पिछले पांच वर्षों के दौरान बड़ी गिरावट देखने को मिली हो, लेकिन आम लोगों को महंगे पेट्रोल-डीजल के दामों से कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच वर्षों में केंद्र और राज्य सरकारों ने पेट्रोल डीजल पर टैक्स लगाकर अपना खजाना जरूर भर लिया है। संसद में प्रश्नकाल में पूछे गए सवाल के जवाब में ये जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 के बाद से लेकर मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही अप्रैल-जून तक पेट्रोल डीजल पर टैक्स के जरिए केंद्र और राज्य सरकारों ने 36.58 लाख करोड़ रुपये की रिकार्ड कमाई की है। कुल टैक्स में 22,21,340 करोड़ रुपये केंद्र सरकार के खजाने में गया है। जबकि राज्य सरकार ने अपना टैक्स यानि वैट लगाकर 14,37,015 लाख करोड़ रुपये वसूले हैं। यानि पेट्रोल-डीजल पर पांच वित्त वर्षों के दौरान वसूले गए 36.58 लाख करोड़ रुपये टैक्स में 60 फीसदी केंद्र सरकार ने वसूले हैं जबकि 40 फीसदी टैक्स राज्य सरकार के खजाने में गया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण भारत में तेल विपणन कंपनियों को काफी लाभ हो रहा है। ढ्रुष्टक्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम जैसी कंपनियां पेट्रोल पर 15 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 12 रुपये प्रति लीटर कमा रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकारी स्वामित्व वाली तेल विपणन कंपनियों के प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन को स्वीकार किया है। इन कंपनियों का संयुक्त लाभ 86,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले चुनौतीपूर्ण वित्त वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 16,014 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ दर्ज किया। इसी तरह, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इस अवधि के दौरान अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी थ्रूपुट, बिक्री मात्रा और शुद्ध लाभ हासिल किया। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 26,673 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित लिया। भारत की बात करतें तो आम चुनावों से पहले सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर आम लोगों को राहत दी थी। पूरे देश में 15 मार्च 24 को पेट्रोल और डीजल की कीमत में प्रति लीटर दो रुपये की कटौती की गई । मई 2022 के बाद पहली बार देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव किया गया था । आज की स्थिति की निष्पक्ष होकर समीक्षा करें तो सरकार मालामाल हो रही है और जनता कंगाल। आम उपभोक्ता आज भी महंगाई की बेरहम मार से पीड़ित होकर कराहने पर मजबूर है। सब्जी से लेकर खाने के तेल और दाल तक के भाव आसमान पर हैं और जनता धरती पर। हालांकि इससे देश की अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार के लक्षण परिलक्षित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए यह अवधि सुकून भरी है। पैट्रोल-डीजल की कीमतें हाहाकार की स्थिति से नीचे आकर धीरे-धीरे आम आदमी की पकड़ में आने लगी हैं। मगर कीमतों में गिरावट का पूरा फायदा सरकार आम जनता को नहीं दे रही है। इसमें सरकार के अपने तर्क वाजिब हो सकते हैं मगर जनता अपने अच्छे दिनों का इन्तजार कर रही है। जनता चाहती है कि तेल के भावों में गिरावट का उसे पूरा फायदा मिलना ही चाहिये। इस समय विश्व की अर्थव्यवस्था की मजबूत धुरी तेल ही है। विभिन्न देशों की सरकारों की राजस्व प्राप्ति का एक बड़ा हिस्सा पैट्रोलियम पदार्थों से हासिल होता है। सरकार का कहना है कि जब तेल की कीमतें आसमान को छूने लगती हैं तब जनता को राहत प्रदान करने के लिए सरकार पर्याप्त मात्रा में अनुदान देती है जिसका फायदा जनता तक पहुंचता है। आज जब कीमतें गिर रही हैं तो सरकार को उत्पाद कर वसूलने का पूरा अधिकार है। सरकार का यह कथन पूरी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहला हित जनता का संरक्षित होना है। सरकार का यह दायित्व है कि वह अपनी जनता को विभिन्न रियायतें उपलब्ध कराकर लाभान्वित करे।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# उपभोक्ता सामग्री की बढ़ती महंगाई घटता वजन



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

महगाई का असर किस तरह से हमारी जेब पर भारी पड़ रहा है इसका अंदाज इसी से लग जाता है कि बड़े और जाने माने उपभोक्ता सामग्री निर्माताओं ने अपने उत्पाद की दर बढ़ाने की वजाय उसकी मात्रा या यों कहे कि वजन कम करने को बेहतर विकल्प चुना है। अब किसी मॉल या बाजार में जाते हैं तो इतनी महंगाई बढ़ने के बाद भी पांच रुपए का बिस्कुट का पैकेट पांच में ही मिल रहा है तो कुरकुरे, टेडे-मेड़े, नमकीन, मोगर, चिप्स या इसी तरह के अन्य उत्पाद पांच या दस रुपए के पैक में ही मिल रहे हैं और आम उपभोक्ता उसी दर पर उपलब्ध समझ कर मजे से खरीद रहा है। दरअसल निर्माताओं ने अपने लोकप्रिय और फिक्स दर वाले उत्पादों के दाम बढ़ाने के स्थान पर इस तरह की गणित फिट की है कि दाम वही रहने दो और उपलब्ध माल का वजन या मात्रा कम करदों। इसका सबसे बड़ा फायदा तो यह है कि उनके तयसुदा ग्राहकी में दूसरा ब्रॉण्ड सेंध नही लगा पायेगा तो आम उपभोक्ता पैकिंग में कितनी मात्रा है इस और ध्यान ही नहीं देता। यही कारण है कि आम उपभोक्ता को आसानी से भ्रमित रख कर ठगा जा रहा है। निर्माता का कहना है कि उसने आम उपभोक्ता के साथ किसी तरह की ठगी नहीं की क्योंकि पैकिंग में जितनी मात्रा दर्शाई गई है उतनी उपलब्ध हैं वहीं आम उपभोक्ता को पता ही नहीं चल पाता कि निर्माताओं द्वारा खेल क्या किया जा रहा है? दरअसल यदि हम किसी भी मॉल या किराना की दुकान पर कुछ खरीदने जाएंगे तो उपभोक्ता सामग्री के वजन को लेकर सबसे ज्यादा भ्रमित होते हैं। किसी भी खाद्य तेल के पाउच की बात की जाए तो बाजार में एक लीटर के नाम पर किसी कंपनी का उत्पाद 910 मिली का होता है तो किसी का 840 या किसी का 860 मिली के पैक में उत्पाद उपलब्ध होता है। अब वहां लगे रेट को देखने से पता लगता है कि अमुक कंपनी का खाद्य तेल का पाउच इतने रुपए का है तो दूसरी का इतने रुपए का। आम उपभोक्ता की यह समझ से परे की बात होती है कि रेट कम वाले पाउच का वजन कितना है या अधिक रेट वाले पाउच में कितना वजन है। दरअसल एक लीटर के पाउच के बावजूद रेट और लीटर के नाम पर मिली लीटर के कम ज्यादा भावों के नाम पर आमनागरिक को भ्रमित किया जाता है। इसी तरह से पिछले दिनों भावों में बढ़ोतरी के बाद नामी गिरामी कंपनियों के बिस्कुट के तय रेट वाले पैकिट की मांत्रा के अंतर को समझा जा सकता है। कुछ इसी तरह की बात नमकीन, कुरकुरे, चिप्स आदि के पाउच में देखा जा सकता है। यह केवल खाद्य सामग्री तक ही सीमित नहीं है अपितु कॉस्मेटिक व अन्य उत्पादों पर आसानी से समझा जा सकता है। दैनिक उपभोग के शैंपू पाउच या पैकिंग में आसानी से मात्रा कम होना आम हो गया है। लगता है कि रेट वहीं हैं पर मात्रा के नाम पर भ्रमित किये जाने का खेल खुलेआम चल रहा है। यह तो किसी तरह से नहीं स्वीकारा जा सकता कि सरकार या संबंधित मंत्रालय को इस बारे में जानकारी ना हो। किसी भी सामग्री के दाम घटने बढ़ने पर सरकार भी नजर रखती है। सबसे मजे की बात खाद्य तेल के पाउच को लेकर समझा जा सकता है। अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि एक लीटर पाउच में कितनी सामग्री होनी चाहिए। एक लीटर के नाम पर निर्माता कंपनियों द्वारा 840 से लेकर 910 मिली लीटर में अलग अलग भावों में बेचे जा रहे हैं। अब आमनागरिक की रेट कम देखकर भ्रमित होने की संभावना अधिक रहती है। वह यह समझ कर ही चलता है कि उपलब्ध सभी पाउच एक लीटर के होंगे और दरों में कमी हैं, ऐसे में वह खरीदारी करते समय यह नहीं समझ पाता कि वह सस्ते के नाम पर पाउच में उपलब्ध सामग्री की कम मात्रा के रुप में छला गया है। सरकार के किसी भी स्तर पर यह बात छुपी हुई नहीं है ऐसे में एक लीटर के खाद्य सामग्री के पाउच की मात्रा सरकार द्वारा ही 1000 मिली तय कर दी जानी चाहिए। सरकार के स्पष्ट निर्देश होने चाहिए कि एक लीटर पाउच के नाम पर बेची जाने वाली सामग्री में सामग्री की मात्रा 1000 मिली ही हो। यदि ऐसा हो तो समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है। आम आदमी को आसानी से ठगी से बचाया जा सकता है। दरअसल इस संदर्भ में इग्नोर करने का एक कारण यह भी हो सकता है कि आम नागरिकों में बढ़ती महंगाई के बावजूद यह भ्रम बन रहे कि बिस्कुट पहले भी पांच रुपए का आ रहा था और आज भी पांच रुपये का आ रहा है। इसी तरह से अन्य उत्पादों की बात की जा सकती है। एक और निर्माताओं अपने ग्राहकों को बांधें रखने में सफल हो जाते हैं वहीं दूसरी और सरकार का हो सकता है कि एक सोच यह भी हो कि इससे महंगाई का शोरगुल अधिक नहीं होगा। मजे की बात यह है कि बाजार के यह हालात आज की बात नहीं है। इसी तरह से आम नागरिक के साथ छलावें को यह कोई पहला मौका नहीं हैं। इसके साथ ही आम आदमी को भ्रमित रखने का यह एक तरीका है। पर मजे की बात यह है कि देश भर में उपभोक्ता हितों के नाम से खड़े गैरसरकारी संगठन या उपभोक्ता न्यायालयों में इस तरह की किसी ने जनहित याचिका लगाने की पहल नहीं की है। महंगाई को कमतर आंकने का यह रास्ता सही नहीं हो सकता। इस संदर्भ में गंभीर चिंतन और आमनागरिक के हित में ठोस निर्णय लेना होगा।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

## आज का राशिफल

**शुक्रवार 29 नवम्बर 2024**



**मेष राशि**

आपके लिए आज का दिन आर्थिक दृष्टि से बहुत शुभ है। आज आपको व्यवसायमें लाभ होने के संयोग हैं। अगर आप अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को अनदेखाकरेंगे तो कुछ ऐसे लोग नाराज हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं।



**वृषभ राशि**

आपको आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आज किसी नए कार्य का प्रारंभ नकरें और क्रोध एवं आवेश में वृद्धि न आए इसका ध्यान रखें। आर्थिक तौर परसुधार के चलते आप आसानी से काफी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे।



**मिथुन राशि**

परिवार में आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। माता का आरोग्य अच्छा रहेगा। धनसंपत्ति-मान सम्मान के अधिकारी बनेंगे। जल्दबाजी में निवेश न करें। दिन केकार्यभार से कुछ थकान का अनुभव होगा, परंतु स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।



**कर्क राशि**

व्यवसाय मेंबाधा उपस्थित होने की संभावना है। मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छीरहेगी। कार्यक्षेत्र के नज़रिए से आज का दिन आपका है। इसका भरपूर फायदाउठाएँ।



**सिंह राशि**

आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से भरपूरप्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह सेदिनभर का समय आनंदपूर्वक बीतेगा। आज उच्च पदाधिकारी खुश होंगे।



**कन्या राशि**

आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। लेन-देन में सावधानी बरतें ।कानूनी मसले हल होंगे। किसी चिंता से मुक्ति मिलेगी। पत्नी एवं पुत्र कीतरफ से लाभदायी समाचार मिलेंगे। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद मिलेगा।



**तुला राशि**

आज स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे, परिणामस्वरूपघर में विरोध का वातावरण उपस्थित होगा। आज के कार्य अधूरे रह सकते हैं ।किसी कारणवश व्यय भी अधिक होगा। यदि पुरानी बातों को कुरेद कर नोक-झोंककरेंगे तो परिणाम अच्छे नहीं मिलेंगे।



**वृश्चिक राशि**

आज व्यापार अच्छा चलेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुखबढ़ेगा। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद कर पाएंगे। कामकाज कीजिज्ञासा बढ़ेगी। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी।



**धनु राशि**

आज आपको अच्छे समाचार मिल सकते हैं। आर्थिक लाभकी संभावनाएं हैं। आज आपका पारिवारिक वातावरण आनंद व उल्लास से लबालब भरारहेगा। तन में चेतना एवं स्फूर्ति का संचार होगा।



**मकर राशि**

आजआलस्य को त्यागकर कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त हो सकती है ।पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। सोच-समझकर व्यय करें। कार्य एवं व्यवसाय केक्षेत्र में बाधाओं से मन अशांत रहेगा।



**कुम्भ राशि**

आज का दिन आपकेलिए बहुत शुभ है। आपका आज का दिन आनंद व उल्लास से भरा हुआ होगा व शारीरिकऔर मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। आज के कार्य अधूरे रह सकते हैं।



**मीन राशि**

आज किसी धार्मिक स्थल पर जानेका सुनहरा अवसर है। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। शत्रु से सतर्क रहें ।कर्मनिष्ठ होकर हाथ पर रखे काम को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। आपकाव्यवहार आज न्यायानुकूल रहेगा।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# भजन राज में भाजपा की बंपर जीत

## कांग्रेस चारों खाने चित्त प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन के कयासों पर ब्रेक, कई नेताओं के राजनीतिक भविष्य की रूपरेखा तय

**डॉ मोनिका शर्मा**

राजस्थान में हुए उपचुनाव में राजनीतिक समझ रखने वाले विशेषज्ञों को भी चौंका दिया है। यह तो किसी ने भी नहीं सोचा था कि भाजपा का बंपर जीत मिलेगी और कांग्रेस हासिए पर चली जाएगी। जिन 7 सीटों पर उपचुनाव हुए उनमें कांग्रेस की 4, भाजपा की 1, बीएपी की 1 और आरएलपी की 1 सीट थी। उपचुनाव के बाद स्थिति बिल्कुल बदल गई। लेकिन चुनाव में बीएपी ही अपनी सीट बचा पाई।

आरएलपी के हारने से तो विधानसभा में उसका प्रतिनिधित्व ही खत्म हो गया। कांग्रेस भी कैसे तैसे करके एकमात्र दौसा सीट जीत पाई। इसमें भाजपा की सीटों की संख्या 1 से बढ़कर 5 हो गई। झुंझूनूं, खींवसर, देवली उनियारा, रामगढ़ और सलूंबर भाजपा ने और चौरासी बीएपी ने जीती है। इस उपचुनाव ने कई नेताओं के राजनीतिक भविष्य की रूपरेखा भी तय कर दी। पांच सीटें जीतकर जहां भाजपा गदगद है। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि यह जीत उनकी सरकार के कामकाज की जीत है। वहीं कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के लिए नई चुनौती खड़ी हो गई। अब वे आलाकमान को क्या जवाब देंगे। ऐसा क्यों हुआ। दो सीटों पर तो कांग्रेस की जमानत तक जब्त हो गई। कांग्रेस ने एकमात्र सीट दौसा जीती है। इसका भी श्रेय डोटासरा को नहीं मिल पा रहा है। यह सीट सचिन पायलट के खाते में गई है। इससे पायलट को नई ऊर्जा मिली है।

चाहे जो हो जिस तरह से कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र चुनाव में कांग्रेस महा पिछड़ी रही है और भाजपा महा अगाड़ी रही है। उसी तरह से राजस्थान में भी भाजपा महा अगाड़ी साबित हुई। कांग्रेस महा पिछाड़ी रही। कहा जा रहा है कि भाजपा ने सभी सातों सीटों पर एक प्लानिंग के साथ चुनाव लड़ा। उसका नतीजा अब सबके सामने हैं। वहीं कांग्रेस लोकसभा चुनाव की जीत से उत्साहित थी। उसको उसका आत्मविश्वास ले डूबा। उसे लग रहा था कि भाजपा एक या दो सीटों पर सिमट जाएगी। लेकिन परिणाम कांग्रेस की उम्मीद के विपरित रहा। अब आने वाले दिनों में कांग्रेस को गहरा मंथन करने की जरुरत है। उधर, भाजपा की इस जीत से वसुंधरा राजे के खेमे में भी अंदर खाने हलचल चल रही होगी। क्योंकि भाजपा की हार से यह खेमा मजबूत होता। कांग्रेस के पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी इस उपचुनाव में नजर नहीं आए। ऐसे में माना जा रहा है कि उन्हें पहले से ही इस हार का आभास था। चाहे जो भी हो। लेकिन इस चुनाव ने प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन के जो कयास लगाए जा रहे थे।

उन पर फिलहाल तो ब्रेक लग गया है। अब यह तय हो गया है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ही रहेंगे। भले ही बजट के बाद मंत्रीमंडल में फेरबदल हो जाए। लेकिन कमान भजनलाल के पास ही रहेगी। मंत्रीमंडल में फेरबदल कोई बड़ा मामला नहीं है। वैसे भी अभी मंत्रीमंडल में 6 सदस्य शामिल हो सकते हैं।

अगर इन सीटों को भरा जाएगा तो तय है कि कुछ मंत्रियों को विभागों में बदलाव भी हो सकता है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# जूली ने अपने कार्यालय में 44 वां जन्मदिन समारोह पर एक प्रेस वार्ता का किया आयोजन

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** टीकाराम जूली फेंस क्लब द्वारा आज मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। फैंस क्लब के सदस्यों ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली का 44 वां जन्मदिन समारोह का आयोजन जय कृष्ण क्लब अलवर में आयोजित किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के जन्मदिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में 30 नवंबर शनिवार को प्रात: 7.00 बजे जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना , प्रात: 7.30 बजे त्रिपोलिया महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना ,प्रात: 8.00 बजे गुरुद्वारा साहब, खण्डेलवाल धर्मशाला के सामने, अलवर, प्रात: 8.30 बजे महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण नगर निगम अलवर, प्रात: 8.45 बजे मदर टेरेसा होम में फल वितरण (पुराना कटला) इंदिरा रसोई में निशुल्क भोजन वितरण (पुराना कटला), प्रात: 09:30 बजे रक्तदान शिविर शुभारंभ (जय कृष्ण क्लब), प्रात: 10:00 बजे बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, प्रात: 10.30 बजे गौशाला में चारा वितरण, स्टेशन रोड़, प्रात: 10.00 बजे श्री हनुमान जी के मन्दिर में पूजा अर्चना एवं सैय्यद बाबा की मजार पर चादर चढाने का कार्यक्रम मोती डूंगरी, अलवर,प्रात: 11:00 बजे राजीव गांधी पार्क मोती डूगंरी में पौधारोपण कार्यक्रम,प्रात: 11:30 बजे राजीव गांधी चिकित्सालय में फल वितरण, सांय 6.00 बजे नि:शुल्क भोजन वितरण, विजन संस्थान, बिजलीघर सर्किल,सांय 7.00 बजे कम्बल वितरण, अलवर शहर, सांय: 7:30 बजे शहीद स्थल पर दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम रखा गया है। इसके अतिरिक्त ब्लॉक स्तर पर अकबरपुर,मालाखेडा, कस्बा



डहरा व चादोंली में उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर फल वितरण किया जाएगा व विभिन्न स्थानों पर स्थित हॉस्टलों में विशेष योग्यजन बच्चों को भोजन व फल वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया है। वहीं समर्थकों की ओर से किशनगढबास में रक्तदान शिविर, बहरोड,मुंडावर, तिजारा, भिवाडी में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष जूली के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सभी आगंतुकों से अपील की गई है कि फूल, गुलदस्ते या अन्य उपहार आदि के स्थान पर जरूरतमंद लोगों के लिए गर्म कपडें, जूते-चप्प्ल, विद्यार्थियों के लिए कॉपी किताब पेन,पेंसिल आदि लाने का आग्रह किया गया हैं ताकि जरूरतमंद लोगों की सहायता की जा सके।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रभारी आसाम तथा मध्यप्रदेश भवंर जितेन्द्र सिंह रहेंगे ।

प्रेस वार्ता में फैंस क्लब के सदस्य योगेश मिश्रा, संजीव बारेठ, हिम्मत सिंह चौधरी, विक्रम यादव, मुकेश सारवान,राजेंद्र पाल, रिपु दमन गुप्ता, पुष्पेंद्र धाबाई ,प्रकाश गंगावत, जफरु खान, जेडी आर्यन, महेश सैनी, साजिद खान,हिमांशु शर्मा, राहुल पटेल, राहुल खान, अम्मू खान, नवाब खान, के के खंडेलवाल, रवि मीणा, योगेश मेहता, डॉ संदीप सैनी, सिद्धार्थ व्यास,हरकेश मीणा,नितिन धाकड़, सैकुल सिंघल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कि प्रेसवार्ता आयोजित




**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय के रणथंभौर सर्किल स्थित एक होटल में ग्राम राज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर मीडिया की कार्यशाला आयोजित की गई। जिला पर्यवेक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि आज भारत सरकार की योजना अंतर्गत ग्राम राज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर मीडिया के साथ प्रेसवार्ता आयोजित की गई ।जिला पर्यवेक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था बाल विवाह को लेकर महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था द्वारा बालश्रम एवं बाल यौन शोषण को लेकर भी काम करते है।उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा क्षेत्र में प्रशासन के सहयोग से सात से आठ शादियां होने से रुकवाई गई एवं इस क्षेत्र में लगभग 68 शादियां बाल विवाह को लेकर जागरूक करने ओर उसके दुष्परिणामों से अवगत करवाया रुकवाई हे। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बाल श्रम को लेकर भी सरकारी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर दुकानदारों को भी जागरूक करने का कार्य करते है।जिसमें श्रम विभाग के पूर्ण सहयोग इस कार्य ने लिया जाता है।

## जिला स्थापना समिति की बैठक का आयोजन



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिला स्थापना समिति की बैठक का आयोजन जिला परिषद कार्यालय में जिला प्रमुख सरोज बंसल की अध्यक्षता में गुरूवार को आयोजित की गई। बैठक में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक भर्ती-2022 अन्तर्गत लोकेश कुमार मीना अध्यापक लेवल प्रथम एवं अशोक सैनी, अध्यापक लेवल-द्वितीय विषय सामाजिक अध्ययन के पदों पर नियुक्ति दिये जाने की जिला स्थापना समिति में सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया एवं शिक्षा विभाग के अध्यापकों के काफी समय से लंबित स्थाईकरणों के प्रकरणों पर चर्चा उपरान्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा टोंक से प्राप्त 91 अध्यापक लेवल प्रथम एवं द्वितीय के स्थाईकरण के प्रकरणों का भी अनुमोदन किया गया ताकि स्थाईकरण पश्चात अध्यापको का वेतन स्थिरीकरण हो सकेगा और उनको पूर्ण वेतन मिल सकेगा। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, कोषाधिकारी टोंक हरीश लालावत, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा मीना लसारिया, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पंकज गुप्ता राकेश साहू व विरेन्द्र जैन कनिष्ठ सहायक जिला परिषद आदि मौजूद थे।

# प्रदेश में सिकोईडिकोन ने रूकवाये 120 बाल विवाह :आलोक व्यास

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर गैर सरकारी संगठन सिकोईडिकोन द्वारा एक नीजि होटल में पत्रकारवार्ता का आयोजन गुरूवार को किया गया। संगठन के उप-निदेशक आलोक व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह रोकथाम के लिए कैलाश सत्यार्थी फाउण्डेशन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत के आहवान पर सिकोईडिकोन द्वारा टोंक जिले में टोंक सहित मालपुरा, निवाई ब्लॉक के 150 गांवों में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने बताया कि 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के प्रयास लगातार किये जा रहे है, जिसके चलते राजस्थान में होने वाले बाल विवाह की संख्या में 23 प्रतिशत




के मुकाबले दस प्रतिशत की कमी आई है। संस्था द्वारा विगत डेढ़ वर्षो में लगभग 20 बाल विवाह रूकवाये गये है, इस अभियान में 35 हजार लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली है। बाल विवाह रोकने के लिए सिकोईडिकोन 250 से भी अधिक अग्रणी गैर सरकारी संगठन जस्ट राईट्स फॉर चिल्ड्रन का सहयोगी है, जो जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए काम कर रहा है। उन्होने बताया कि केन्द्रिय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपुर्णा देवी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई है। सिकोईडिकोन के निदेशक पी. एम. पाल ने कहा कि यह अभियान विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है, जिले में हमने जो अभियान शुरू किया, अब वह राष्ट्रव्यापी अभियान बन गया है। बाल विवाह रोकने के लिए विभिन्न समाजों के धर्म गुरूओं के माध्यम से प्रयास किये जा रहे है, जिससे जागरूकता बढ़ रही है।

उन्होने कहा कि बाल विवाह रोकने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया जाता है, साथ ही स्कूल-कॉलेजों में भी इसका प्रचार स्थानीय प्रशासन के सहयोग से एवं परिवारों में काउन्सलिंग करके जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर अभियान प्रभारी देवेन्द्र कुमार जांगिड़ भी मौजूद थे।

## सैनी समाज ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की 134 वीं पुण्यतिथि



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** सदर माली सैनी समाज टोंक द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले की 134 वी पुण्यतिथि ज्योतिबा फुले सैनी छात्रावास महादेवाली टोंक में मनाई गई है, ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। ज्योतिबा फुले की जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा जयोतिबा फुले मराठी कवि समाज सुधारक बाल विवाह विधवा विवाह महिला शिक्षा आदि कुरूतियों को खत्म करने पर जोर दिया। इस अवसर पर सदर अध्यक्ष अचलेश सैनी, पूर्व सदर अध्यक्ष शंकर लाल धुवारिया, पूर्व सदर अध्यक्ष चौथमल निवाईवाल, पूर्व भाजपा ओबीसी मोर्चो जिलाध्यक्ष बबलू टैंकर, रमेश बागड़ी, कालू बागड़ी, अजय सैनी सांखला, प्रभु खरोलिया, समीर सैनी, सरपंच शंकर लाल कच्छावा, गणेश, गोला, संजय सैनी, राजू बाजरिया, जगदीश मोडियाला, महामंत्री कालूराम गढवाल एवं रामराज सरसवाल आदि उपस्थित रहे।

## शगुन में 1 रूपया लेकर थामा एक दूजे का हाथ समाज में दिया सकारात्मक संदेश

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर पटेल नगर निवासी रामकिशन शेरावत वरिष्ठ अध्यापक के सुपुत्र मोहित ने 75 वें संविधान दिवस(26 नवंबर 2024) के अवसर पर बिना मुहुर्त व आडंबरों से हटकर जयपुर निवासी निकिता सुपुत्री मोहनलाल गोठवाल का हाथ थामकर एक दूजे के हो गये। सगुन में दहेज के रुप में सवाई माधोपुर के प्रतिष्ठित लोगों की समक्ष 1रुपया लेकर शादी रचाकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया है ... *वर्तमान भौतिकवादी युग में समाज के पढ़े - लिखे युवा पैसे के पीछे भाग रहे हैं,जबकि मोहित ने समाज के समक्ष एक नजीर पेश की है तथा नवयुवकों को एक संदेश दिया है कि दुल्हन ही हमारे लिए दहेज है... हम अपने पैरों पर खड़े होकर समर्थ बने दूसरों पर आश्रित नहीं रहे।



# उदयपुर टेल्स को भारत की स्टोरी कैपिटल रूप में बदलने के लिए तैयार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान को वैश्विक सांस्कृतिक मानचित्र पर लाने के वादे के साथ, वार्षिक उदयपुर टेल्स इंटरनेशनल स्टोरीटेलिंग फेस्टिवल वापसी के लिए तैयार है। देश के निवासियों को भी इसका बेसब्री से इंतजार है। यह 10 से 12 जनवरी, 2025 तक उदयपुर में होने वाला यह फेस्टिवल सिर्फ किस्सागोई का उत्सव ही नहीं है, बल्कि यह एक शक्तिशाली सांस्कृतिक आंदोलन है जो उदयपुर को भारत की कहानियों की राजधानी के रूप में स्थापित कर रहा है।जयपुर में आज आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, फेस्टिवल के संस्थापकों सुष्मिता सिंघा ने इस आयोजन के बढ़ते महत्व के बारे में बात की। सिंघा ने कहा कि उदयपुर टेल्स केवल इन तीन दिनों के दौरान कहानियां सुनाने के बारे में ही नहीं है बल्कि यह राजस्थान द्वारा भारत की कहानी कहने की परंपराओं के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका को पुन: प्राप्त करने के बारे में है। यह उत्सव दुनिया को मौखिक कहानियों के जादू से जोड़ने की हमारी शैली है, जिसके केंद्र में उदयपुर हैकिस्से-कहानियों का ग्लोबल उत्सव किस्सागोई यानि मुंहजुबानी कहानी कहने की सदियों पुरानी कला पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उदयपुर टेल्स खूबसूरत और दमदार आवाज़ों का एक असाधारण मिश्रण लेकर आया है। इसमें प्रसिद्ध भारतीय नामों में देवदत्त पटनायक, फौज़िया दास्तानगो, अजय कुमार, अहमद फ़राज़, देबजानी, श्वेता नाडकर्णी, शिल्पा मेहता, शोना मल्होत्रा, आदित्य कोठाकोटा, शिल्पा विक्की आहूजा और कुतुबी




ब्रदर्स, समीर राहत जैसी मशहूर हस्तियां शामिल हैं। इसके साथ ही दक्षिण अफ़्रीका, रूस, स्पेन, श्रीलंका, सिंगापुर, लैटिन अमरीका एवं फ्रांस से भी नामी कहानीकार आ रहे हैं और यह अंतरराष्ट्रीय कहानीकार उदयपुर टेल्स की शान बनेंगे। उदयपुर टेल्स, लोगों को संस्कृतियों से जोड़ने के लिए कहानियों की बेमिसाल ताकत को प्रदर्शित करता है। इस वर्ष, उत्सव में एक अनूठी थीम भी पेश की गई है- स्टोरीज ऑफ फूड। फेस्टिवल में आने वाले सभी मेहमान विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति और विरासत को जानने-समझने के साथ ही वहां के व्यंजनों का भी आनंद ले सकेंगे। जिसमे कहानी और व्यंजन का मिश्रण है। राजस्थान- कहानियों का वैश्विक मंच उदयपुर के ऐतिहासिक महलों और झिलमिलाती झीलों की पृष्ठभूमि में आयोजित उदयपुर टेल्स, सिर्फ श्रोताओं और दर्शकों का मनोरंजन करने तक ही सीमित नहीं है, यह उदयपुर को किस्सागोई के ग्लोबल हब के रूप में स्थापित करने के बारे में है।

### सवाई माधोपुर के राधास्वामी फिजीयोथेरेपी सेंटर पर कई मरीजों को मिला लाभ

# फिजियोथेरेपी के उपचार से अब तक 40 हजार से अधिक मरीजो का किया सफल उपचार

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पिछले 12 वर्षो से सवाई माधोपुर के राधा स्वामी फिजियोथैरेपी सेंटर ने अपने अत्यधिक उपचार और विशेषज्ञ सेवाओं के माध्यम से न केवल राजस्थान बल्कि अन्य राज्यों से भी मरीज का विश्वास जीता है। फिजियोथेरेपी के संचालक डॉ. गणपत लाल वर्मा ने अपने ज्ञान और अनुभव के बल पर अब तक 40.000 से अधिक मरीजों का सफल उपचार किया है। डॉ गणपत लाल वर्मा ने बताया कि राधा स्वामी फिजियोथैरेपी सेंटर में मरीजों को निम्नलिखित प्रकार के उपचार उपलब्ध कराए जाते हैं जिनमें ( 1 )ऑर्थोपेडिक फिजियोथैरेपी जिसमे, गर्दन, कमर,घुटनों का दर्द , कंधे की जकड़न,कोहनी की समस्याएं, एड़ी का दर्द , सर्जरी के बाद कि समस्या,खेल में आई चोट का इलाज ( 2 ) न्यूरोलॉजीक फिजियोथैरेपी जिसमे लकवा( पेलाईसिस), स्ट्रोक और हेड इंजरी के बाद कि रिकवरी,पार्किसन ओर सियाटिका , स्पाइनल कॉर्ड की समस्या ( 3 ) पीडियाट्रिक फिजियोथैरेपी जिसमे



बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में सहायता, सेरेब्रल पाल्सी का उपचार, जन्मजात विकृतियों का समाधान ( 4 ) स्पोर्ट्स इंजरी उपचार जिसमें खेल से जुड़ी छोटों का तेजी से उपचार, मांसपेशियों को मजबूत और सक्रिय बनाने के विशेष उपाय से किए जाते है।इसी के साथ दो वर्मा और उनकी टीम मरीजों के लिए आवासीय सुविधा भी प्रदान करते हैं ताकि चलने फिरने में असमर्थ मरीजों का समुचित उपचार संभव हो सके। डॉ गणपत लाल वर्मा ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर अन्य को बार सम्मान अर्जित किए हैं।

### भीलवाड़ा जिले में अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई जारी

## पिछले दो दिनों में 14 प्रकरण दर्ज, कुल 14 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में भीलवाड़ा जिले में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 27 और 28 नवंबर को 14 प्रकरण दर्ज किए गए और 14 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं। गुलाबपुरा क्षेत्र में 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध रूप से खनिज बजरी का परिवहन करते हुए पकड़ी गईं और उन्हें थाने में खड़ा कराया गया। बड़लियास क्षेत्र में 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध खनिज बजरी के परिवहन में जब्त की गईं। मांडलगढ़, हमीरगढ़ और शंभूगढ़ क्षेत्र में भी एक-एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनिज बजरी के परिवहन में जब्त की गई। खनि अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान के तहत नियमित चैकिंग की जा रही है और कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत अब तक परिवहन विभाग सहित कुल 90 प्रकरण दर्ज किए गए हैं और 8 बड़ी मशीनें एवं 50 अन्य वाहन जब्त किए गए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग मिलकर अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### सहायक आचार्य- अंग्रेजी (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती -2023

## 9 से 24 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा साक्षात्कार का प्रथम चरण

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत अंग्रेजी विषय के 153 पदों हेतु प्रथम चरण के साक्षात्कार का आयोजन 9 से 24 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

## मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में गुरूवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। जिले के प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनवाड़ी केन्द्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। साथ ही टीकाकरण सत्रों की प्रभावी मॉनिटरिंग की गई। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं के साथ बच्चों को टीकाकृत किया गया।

## महात्मा फुले का जीवन सतत प्रेरणादायी : जूली

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** सामाजिक न्याय एवं स्त्री शिक्षा के प्रणेता महात्मा फुले की पुण्यतिथि पर राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आज अलवर में महात्मा ज्योतिबा फुले दर्शन संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने महात्मा फुले को महान् स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक क्रांति का पुरोधा बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले नैतिक साहस और सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक थे।उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने समाज के दलित, पिछड़े वर्ग और शोषित किसानों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। महात्मा फुले के जीवन मूल्यों से महात्मा गांधी और बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने भी सदा प्रेरणा ली। टीकाराम जूली ने कहा कि वर्तमान युग में युवा पीढ़ी को महात्मा फुले के विचारों और संकल्पों से सतत प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

# राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्स्वेस्टमेंट समिट का आयोजन

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्स्वेस्टमेंट समिट का आयोजन शुक्रवार को कृषि ऑडिटोरियम बमोर गेट टोंक में आयोजित किया जावेगा। समिट की कि जा रही तैयारियों को लेकर जिला उद्योग केन्द्र के प्रबन्धक कुलदीप बड़सर द्वारा आयोजित पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्स्वेस्टमेंट समिट का राज्य स्तरीय आयोजन 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में किया




जावेगा। इसी क्रम में 29 दिसम्बर को टोंक में उद्योग एवं वाणिज्य विभााग तथा रीको के संयुक्त तत्वाधान में समिट का आयोजन किया जावेगा। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि 28 नवम्बर तक 82 उद्योगिक इकाईयों के साथ एमओयू किये गये है, जिसमें 2 हजार 525.63 करोड़ के एमओयू प्रस्तावित है, जिनसे टोंक जिले में लगभग 7 हजार बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। यह आयोजन टोंक जिले में उद्योगिक एवं आर्थिक विकास को नई ऊंचाईयो पर ले जायेगा, प्राप्त निवेश न केवल जिले की उद्योगिक पहचान को सशक्त करेगें, बल्कि रोजगार अनेक अवसर पर सृजित करेगें। इस मौके पर रीजनल मैनेजर सीताराम मीणा एवं सूचना सहायक असद नूर मौजूद रहे। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के मुख्य अतिथि ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर होगें, साथ ही जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान जिले के विधायकगण, जिला प्रमुख, जिला प्रभारी सचिव अर्चना सिंह, औद्योगिक संघों के पदाधिकारी, स्थानीय निवेशक, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सहित उद्योग से जुड़े गणमान्यजन उपस्थित होंगे। इस दौरान स्लेट स्टोन टाइल की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## अमेज़न डॉट इन के 'विंटर वेलनेस स्टोर' के साथ इस सर्दी के मौसम में रहिए सेहतमंद

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अमेज़न डॉट इन ने ग्राहकों के लिए खासतौर पर विंटर वेलनेस स्टोर पेश किया है। डाबर द्वारा प्रायोजित यह स्टोर आने वाले सर्दी के महीनों की तैयारी करने के लिए ग्राहकों की मदद करेगा। ग्राहक कम कीमत पर विंटर केयर से जुड़े जरूरी प्रोडक्ट के विशाल संग्रह में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। यहां उपलब्ध कराए गए सभी प्रोडक्ट अमेजन की तेज़ और विश्वसनीय डिलीवरी के साथ ग्राहकों के घर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। विंटर वेलनेस स्टोर में इंटरनेशनल और भारतीय दोनों प्रकार के ब्रांडों के किराना, बेबी आइटम, पेट केयर, हेल्थ एवं पर्सनल केयर प्रोडक्ट जैसी कैटेगरी के प्रोडक्ट की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। इस स्टोर के प्रायोजक डाबर के साथ, ग्राहक कपिवा, कोफोल, क्विक, बैद्यनाथ असली आयुर्वेद, हॉर्लिक्स और केरल आयुर्वेद सहित टॉप ब्रांडों के विंटर केयर से जुड़े ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। यहां उपलब्ध ऑफर्स में चुनिंदा विंटर हेल्थ केयर और किराने के सामान पर 45त्न तक की छूट दी जा रही है।

### शहीद की पत्नी ससुरालवालों के खिलाफ थाने पहुंची

# बोलीं- गाड़ी से कुचलवाने की कोशिश की जिस देवर की नौकरी के लिए धरना दिया, उसने करोड़ों हड़पे

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पुलवामा हमले में शहीद हुए रोहिताश लांबा की वीरांगना मंजू लांबा ने देवर और सास-ससुर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। वीरांगना का आरोप है कि पति के शहीद होने पर जिस देवर के लिए सरकारी नौकरी के लिए धरने पर बैठी, उसने ही धोखा देकर करोड़ों रुपए हड़प लिए। जान से मारने के लिए ससुरालवालों ने मानसिक-शारीरिक रूप से टॉर्चर किया। हरमाड़ा पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया की लोहामंडी रोड माचडा निवासी मंजू लांबा (28) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया- 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में पति रोहिताश लांबा शहीद हो गए थे। पति के शहीद होने के बाद 2 महीने के बेटे के साथ अकेली रह गई। बेटा अब 5 साल का हो चुका है। पति के शहीद होने पर सीआरपीएफ, राज्य-केंद्र सरकार और अन्य ट्रस्ट-फाउंडेशन से बैंक अकाउंट्स में 5 करोड़ रुपए जमा करवाए गए थे। वीरांगना मंजू का आरोप है कि सास घीसी देवी, ससुर बाबूलाल और देवर जितेंद्र लांबा ने उनके साथ विश्वासघात किया। साल-2019 से 2022 तक बैंक अकाउंट से खाली चेकों पर साइन करवाकर पूरे रुपए निकाल लिए। बैंक अकाउंट में भी उसका मोबाइल नंबर हटवाकर देवर जितेंद्र लांबा ने अपना मोबाइल नंबर ऐड करवा दिया। इसके कारण बैंक अकाउंट में हो रहे रुपए ट्रांसफर का मैसेज नहीं आया। बिना मेरी सहमति के बैंक अकाउंट में नॉमिनी बेटे का नाम हटाकर देवर ने खुद का नाम लिखवा लिया। अप्रैल-2022 में उसे रामपुरा डाबरी में 505 वर्गगज का प्लॉट दिलाया। रजिस्ट्री करवाते समय धोखे से आधा प्लॉट देवर जितेंद्र ने अपने नाम करवा लिया। इस बारे में पता चलने पर विरोध किया। ससुरालवालों ने शारीरिक और मानसिक टॉर्चर करना शुरू कर दिया। आरोप है कि देवर जितेंद्र लांबा ने मारने के उद्देश्य से 5 जुलाई 2024 को परिचित से कहकर गाड़ी से टक्कर मरवाई। हॉस्पिटल से छुट्टी मिलने पर घर पहुंची। अलमारी में रखे गहने-डॉक्युमेंट नहीं मिले। जून-2024 में आमेर में अलग रहने लगी। सितंबर-2024 में ससुरालवालों के जानलेवा हमला करने पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पीड़ित वीरांगना का आरोप है कि पुलवामा हमले में पति के शहीद होने पर पिछले साल सचिन पायलट के बंगले के बाहर देवर जितेंद्र लांबा की सरकारी जॉब के लिए धरना दिया था। उसी देवर ने विश्वासघात कर धोखे से उसके बैंक अकाउंट से सारे रुपए निकाल लिए। बता दें कि मंजू समेत तीन वीरांगना मार्च 2023 में सचिन पायलट के घर के बाहर धरने पर बैठी थीं। तीनों ने मुंह में घास (दूब) लेकर अनूठे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया था। सीएम हाउस की तरफ जाने की कोशिश की थी। वीरांगनाओं के साथ तत्कालीन राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा भी कूच में शामिल थे। इसमें मंजू की मांग थी कि उसके देवर को सरकारी नौकरी दी जाए। (हरमाड़ा) उदयभान ने बताया की पीड़िता मंजू लांबा की शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उन्होंने अपने सुसरालवालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच की जा रही है।

# राजस्व प्रकरणों में हो समुचित कार्यवाही, समयबद्ध हो निस्तारण : सुराणा



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिला परिषद सभागार में राजस्व प्रकरणों को लेकर राजस्व अधिकारियों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। सुराणा ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में समुचित कार्यवाही करें तथा समयबद्ध ढंग से प्रकरणों का निस्तारण करें। एसडीएम एवं तहसीलदार साप्ताहिक शेड्यूल तैयार करते हुए नियमित रूप से कोर्ट में बैठे तथा कोर्ट के प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की अनावश्यक पेंडेंसी न रहे। उन्होंने कहा कि अपने कार्य अनुभव व दक्षता का लाभ उठाते हुए प्रकरणों के निस्तारण की गति को तेज करें। इसके लिए बेहतरीन टीम का प्रबंधन करें तथा राजस्व प्रकरणों के लिए तहसीलदार, पटवारी सहित राजस्व टीम के साथ समुचित समायोजन करते हुए निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों आदि से आबादी विस्तार के प्रस्ताव मंगवाकर भिजवाएं। राजस्व अधिकारी विभिन्न मामलों में अपने विवेक से निर्णय लें तथा अवैध कब्जे व अतिक्रमण आदि हटाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सभी उपखंडों में विमुक्त व घूमंतू जनजातियों के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। प्रयास करें कि इन शिविरों में जनजाति के लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके। आबादी में विस्तार के प्रस्ताव भेजकर उनको लाभान्वित करने के लिए प्रयास किए जाएं। सुराणा ने कहा कि राजस्व अधिकारी लोकायुक्त, जनसुनवाई, संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का डिस्पोजल टाइम कम करते हुए संतुष्टि स्तर को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को प्रयास करते हुए प्राथमिक स्तर पर नियंत्रित करें। इसी के साथ बिना कन्वर्जन करवाए अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों की जांच करें तथा आवश्यक कार्यवाही करें। कन्वर्जन से संबंधित प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण किया जाए। सुराणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंजीयन में दिए गए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाएं तथा पंजीयन को बढ़ाया जाए। इसी के साथ सीएमओ, सीएस कार्यालय, आयोग आदि से प्राप्त होने वाले प्रकरणों की समुचित कार्यवाही करें। उन्होंने कन्वर्जन, नामांतकरण सहित राजस्व मामलों को लेकर चर्चा करते हुए समुचित निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलवार पीएलपीसी में दर्ज प्रकरणों के बारे में अधिकारियों से चर्चा करते हुए परिवादियों से उनकी प्रकरणों की जानकारी ली तथा निस्तारित प्रकरणों को ड्रॉप किया। एडीएम अर्पिता सोनी ने सभी अधिकारियों को सभी दिशा-निर्देशों की समुचित पालना कर प्रकरणों में प्रगति रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के प्रकरणों में ओआईसी नियुक्त नहीं होने के प्रकरणों में ओआईसी नियुक्त किया जाए एवं समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### नीरेश्वर महादेव और मां दुर्गा की इस्लामपुर में हुई स्थापना

## मातृ - पितृ देवो भव शिवालय में शिव परिवार और मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

**झुंझुनू (हुक्मनामा समाचार)।** झुंझुनू जिले के इस्लामपुर कस्बे के वार्ड नंबर चार, सांखला कॉलोनी सागर सेठ की हवेली के पास मातृ पितृ देवो शिवालय में शिव परिवार एवं मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा हेतु तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य रवि शंकर शर्मा झुंझुनू के सानिध्य में शैलेश शास्त्री, ऋषि शर्मा, विजय शर्मा, आचार्य मनीष शर्मा एवं रामावतार शर्मा के द्वारा पूर्ण करवाया गया। जिसमें प्रथम दिवस पूजा जप और द्वितीय दिवस पर अनाज आदि वास से स्नान, पंचामृत एवं पुष्पआदि वास, फल आदि वास इत्यादि उपरांत रात्रि कालीन शयन आदि वास हुआ। वही तृतीय दिवस पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ डीजे पर कलश यात्रा करते हुए नगर भ्रमण करवाया गया और उसके उपरांत शुभ मुहूर्त पर शिव परिवार एवं मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। इसके बाद यज्ञ कार्य संपन्न किया गया और शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजन किया गया। संपूर्ण कार्य विधि विधान एवं शास्त्रों अनुसार आचार्य रविशंकर शर्मा की टीम ने यजमान नीरज कुमार सैनी के द्वारा संपन्न करवाया। वही आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सरला देवी सैनी के आशीर्वाद से उनके सुपुत्रों द्वारा अपने माता-पिता सरला देवी सैनी - स्वर्गीय नत्थूराम सैनी सांखला एवं पितृशक्ति को समर्पित करते हुए मातृ पितृ देवो भव शिवालय एवं मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना करवाई गई है। इस संपूर्ण कार्यक्रम में वार्ड नंबर 4 के निवासी गणों के साथ कस्बे के धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं का बड़ा योगदान रहा। तीनो दिवस में रात्रि कालीन भजन गंगा का आयोजन भी किया गया। इस पूरे कार्यक्रम की विशेषता यह रही की इस कार्य के लिए किसी को भी निमंत्रण नहीं दिया गया स्वयं प्रेरणा से श्रद्धालुओं ने आकर इसमें पूर्ण सहयोग दिया।

## एक नजर

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 134 वीं पुण्यतिथि मनाई



**पावटा (हुक्मनामा समाचार)।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र के ललाना मोड़ स्थित गणेश ट्रांसपोर्ट कंपनी कार्यालय में गुरूवार को माली-सैनी महासभा पंचायत संस्थान द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की 134 वीं पुण्यतिथि भगतजी प्रहलाद सहाय सैनी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में सैनी समाज के लोगों व आमजन ने महात्मा ज्योतिबा फुले के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रहलाद सहाय सैनी ने महात्मा फूले की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को मिटाने व बालिका शिक्षा को बढ़ाने पर जोर दिया। वे एक समाज सुधारक थे जिन्होंने समाज को शिक्षा का महत्व बताया। संस्था संरक्षक एवं विधि सलाहकार सीए कृष्ण सैनी व सीए अशोक सैनी, जिलामंत्री मोहन लाल सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता अजय सैनी आदी ने बताया की ज्योतिबा को 19वीं सदी का महान समाज सुधारक माना जाता है जिन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेको कुरूतीयों को दूर करने के लिए सतत संघर्ष कर अछूत, नारी/शिक्षा, विधवा/विवाह ओर किसान के हित के लिए बहुत उल्लेखनीय कार्य किये। इस मौके पर तहसील उपाध्यक्ष गणेश सैनी, सोनाराम सैनी, रिंकू सैनी, धर्मपाल सैनी, सीताराम सिंघल, लोकेश सैनी, सुरेश सैनी, मोनू सैनी, बंसीलाल सैनी, मूलचंद सैनी समेत अन्य मौजुद रहें।

## मारपीट करने एवं गाड़ी तोड़ने के आरोप में दो आरोपी गिरफतार



**सुजानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट व गाड़ी तोड़ने के आरोप में दो जनों को गिर3तार किया है। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद जाखड़ ने बताया कि होली धोरा निवासी शाहिद खान ने गत ८ अ1टूबर को असलम खान पुत्र सवाई खां एवं असलम पुत्र खाजू खान ने आफताब खान, न्याज खान के खिलाफ ७ अ1टूबर की रात को जान से मारने की नियत से मारपीट करने एवं गले में पहनी सोने की चैन छीनने के आरोप का मामला दर्ज करवाया। इसी प्रकार आदिल खान ने भी इन्ही आरोपियों के खिलाफ गाड़ी तोड़ने के आरोप का मामला दर्ज करवाया था। जिस पर पुलिस ने असलम पुत्र खाजु खान एवं रज्जाक खान पुत्र उजीर खान निवासी गण होली धोरा सुजानगढ़ को गिर3तार किया है। असलम पुत्र खाजू खान के खिलाफ मारपीट के नौ मामले पहले से दर्ज हैं। हैड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद जाखड़ ने बताया कि प्रकरण शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## देर शाम एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैली



**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय राजकीय जिला अस्पताल में आज गुरुवार की देर सायं एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई तथा मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंचकर शव की शिनाख्त कर उसे अस्पताल परिसर में स्थित मोर्चरी में रखवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के गेट संख्या दो के आगे एक व्यक्ति आज गुरूवार को सुबह से ही बैठा था। देर शाम जब लोगों ने उसे संभाला तो वह मृत मिला। लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस व जिला अस्पताल प्रशासन को दी। सूचना पर हैड कांस्टेबल रोशनलाल मौके पर पहुंचे तथा शव की शिनाख्त उसके जेब में रखे कागज के टुकड़े में परिजनों के लिखे मोबाइल नम्बर से हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक तहसील के ग्राम मेलुसर का 50 वर्षीय ख्यालीराम पुत्र कुरड़ाराम माहिच है, जो आज सुबह से अस्पताल में बैठा था, जिसकी शाम को मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय 50 वीं जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता लेकर हुई बैठक आयोजित



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** सर्किल पर सीकर होटल में गुरूवार को राज्य स्तरीय 50वीं जूनियर बालक बालिका कबड्डी प्रतियोगिता दिसंबर में होने वाले आयोजन को लेकर जिला कबड्डी संघ की बैठक की अध्यक्षता मंगल सिंह मंडोता की। मंगल सिंह मंडोता ने अपने अध्यय भाषण में कहा की एकता व सद्भाव की भावना का प्रतीक है कबड्डी प्रतियोगिता। कबड्डी एक देशी खेल है जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत लाभकारी है। खेलों से राष्ट्रीय एकता, सद्भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे की भावना भी प्रबल होती है। स्पर्धा में प्रतिभागिता सबसे जरूरी है हार और जीत उसी की होती है, जो प्रतिभागिता दर्ज कराता है। सचिव जगदीश फौजी ने कहा कि खेल जहां एक ओर शरीर को हृष्ट-पुष्ट, निरोग तथा बलवान बनाता है। खेलों से आपसी भाईचारे, विश्वास, प्रेम, सौहार्द, आज्ञाकारिता तथा अनुशासन का भाव विकसित होता है। खेल के मैदान में ही हम हार-जीत का सबक लेकर स्वस्थ मानसिकता का विकास कर सकते हैं। खेलों से मनुष्य में उचित निर्णय क्षमता का विकास होता है। ये मनोरंजन और व्यायाम का उत्तम मिश्रण है, शिक्षा के साथ खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सहयोगी होता है। बैठक में प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर प्रत्येक बिंदु पर विचार करते हुए आयोजन, आवास, भोजन, परिवहन, खेल ग्राउंड, व्यवस्था, समन्वय एवं प्रबंधन जैसी कई कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर विजेंद्र पचार भैरूपुरा को सर्वसम्मति से प्रतियोगिता का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में विस्तृत जानकारी और महत्वपूर्ण सुझावों के सांझा कने के लिए 1 दिसंबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन करने का निर्णय भी लिया गया।

# बिरला स्कूल में 11वां पूर्व-छात्र मिलन समारोह भव्यता के साथ आयोजित हुआ



**पिलानी (हुक्मनामा समाचार)।** बिरला स्कूल पिलानी में 11वें पूर्व-छात्र मिलन समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से हुआ, जिसमें वर्ष 1999 बैच के करीब 300 पूर्व छात्र एकत्र हुए और अपने पुराने दिनों को याद किया अजय शर्मा एवं मनोज खेतान पूर्व छात्र 1999 बैच बिरला स्कूल पिलानी जो इस कार्यक्रम के संयोजक थे उन्होंने बताया कि सभी ने छात्रावास परिसर में बिताए गए अनमोल पल, पुराने दोस्तों के साथ बिताए गए क्षण और छात्र जीवन की छोटी-बड़ी यादें सभी ने मिलकर ताजा कीं। छात्रावास के भोजनालय में बैठकर उन्होंने अपनी पुराने पसंदीदा भोजन का स्वाद लिया और समय के साथ बदलते हुए स्कूल के माहौल को भी महसूस किया। समारोह के दौरान एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों ने अपनी युवा जोश और ऊर्जा का अद्भुत प्रदर्शन किया तथा वर्तमान समय के छात्रों ने भी उनके स्वागत में नृत्य, कविता, संगीत में गायन - वादन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र सुनीत मुखर्जी ने किया यह आयोजन एक बार फिर साबित करता है कि बिरला स्कूल पिलानी के छात्र जीवन का जोश और उत्साह हमेशा बनाए रखते हैं। पूर्व छात्रों ने अपने प्रिय शिक्षकों को सम्मानित किया, उन्हें स्मृति चिह्न और शॉल भेंट कर आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय इस आयोजन के दौरान, पूर्व छात्रों ने कक्षा 12 के छात्रों से संवाद किया और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि जब वह छात्र थे, तो रेडियो पर गाने सुने जाते थे, लेकिन अब मोबाइल पर सब कुछ उपलब्ध है। उन्होंने छात्रों को यह संदेश दिया कि आज जो भी वे हैं, उसमें उनके विद्यालय जीवन का महत्वपूर्ण योगदान है। उनका सुझाव था कि छात्रों को शिक्षकगण के मार्गदर्शन का पालन करते हुए एक मजबूत करियर की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। पूर्व छात्रों ने यह भी बताया कि उनके समय में रोजगार के विकल्प कम थे, लेकिन अब के छात्रों के पास अधिक अवसर हैं। इसलिए, उन्हें सोच-समझकर अपने करियर का चयन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अनुशासन ही सफलता का मूल मंत्र है, और इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य धीरेंद्र सिंह जी हैडमास्टर एस पी आनंद बरसर अनिल अवस्थी ने पूर्व छात्रों का स्वागत किया और उनके प्रेरणादायक संदेशों से विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह पूर्व छात्र, बिरला स्कूल पिलानी की गौरवमयी परंपरा के प्रतीक हैं, जो देश भर में इस विद्यालय की कीर्ति को फैलाने का कार्य कर रहे हैं।

### सांसद मदन राठौड़ ने भूजल सरंक्षण की दिशा में किए जा कार्यों को लेकर लगाए गए सवाल का जलशक्ति राज्य मंत्री ने दिया जवाब

# देशभर में तेजी से गिरते भूजल स्तर को बढ़ाने और जल सरंक्षण की दिशा में मोदी सरकार ने किए ऐतिहासिक कार्य : मदन राठौड़



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि राजस्थान सहित देशभर में तेजी से भूजल स्तर गिरता जा रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण और भूजल स्तर को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय कार्य करते हुए राजस्थान में 4 लाख 80 हजार तो देशभर में 98 लाख जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन सरंचनाओं को निर्माण करवाया है। इतना ही नहीं, मोदी सरकार द्वारा राजस्थान सहित देश के 7 राज्यों के जल की कमी वाले 80 जिलों में भूजल प्रबंधन के लिए समुदाय आधारित योजनाओं तक को शुरू करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा देशभर में तेजी से गिरते भूजल स्तर के विषय पर लगाए गए सवाल के जवाब में जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने ये जानकारी दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से 2019 से देशभर में जल शक्ति अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत देश भर में वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण, कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाएं तैयार करने जैसी विभिन्न गतिविधियों को चलाया जा रहा है। जल शक्ति अभियान 2024 के तहत राजस्थान के जल कमी वाले 10 जिलों सहित देशभर के 151 जिलों में विशेष रूप से जल सरंक्षण के लिए कार्य किए जा रहे है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण संबंधी मास्टर प्लान 2020 को राजस्थान सहित देशभर के लिए लागू किया गया। इसमें देशभर में 185 बिलियन घन मीटर जल के लिए 1.42 करोड़ वर्षा जल संचयन और कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण की व्यापक रूपरेखा तैयार की गई है। वहीं केंद्रीय भूमि जल बोर्ड की ओर से राजस्थान के जोधपुर, जैसलमेर और सीकर सहित राजस्थान के चयनित जल कमी वाले जिलों में बांध, चेक बांध, एनीकट और तालाबों का पुनर्भरण और निर्माण करवाया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से मिशन अमृत सरोवर अभियान के तहत राजस्थान सहित देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 जल निकायों का विकास और पुनरूद्धार किया जा रहा है। इस योजना के तहत देशभर में करीबन 69 हजार से अधिक अमृत सरोवर का निर्माण या पुनरूद्धार किया जा चुका है।

## जलदाय विभाग की टीम ने हटाए अवैध कनेक्शन



**बीदासर (हुक्मनामा समाचार)।** जलदाय विभाग की ओर से अवैध कनेक्शन कर पानी की चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ गुरुवार को कार्रवाई की गई तथा कनेक्शन हटाए गए। जलदाय विभाग जेईएन रविन पूनिया ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से दिए गए निर्देश के तहत टीम का गठन कर अवैध कनेक्शनों की जांच की गई तथा गुरुवार को टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन अवैध कनेक्शन हटाए। इसके अलावा बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए। इस दौरान करीब 25 हजार रुपये की राशि रिकवर की गई। जेईएन ने कहा कि अवैध कनेक्शनधारी अपना पेयजल कनेक्शन स्वयं हटा ले। विभागीय टीम की ओर से कार्रवाई किए जाने पर नियमानुसार जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान फिटर राकेश बावरी, राजूराम, सुमित गाडगिल, हुकमसिंह, गिरधारीलाल नायक, प्रताप सिंह, मनोज गुर्जर, कालूराम सिहाग साथ रहे।

# सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान को ग्राम चेतना केन्द्र ने दिया समर्थन

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** भारत सरकार की ओर से नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दौसा ने ग्राम चेतना केन्द्र के सहयोग से किया रैलियों व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन व जागरुकता रथ रवाना। कार्यक्रम में मौजूद सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दौसा बृजेश कुमार शर्मा ने दौसा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का दिलाया संकल्प ग्राम चेतना केन्द्र बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का सहयोगी संगठन है। भारत सरकार के नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के उद्घाटन के मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दौसा ने दौसा में बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे गैरसरकारी संगठन ग्राम चेतना केन्द्र दौसा के साथ मिलकर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी सदस्य है।इस मौके पर इम्पल्स कॉलेज सभागार दौसा में हुए समारोह में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गमान बृजेश कुमार शर्मा ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। जिले में जगह-जगह हुए कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) के अलावा बाल विवाह पीड़िताओं ने भी भागीदारी की और बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। यह कार्यक्रम देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान के समर्थन में किया गया, जिसका उद्घाटन 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। दौरान उन्होंने पंचायतों और स्कूलों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही शपथ लेने वालों की संख्या 25 करोड़ तक पहुंच जाएगी। इस मौके पर बाल विवाहों की सूचना व शिकायत के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल भी शुरू किया गया। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दौसा बृजेश कुमार शर्मा ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है जो हमारे समाज को प्रभावित कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान करने के लिए हमें एक साथ मिलकर काम करना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाएं और इस समस्या को समाप्त करने में मदद करें।इस राष्ट्रव्यापी अभियान और जमीन पर इसके असर की चर्चा करते हुए ग्राम चेतना केन्द्र के सचिव गमान ओमप्रकाश शर्मा ने कहा, गप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया अभियान इस बात का सबूत है कि सरकार इस सामाजिक बुराई की गंभीरता से अवगत है। आज भी देश में 23 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियों का बाल विवाह होता है जो न सिर्फ जीवनसाथी चुनने के उनके अधिकार का हनन है बल्कि इससे लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ रोजगार और आर्थिक निर्भरता की उनकी संभावनाओं पर भी बेहद बुरा असर होता है। सरकार की योजना इस अभियान में सभी हितधारकों को साथ लेकर चलने की है और 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का सहयोगी संगठन होने के नाते हम इसमें पूरी तरह साथ हैं। वर्षों से बाल विवाह के खिलाफ काम करने के नाते हम भली भांति जानते हैं कि समग्र और समन्वित प्रयासों के बिना यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती। लेकिन अब हमें विश्वास है कि सरकार और नागरिक समाज के साझा प्रयासों से भारत 2030 से पहले ही बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल कर सकता है। संस्था निदेशक गोपाल शर्मा ने कहा की सरकार का ये अभियान एक बहुत शानदार पहल है, प्रोग्राम मेनेजर इकराम बिसायती ने अभियान के दौरान किये जाने गतिविधियों को विस्तार से बताया की संस्था द्वारा दौसा ब्लॉक के 50 गाँवों मे शाम के समय गाव मे महिलाओ के नेतृत्व मे कैंडल रैली निकालकर बाल विवाह के खिलाफ जागरुक किया गया।




# त्रिपाठी व सिखवाल का सेवा फाउंडेशन ने किया सम्मान



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय आनंद नगर निवासी वरिष्ठ एडवोकेट एस एन सिखवाल के निवास पर सादिक सेवा फाउंडेशन की ओर से परिवार के सभी सदस्यों के अधिवक्ता बनने पर अधिवक्ता परिवार को बधाई देने के लिए जन्मदिन पर नोटरी पब्लिक मुकेश कुमार सिखवाल व पुत्रवधू तृप्ति त्रिपाठी सीकर जिला अध्यक्ष सी सी आई सचिव जिला उपभोक्ता जागरण समिति वस्तुओं और सेवाओं के उपभोक्ता को उसके अधिकारों के बारे में जागरूक पत्रिका संपादक उपभोक्ता प्रहरी में लम्बे समय से एक कार्यकर्ता के रूप में अपनी जिमेदारी को बखूबी निभने के साथ समाजिक सरोकारों में महती भूमिका अदा करने के साथ कभी चूल्हे-चौके तक सीमित रहने वाली जिले की महिला अब एडवोकेट विधि परीक्षा के परिणाम में सफलतापूर्वक सफलता अर्जित करने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर फाउंडेशन के पदाधिकारी ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दांपत्य परिवार को बधाई देते हुए दिल की गहराइयों से हरदिल अजीज समाजिक कार्यकर्ता समाज सेवा में समर्पित को शुभकामनाएं दीं। एडवोकेट के फाइनल रिजल्ट में सफलता प्राप्त करना एक अद्भुत उपलब्धि है! अधिवक्ता बनने के लिए आपकी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प को सलाम !आपकी इस उपलब्धि पर गर्व होना स्वाभाविक है! आपके परिवार, मित्र और शुभचिंतकों के लिए यह एक गर्व का क्षण होगा।अब आप कानून के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और लोगों की सेवा करेंगे। आपके भविष्य के लिए शुभकामनाएं! एक महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी भरा पद है, जिसमें आप लोगों की कानूनी और वित्तीय जरूरतों में मदद करेंगे।आपकी मेहनत और समर्पण को सलाम! यह पद प्राप्त करने के लिए आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण की आवश्यकता होती है। आपके भविष्य के लिए शुभकामनाएं !अब वहां जाएं और महान कार्य करें! हमें आपकी यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व है और हम आपको पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस मौके पर एडवोकेट एस एन सिखवाल अध्यक्ष जिला उपभोक्ता जागरण समिति एडवोकेट मुकेश सिखवाल विधिक सलाहकार राजकुमार शर्मा तृप्ति त्रिपाठी सचिव एडवोकेट अर्चना सरोज शर्मा त्रिजल चार्वी संदीप सिंह शेखावत मोजूद रहे।

## न्यूज विंडो

### यूआईटी ने योजना संख्या 13 के तहत 17 करोड रूपये के कार्यादेश किये जारी

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर विकास न्यास द्वारा योजना संख्या 13 की मुख्य एवं योजना क्षेत्र की सडकों को बनाने के लिए लगभग 17 करोड रूपए का कार्यादेश जारी कर दिया गया है। नगर विकास न्यास के सचिव गषभ मंडल ने बताया कि योजना संख्या 13 के शीघ्र क्रियान्विति के लिए लगातार भूखण्डों का आवंटन एवं खातेदारों को भूमि के बदले भखण्ड दिये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि अब सडकों के बनने से जल्द ही योजना संख्या 13 के विकास कार्यों को गति मिलेगी एवं लम्बित योजना का विकास तेज गति से होगा।

### त्रैमासिक बैठक 2 को

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ० अमित यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बकाया पेंशन निस्तारण एवं समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 2 दिसम्बर को सांय 5 बजे कोषालय के मीटिंग हॉल में आयोजित की जायेगी। जिला पेंशन निस्तारण एवं समीक्षा समिति की सदस्य सचिव आशापाल मौर्य ने बताया कि बैठक में विभागवार बकाया पेंशन प्रकरणों के निस्तारण समीक्षा, अधिक संख्या में लम्बित पेंशन प्रकरणों की कार्यालयवार समीक्षाए पारिवारिकध्प्रोविजनल पेंशन प्रकरणों की समीक्षा पेंशन विभाग द्वारा आक्षेपित एवं विभाग में लम्बित प्रकरणों की समीक्षाए आईएफ़एमएस ३0 के तहत पेंशन निस्तारण में आ रही कठिनाईयों का निस्तारण सहित अन्य प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी।

### मिनी जंबूरी में शामिल होने के लिए रवाना हुआ जाजोदिया स्कूल का दल



**सुजानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** सरदारशहर में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय मिनी जंबूरी में शामिल होने के लिए राजकीय जाजोदिया उच्च माध्यमिक विद्यालय का दल रवाना हुआ है। प्रधानाचार्य कमलेश कुमार सिंघल ने बताया कि राजस्थान रा%य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मु2यालय, चूरू के तत्वावधान में २९ नवंबर से सरदारशहर स्थित एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में भारत स्काउट एवं गाइड के गठन के ७५ वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में जिला स्तरीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली मिनी जंबूरी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शामिल होने के लिए स्काउट मास्टर हरिकेश बाकोलिया के नेतृत्व में विद्यालय के स्काउट का दल गया है। स्काउट मास्टर हरिकेश बाकोलिया ने बताया कि मिनी जंबूरी में स्काउट गाइड की शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, आध्यात्मिक एवं भावनात्मक क्षमता का विकास करते हुए एक उतरदाई नागरिक के रूप में विकसित करने संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी। मिनी जंबूरी के दौरान बालक बालिकाओं को विश्व भ्रातृत्व, परस्पर प्रेम, सहयोग, टोली भाव, राष्ट्रीय भावात्मक एकता के अ5यास के अवसर उपल4ध करवाए जाएंगे।

# आयुक्त की दौसा वासियो को चेतावनी
# शहर में कचरा फैलाने पर अब होगी जुर्माने की कार्यवाही

**दोसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा नगर परिषद्‌ल के द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। उसके बावजूद भी दौसा नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। ऐसे में अब नगर परिषद के आयुक्त कमलेश कुमार मीणा के द्वारा नवाचार किया गया है। जिसमें दौसा नगर परिषद क्षेत्र के समस्त व्यापारी एसोसिएशनो के अध्यक्षों की नगर परिषद कार्यालय में मीटिंग बुलाई गई। मीटिंग में आयुक्त ने सभी व्यापारिक संगठन की अध्यक्षों के साथ दौसा नगर परिषद क्षेत्र के सफाई व्यवस्था के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इसमें बताया की सभी अपनी दुकानों, सब्जी मंडी ,फल मंडी, बाजार क्षेत्र, विवाह स्थलों आदि द्वारा कचरा कोइधर उधर ना फेंककर डस्टबिन में डालें और उसे कचरे को नगर परिषद की कचरा व्हीकल में ही डालें। दौसा शहर में दुकानदारों रेहवासियों, भावनो, विवाह स्थलों, आमजन व्यक्तियों द्वारा सड़क या रोड पर कचरा फैलाने वाले के विरुद्ध नियम अनुसार जुर्माना राशि वसूले जाने के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग में विभिन्न व्यापारी एसोसिएशनो के अध्यक्ष जिसमे बजरंग लाल शर्मा, राजू सैनी, पंकज अग्रवाल, विष्णु खंडेलवाल, पवन शर्मा, सूरज जायसवाल, नगर परिषद के आयुक्त कमलेश कुमार मीणा, अधिशासी अभियंता कैलाश मीणा, सफाई निरीक्षक राम प्रकाश मीणा ,एसबीएम अभियंता अशोक कुमार मीणा मौजूद रहे। उपस्थित सभी संगठन के अध्यक्षों ने आयुक्त नगर परिषद दौसा को विश्वास दिलाया कि दौसा शहर की सफाई व्यवस्था में उनका पूर्ण सहयोग किया जाएगा।



# एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट राष्ट्रीय स्तर पर कर रहा है विस्तार, शुरू किया बिलासपुर सेंटर

**बिलासपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नेशनल इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए ख्याति प्राप्त एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड भारत में विस्तार कर अपनी उपस्थिति और ज्यादा मजबूत कर रहा है। एलन ने हैदराबाद, वाराणसी और कानपुर के बाद अब बिलासपुर में स्टडी सेंटर शुरू किया है। अब छत्तीसगढ़ में रायपुर के बाद बिलासपुर में भी क्लासरूम स्टडी सेंटर होगा।




एलन का यह विस्तार जेईई व नीट की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की इरादों को मजबूती प्रदान करेगा। बिलासपुर में व्यापार विहार स्थित बालाजी एम्पोरियम के दूसरे फ्लोर पर स्टडी सेंटर की शुरुआत की गई। यहां पूजा के बाद एलन के वाइस प्रेसिडेंट तथा जेईई-डिवीजन हेड जीवन ज्योति अग्रवाल ने पोस्टर का विमोचन कर स्टडी सेंटर की शुरुआत की घोषणा की । वर्ष 2025 के सेशन के कोर्सेज में प्रवेश शुरू कर दिए गए हैं। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 15 दिसम्बर को होने वाले एलन शार्प एग्जाम में शामिल होकर प्रदर्शन के आधार पर 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति और कैश रिवार्ड प्राप्त कर सकते हैं। एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी के अनुसार यदि विद्यार्थी को उचित मार्गदर्शन और केयरिंग मिले तो हर विद्यार्थी अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। एलन की स्थापना इसी उद्देश्य के साथ की गई है। 36 वर्षों से एलन विद्यार्थियों की सफलता के लिए अपने संकल्प पर अडिग होकर कार्य कर रहा है। संस्कार से सफलता तक ही हमारा उद्देश्य है। हम नीट, जेईई, पीएनसीएफ, ओलम्पियाड के साथ बोर्ड क्लासेज के हर प्रतिभावान विद्यार्थी का भविष्य बनाने की इच्छा रखते हैं। भरोसेमंद कार्यशैली के चलते ही एलन ने लाखों अभिभावकों व विद्यार्थियों का विश्वास जीता है। बिलासपुर में भी इंजीनियरिंग, मेडिकल, ओलम्पियाड और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी नए जोश के साथ करवाई जाएगी।

## गर्म इनर वस्त्र पाकर बच्चों के खिले चेहरे



**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** भुसावर में संचालित सेठ गूजरमल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को कस्बे के कई विद्यालयों में नन्हे मुन्ने बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म वस्त्रो का वितरण किया गया। ट्रस्ट के सदस्य सतेंद्र सिंघल ने बताया कि कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, आर्य महिला विद्यापीठ, राजकीय जगन्नाथ पहाड़िया उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या गुरुकुल के करीब 151 विद्यार्थियों को गर्म वस्त्रो का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्ट के सदस्य चंद्र प्रकाश आर्य रहे जबकि अध्यक्षता अमृतलाल मित्तल ने की। विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र सिंघल, महेंद्र चौधरी एवं शुभम अग्रवाल रहे। छात्र-छात्राओं से सर्दी के मौसम में बचाव के लिए गर्म वस्त्रों को प्रतिदिन पहनने की अपील की। वस्त्र पाने के बाद बच्चों ने खुशी का इजहार किया।

## बंगलादेश में हिन्दू धार्मिक संत को गिरफ्तार किये जाने पर हिन्दू संगठनों ने जताया विरोध

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में हिन्दू संगठनों ने कडी प्रतिक्रिया दर्ज कराई है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों को लेकर बढते तनाव के बीच हिंदू समुदाय के एक प्रमुख और धार्मिक अल्पसंख्यक नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को गिरफ्तार कर लिया गया था। इस्कॉन मंदिर की तरफसे बताया गया कि चिन्मय प्रभु को ढाका खुफ्यिा पुलिस के अधिकारियों ने हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया। दरअसल, शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफवे लगातार आवाज उठा रहे थे। विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों का हनन हो रहा है। वहां के हिन्दू मंदिरों, मूर्तियों और पूजा स्थलों को तोडा जा रहा है और हिंदू परिवारों पर जानलेवा हमले किए जा रहे हैं।

## विहिप की बैठक 6 को

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व हिन्दू परिषद की बैठक आयोजित कर 06 दिसम्बर को होने वाली विभाग बैठक की तैयारियों के विषय में चर्चा की गई। 06 दिसम्बर को संघ कार्यालय संविदा भवन, जवाहर नगर में विभाग बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें जिला भरतपुर, धौलपुर एवं जिला डीग के विश्व हिन्दू परिषद के जिला कार्यकारिणी एवं प्रखण्ड के समस्त पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री सिद्धार्थ फौजदार ने बताया कि केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डा. सुरेन्द्र कुमार जैन का बैठक में पाथेय प्राप्त होगा। विभाग बैठक में प्रांतीय मंत्री राधेश्याम गौतम रहेंगे। विभाग बैठक के पश्चात् दोपहर 2 बजे पत्रकार वार्ता रहेगी तथा सांय 4 बजे प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर नरेश खण्डेलवाल प्रांत सेवाप्रमुख, श्यामसुन्दर गुप्ता जिला मंत्री, विनोद मडरपुर जिला सहमंत्री आदि उपस्थित रहे।

## कई फिडरों की विद्युत सप्लाई आज रहेगी प्रभावित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बीईएसएल के जनसम्पर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि 29 नवम्बर को 132 केवी जीएसएस में किए जाने वाले मेंटेनेंस कार्य हेतु सुबह 09:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33 केवी चम्बल फीडर, 11 केवी सेवर जेल फीडर, मलाह फीडर स्वर्णजयंती फीडर एवं चम्बल वाटर प्लांट तथा सुबह 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक 33 केवी फ ीडर, 11 केवी आईटीआई फीडर, गत्ता फीडर, एवं उद्योग नगर फ ीडर की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

# बाल पाठशाला में ज्योतिबा फुले का परिनिर्वाण दिवस मनाया

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विजयनगर कॉलोनी निकट हीरा दास स्थित संचालित जरूरतमंद बच्चों के लिए फाउंडर दिगंबर सिंह द्वारा नि:शुल्क बाल पाठशाला में ज्योतिबा फुले का महापरिनिर्वाण दिवस समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह के मुख्यातिथ्य में पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर दो मिनट का मौन धारण किया गया। मुख्य अतिथि ने पाठशाला के सभी सदस्यों, बच्चों एवं अभिभावक को संबोधित करते हुए बताया की इन्होने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। महिलाओं व पिछडे और अछूतो के उत्थान के लिय इन्होंने अनेक कार्य किए। समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समथर्क थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। ज्योतिराव फुले का मुख्य योगदान समाज के निचले तबके की लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला था। और महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा दिया। विजय सिंह कवि ने अध्यक्षता करते हुए बताया कि ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण सबकों में से एक शिक्षा का महत्व है। वे दोनों शिक्षा के लिए गहराई से प्रतिबद्ध थे और वंचित समुदायों को शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए लगातार काम करते थे। फाउंडर दिगंबर सिंह ने बताया कि महिलाओं व पिछडे और अछूतो के उत्थान के लिय इन्होंने अनेक कार्य किए। समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समथर्क थे। इनका मूल उद्देश्य स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करनाए बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन करना रहा है अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित कर सभी महिलाओं को शिक्षित करने का संकल्प लिया और मिलकर पहला स्कूल खोला। इस मौके पर संदीप सिंह, सौरभ कुमार, पूनम कुमारी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।




प्रारूप 10
नियम - 6(7)देखिए)

**कार्यालय नगरपालिका कामां (डीग) कामां**

क्रमांक:-6542 दिनांक:-28/11/2024

**लोक सूचना**

श्री सुबह सिंह पुत्र श्री देवी सिंह निवासी ग्राम कनवाडा तह0 कामां विस्साराम पुत्र श्री किशनसिंह निवासी ग्राम पल्ला तह0 कामा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| जिले सहित तहसिल का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| कामां (डींग) | कस्बा कामां नं. 03 | 3159/1583 | 111.50 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदानुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
को जारी की गयी।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज --------- को जारी की गयी।

(मनीष सोनी)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका कामां





राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट

## मुख्यमंत्री ने राइजिंग राजस्थान समिट की तैयारियों का लिया जायजा

# समिट में अतिथियों को दिखेगी प्रदेश की अद्भुत संस्कृति की झलक-मुख्यमंत्री

**समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के अधिकारियों को दिए निर्देश**

- मुख्यमंत्री ने बस में बैठकर किया निरीक्षण
- जयपुर एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक विभिन्न व्यवस्थाओं का किया अवलोकन



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में आगामी 9 से 11 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड रही है। इस कड़ी में स्वयं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को समिट की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बस में बैठकर जयपुर शहर का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जयपुर एयरपोर्ट से आयोजन स्थल जयपुर एक्जीहिबिशन एंड कन्वेन्शन सेंटर (जेईसीसी) तक विभिन्न तैयारियों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को समिट के ऐतिहासिक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा राइजिंग राजस्थान** शर्मा ने इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार अपने पहले वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं तथा यह आयोजन राज्य की औद्योगिक दिशा को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा। यह समिट राजस्थान को खनन, स्टोन, शिक्षा, चिकित्सा, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे लाने में महती भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समिट के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आएंगे। ऐसे में राज्य सरकार तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को पूरा करने में मिशन मोड में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि दुनिया में राजस्थान की अपनी एक पहचान है तथा प्रवासी राजस्थानियों की खासियत है कि वह अपनी मिट्टी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपनी मेहमान नवाजी के लिए प्रसिद्ध है तथा इस समिट में राज्य के आतिथ्य, संस्कृति, परम्पराओं की अद्भुत झलक देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिट में देश-विदेश से शामिल होने वाले निवेशकों, उद्योगपति तथा अतिथिगणों के आतिथ्य में किसी भी तरह की कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक पहुंचने के विभिन्न रूट का निरीक्षण किया तथा वहां साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्था, सड़कों का सुदृढीकरण, शहर का सौन्दर्यीकरण, आवागमन संबंधी संसाधन सहित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

**तैयारियों को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश** मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल जेईसीसी पहुंचकर उद्घाटन सत्र के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों, अतिथियों की बैठक व्यवस्था तथा अन्य तैयारियों के विषय में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को तैयारियों को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री समिट के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के लिए जयमहल पैलेस भी पहुंचे। मुख्यमंत्री को प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवं वाणिज्य अजिताभ शर्मा ने समिट की तैयारियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के के विश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## आरटीएस का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम

# लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने में महती भूमिका निभायें अधिकारी-राजस्व मंत्री



**अजमेर, (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि प्रदेश में हर तबके तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए राजस्थान सरकार अति संवेदनशील होकर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रशासनिक वर्ग का आह्वान किया कि वह लोक हितैषी निर्णय एवं कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने में अपनी महती भूमिका अदा करें। वे गुरुवार को अजमेर के आरआरटीआई सभागार में आरटीएस के 31 वें बैच के तहत आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरटीएस प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी वर्ग अपने कार्य क्षेत्र में संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि वे सदैव गरीबों को गणेश मानकर कार्य करेंगे तो उन्हें हर क्षेत्र में सफलता अर्जित होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की सेवाओं का लाभ त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से आम जनता पहुंचाने के उद्देश्य से ई फाइल सिस्टम को प्रभावी बनाया गया है। आम जन के अभाव अभियोगों के निराकरण के लिए सरकार हर संभव राहतकारी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कृषक वर्ग की समस्याओं के त्वरित निराकरण के भी प्रयास किया जा रहे हैं। कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाने के लिए लोक जागरूकता के भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में राजस्व मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार गेरा ने प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशिक्षण उपरांत बेहतरीन लोकसेवाएं प्रदान करने के लिए शुभकामनाएं दी। निबंधक महावीर प्रसाद ने प्रशिक्षण की बारीकियों एवं बेहतरीन अनुभवों का लाभ भावी कार्य क्षेत्र में जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम का संयोजन गिरिराज सिंह राणावत ने किया जबकि आरआरटीआई की कार्यवाहक निदेशक कोमल चौधरी ने आभार जताया।

## ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में एक और बढ़ता कदम

# गैल इंडिया के सहयोग से आरएसजीएल स्थापित करेगा एलएनजी स्टेशन-टी. रविकान्त



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान स्टेट गैस राज्य में गैल इंडिया के सहयोग से लिक्विफाईड नेचुरल गैस (एलएनजी) स्टेशन स्थापित करेगा। यह जानकारी आज यहां सचिवालय में प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम व चेयरमैन आरएसजीएल टी. रविकान्त की अध्यक्षता में राजस्थान स्टेट गैस के संचालक मण्डल की 42 वीं बैठक में दी गई। एलएनजी स्टेशनों की स्थापना से राज्य में एलएनजी वाहनों की भविष्य की ईंधन मांग को राज्य से ही पूरा किया जा सकेगा। वहीं चरणवद्ध तरीके से डीजल के विकल्प के रुप में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दिया जा सकेगा। रविकान्त ने बताया कि लंबी दूरी के माल वाहनों और माइनिंग सेक्टर के वाहनों की ईंधन की जरुरत इस एलएनजी ईंधन से आसानी से हो सकेगी। आरएसजीएल की चेयरमैन टी. रविकान्त ने कहा कि राजस्थान गैस को अपने कार्यों में विविधिकरण लाने की कार्ययोजना बनानी होगी।

सीएनजी और डीपीएनजी वितरण नेटवर्क के साथ ही नए क्षेत्र में प्रवेश करना होगा। उन्होंने आरएसजीएल के कार्यों की सराहना करते हुए कोटा में घरेलू पाइप लाईन से गैस वितरण व्यवस्था से नए परिवारों को जोड़ने के लिए किये जा रहे प्रयासों में और अधिक तेजी लाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक व व्यावसायिक क्षेत्र की नई इकाइयों को सीएनजी-पीएनजी का लाभ और कम लागत की जानकारी देते हुए नए कनेक्शनों के लिए प्रोत्साहित किया जाए। आरएसजीएल के प्रबंध संचालक रणवीर सिंह ने बताया कि राज्य में कोटा में एक और नया सीएनजी स्टेशन लगाने की योजना है। इससे पहले पिछले दिनों आरएसजीएल का 12वां सीएनजी स्टेशन शुरु किया गया है। रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल द्वारा कोटा, नीमराना व कूकस में कारोबार बढ़ाने, नए लोगों को जोड़ने और नवाचार की दिशा में कदम बढ़ाये जा रहे हैं।

संचालक मण्डल की बैठक में गैल गैस के प्रतिनिधि संजय सिंह ने भी सुझाव दिए। बैठक में एमडी आरएसपीसीएल भगवती प्रसाद कलाल, डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन, डीजीएम सीएनपी विवेक वास्तव, सीएफओ दीप्तांषु पारीक, डीएम आईटी गगनदीप राजोरिया आदि ने हिस्सा लिया।

## मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना का बढ़ेगा दायरा

### तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक में नई दवाएं शामिल करने पर हुआ मंथन




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना का सुदृढीकरण करने के साथ ही इसका दायरा और बढ़ाया जाएगा। उपचार हेतु औषधियो का दायरा बढाने के उद्देश्य से तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को प्रबंध निदेशक आरएमएससीएल नेहा गिरि की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में आवश्यक दवा सूची में नवीन औषधियों को शामिल करने, पूर्व से उपलब्ध औषधियों की श्रेणी परिवर्तन किये जाने से संबंधित निर्णय लिये लिए गए। बैठक में विभिन्न रोगों के उपचार के लिए जरूरी दवाओं को आवश्यक दवा सूची में शामिल करने पर विचार किया गया। बैठक में उपस्थित चिकित्सा एवं फार्मा विशेषज्ञों ने दवाओं की उपलब्धता, आवश्यकता, आपूर्ति आदि के बारे में सुझाव दिए।

गिरि ने बताया कि बैठक में 390 औषधियों का परीक्षण कर किया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में हुए निर्णयों के अनुरूप जल्द ही नवीन दवाओं को आवश्यक दवा सूची में शामिल किया जाएगा। इससे रोगियों को निकट के चिकित्सा संस्थान पर अधिक से अधिक औषधियां उपलब्ध हो सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी दवा योजना के तहत प्रतिदिन लगभग 4.50 लाख मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। ई-औषधि सॉफ्टवेयर के माध्यम से दवाओं आपूर्ति, वितरण एवं संधारण की मजबूत व्यवस्था लागू की गई है। योजना में वर्तमान में 1240 दवाइयां, 428 सर्जिकल्स एवं 156 सूचर्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के लिए 2,122 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

- 100 अधिकारियों ने 2 घंटे में किए 1 हजार वीडियो कॉल
- स्वास्थ्य कार्मिकों एवं रोगियों से संवाद कर जांची स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति

**चिकित्सा विभाग का तकनीकी नवाचार**

**प्रमुख शासन सचिव ने बालोतरा जिले में कॉल कर की शुरुआत**

# वीडियो कॉल से चिकित्सा संस्थानों में औचक संवाद

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ बनाया जा रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग निरंतर तकनीकी नवाचार कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग ने अभिनव पहल करते हुए चिकित्सा संस्थानों में वीडियो कॉल के माध्यम से सीधा औचक संवाद प्रारंभ किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने इस नवाचार की शुरूआत बालोतरा जिले के जसोल क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मूंगड़ा में वीडियो कॉल कर की। उन्होंने अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक, बारां जिले के अटरू, चूरू जिले के सरदार शहर, डीग जिले के नगर एवं ब्यावर जिले के जैतारण ब्लॉक के चिकित्सा संस्थानों में वीडियो कॉल कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।

राठौड़ ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संवाद कर उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। साथ ही, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण दिवस होने के कारण इस अवसर पर उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के बारे में भी चर्चा की। राठौड़ ने लाभार्थियों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं उपलब्धता के संबंध में फीडबैक भी लिया।

आएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की



मिशन निदेशक भारती दीक्षित, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्यारेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी, निदेशक आईईसी शाहीन अली खान, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत सहित अन्य निदेशक, अतिरिक्त निदेशक, परियोजना निदेशक, स्टेट नोडल ऑफिसर, संयुक्त निदेशक जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों सहित राज्य, संभाग एवं जिला स्तर के 100 से अधिक अधिकारियों ने दो घंटे में एक हजार से अधिक कॉल कर करीब 1 हजार चिकित्सा संस्थानों में सीधा संवाद किया।

संवाद के दौरान अधिकारियों ने मातृ—शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस से संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने एएनएम, आशा, गभर्वती महिलाओं से बात कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। चिकित्सा संस्थानों पर उपस्थित कार्मिकों को स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुगम एवं सुलभ बनाने के संबंध में दिशा—निर्देश भी दिए। साथ ही, साफ—सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

**निरंतर संवाद से बेहतर होंगी स्वास्थ्य सेवाएं** उल्लेखनीय है कि वीडियो कॉल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को परखने का यह तकनीकी नवाचार निरंतर जारी रखा जाएगा। इससे अस्पतालों में मॉनिटरिंग की व्यवस्था और मजबूत होगी। अधिकारी किसी भी समय किसी भी स्थान से किसी भी चिकित्सा संस्थान की सेवाओं को परख सकेंगे। स्वास्थ्य कार्यक्रमों का निचले स्तर तक प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। विभाग के उच्च अधिकारियों का फील्ड स्तर पर सेवाएं दे रहे कार्मिकों से निरंतर संवाद संभव होगा। आमजन से भी लगातार फीडबैक प्राप्त हो सकेगा। स्वास्थ्य सेवाओं में कमियों को चिन्हित कर उनका समुचित स्तर से तत्काल निस्तारण किया जा सकेगा। साथ ही, फीडबैक के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कर उन्हें पेशेंट व पब्लिक फ्रेण्डली बनाया जा सकेगा।

## एक नजर

### एमसीएचएन और प्रसुति नियोजन दिवस पर प्रथम औचक सीधा संवाद कार्यक्रम

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** गुरूवार को एमसीएचएन एवं प्रसुति नियोजन दिवस पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रथम औचक सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके लिए राज्य, जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को लक्ष्य निदेशालय की ओर से दिए गए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सीताराम मीणा ने बताया कि इस बार फिजीकल मॉनिटरिंग के साथ ही राज्य सरकार के निर्देशानुसार सीधे संवाद का नवाचार करते हुए वीडियो कॉल के जरिए मॉनिटरिंग की गई।

डॉ मीणा ने बताया कि निदेशालय स्तर से गुरूवार को एमसीएचएन और प्रसुति नियोजन दिवस मनाया जाता है और मॉनिटरिंग कर ओडीके एप के जरिये रिर्पोटिंग करनी होती है। निदेशालय स्तर से राज्य, संभाग और जिला स्तरीय अधिकारियों को 10-10 केन्द्रों की मॉनिटरिंग वीडियोकॉल के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक समय निर्धारित किया गया। इसकी अनुपालना जिले में भी की गई।

इस कडी में उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेन्द्र सिंह ने यूपीएचसी सोमनाथ, आयुष्मान आरोग्य मंदिर निचुनिया सब सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, डोब सब सेंटर, पीएचसी कल्लावास, पीएचसी कोलीवाडा, पीएचसी गुढलिया का तथा शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पूजा सैनी ने सैंथल मोड और सोमनाथ यूपीएचसी पर वीडियोकॉल कर एएनएम से बात की और वीडियो के जरिए व्यवस्थाएं भी देखी। लार्भाथियों से भी बात की। जिला कार्यक्रम अधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि संवाद के जरिये वीडियोकॉल कर एएनसी जांच, टीकाकरण की जानकारी और उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी ली गई, जिसकी रिपोर्ट निदेशालय को प्रेषित की गई। सीएमएचओ डॉ मीणा ने बताया कि वीसी के जरिये औचक संवाद के साथ ही अनेक केन्द्रों पर फिजीकल निरीक्षण भी किया गया।

### राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को किये गर्म वस्त्रों का वितरण

**कोटकासिम (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र के गांव कान्हड़का के राजकीय उगा माध्यमीक विद्यालय में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के लिए गर्म वस्त्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर कान्हड़का निवासी सुभाष यादव ने अपने पुत्र के जन्म दिन पर विद्यालय में पढ़ने वाले बालक- बालिकाओं को गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत कान्हड़का के राजकीय विद्यालय में 210, कान्हड़का की ढाणी में 90 तथा गांव आनाका के राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को 18 गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित यादव,शेखर यादव एवं मनोज यादव रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीनिवास द्वारा की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से आये हुए अतिथियों एवं भामाशह का माला से स्वगत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य सत्यवीर सिंह यादव द्वारा सभी अतिथियों एवं भामाशाह का अभार प्रकट करते हुए कहा की सरकारी संस्थाओं में समय-समय पर एसे भामाशाहों की जरूरत होती है, अत हम सब को भी एसे लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वही कार्यक्रम में मौजूद उप प्रधानाचार्य मुकेश बाघोरिया ने अपने संबोधन में कहा कि भामाशाह सुभाष यादव ने आज अपने पुत्र के जन्मदिन पर जरूरत मंदों के लिए जो कार्य किया है यह कार्य किसी परोपकार से कम नहीं है। एसे अवसरों पर अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेकर समय-समय पर राजकीय संस्थाओं में जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। उन्होने कहा की राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बालक- बालिकाओं के लिए पाठ्य सामग्री के अलावा भी गर्म वस्त्रों की आवश्यकता होती है। हम सब को एसे अवसरों पर सरकारी संस्थाओं में अपना सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर महाशय अजित सिंह द्वारा सांस्कृतक कार्यक्रम की प्रस्तूती दी गई। कार्यक्रम में अध्यापक सुरेन्द्र यादव, पुष्पा यादव,सुदेश कुमारी, पारूल शर्मा, दिनेश महता, अनिल यादव, सुभाष यादव, मनीषा यादव, सुनिता एवं विद्यालय परिवार सहित अभिभावको व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### रियलमी जीटी 7 प्रो लॉन्च किया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने आज लंबे इंतजार के बाद भारत के पहले स्नैपड्रैगन 8 एलीट लैगशिप चिपसेट के साथ रियलमी जीटी 7 प्रो लॉन्च किया। जीटी की हर सीरीज़ का डिज़ाइन बॉर्न टू एक्सीड की अवधारणा पर आधारित है। यह बेजोड़ परफॉरमेंस और सामर्थ्य की सीमाओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रियलमी जीटी 7 प्रो कई अत्याधुनिक विशेषताओं के साथ परफॉरमेंस के नए मानक स्थापित करने वाली एक असाधारण डिवाइस है। यह भारत की पहली डिवाइस है, जिसमें स्नैपड्रैगन 8 एलीट लैगशिप चिपसेट लगा है और इसका एंटूटू स्कोर 3 मिलियन है। रियलमी जीटी 7 प्रो में सोनी IMX882 पेरिस्कोप कैमरा लगा है, जो फोटोग्राफी का अतुलनीय अनुभव प्रदान करता है। इसमें उद्योग का पहला AI अंडरवाटर फोटोग्राफी मोड दिया गया है, जिसकी मदद से पानी के अंदर भी बेहतरीन इमेज प्राप्त होती हैं।इसमें सैमसंग डिस्प्ले के साथ मिलकर विकसित किया गया रियलवर्ल्ड इकोद्द डिस्प्ले दिया गया है, जो अद्वितीय विज़ुअल अनुभव प्रदान करता है। उद्योग में सर्वश्रेष्ठ परफॉरमेंस और अत्याधुनिक फीचर्स के साथ इस स्मार्टफोन में डॉल्बी विजन दिया गया है। इन सभी विशेषताओं के साथ रियलमी जीटी 7 प्रो लैगशिप स्मार्टफोन की सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है। डॉल्बी विजन फीचर की मदद से यूज़र्स अधिक जीवंत रंगों, शार्प कंट्रास्ट और शानदार डिटेल्स के साथ बेहतरीन वीडियो कैप्चर कर सकते हैं और देख सकते हैं।लॉन्च के बारे में रियलमी प्रवक्ता ने कहा, हम अपनी प्रसिद्ध जीटी सीरीज़ में रियलमी जीटी 7 प्रो पेश करके बहुत उत्साहित हैं।

### मिशन पालनहार मित्र : शत प्रतिशत वार्षिक भौतिक सत्यापन होगा सुनिश्चित

**अजमेर, (हुक्मनामा समाचार)।**मिशन पालनहार मित्र अभियान के अन्तर्गत जिले के समस्त पालनहार योजना लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक अनिल व्यास ने बताया कि पालनहार योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जिले के वार्षिक भौतिक सत्यापन से शेष रहे बालक-बालिकाओं का वार्षिक भौतिक सत्यापन शत प्रतिशत करवाया जाएगा। भौतिक सत्यापन कराने वाले लाभार्थियों को ही सत्र के लिए योजना का लाभ मिलेगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस अभियान के लिए जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक इसके सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसी प्रकार उपखण्ड अधिकारी ब्लॉक प्रभारी अधिकारी का कार्य देंखेंगे। विकास अधिकारी तथा नगरीय निकाय के अधिकारी ब्लॉक नोडल अधिकारी होंगे।

# वेदी भूमि शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन

### णमोकार जाप्यानुष्ठान और भक्तामर स्रोत के साथ वेदी शिलान्यास समारोह प्रारंभ



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** धर्म नगरी गुलाबी शहर जो छोटी काशी के नाम से विश्व विख्यात है के मानसरोवर, न्यू सांगानेर रोड़ स्थित इंजीनियर्स कॉलोनी के नवनिर्मित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार से रात्रि 8 बजे से दो दिवसीय नवीन वेदी भूमि शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन बाल ब्रह्मचारी धर्मचंद शास्त्री और जिनेश भैया के निर्देशन में 卐 णमोकार महामंत्र जाप्यानुष्ठान और भक्तामर स्त्रोत पाठ 卐 के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओ ने श्रद्धा - भक्ति और जयकारों के साथ भक्तामर स्त्रोत का गुणगान कर दीप अर्घ चढ़ाएं और श्रीजी की मंगल आरती की। शुक्रवार को दूसरे दिन आचार्य शंशाक सागर महाराज ससंघ सानिध्य में वेदी भूमि का शिलान्यास कार्यक्रम प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगा।

अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा कि शुक्रवार को वेदी भूमि शिलान्यास कार्यक्रम में अपना सानिध्य एवं आशीर्वाद प्रदान करने के लिए प्रात: 10.15 बजे आचार्य शंशाक सागर महाराज ससंघ स्वर्ण पथ, न्यू सांगानेर रोड़, स्वर्ण गार्डन होते हुए इंजीनियर्स कॉलोनी के जैन मंदिर में बेड - बाजों और जयकारों के साथ प्रवेश करेंगे। जिसके बाद मंत्रोच्चार और मांगलिक क्रियाओं के साथ आचार्यश्री के सानिध्य एवं बाल ब्रह्मचारी धर्मचंद शास्त्री और जिनेश भैया के निर्देशन ने वेदी भूमि का शिलान्यास संपन्न करवाया जायेगा, इस दौरान आचार्य श्री उपस्थित श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वचन देते हुए और वेदी का महत्व बताते हुए नवीन वेदी की स्वर्ण, रजत और ताम्र शिलाओं की स्थापना संपन्न करवाएंगे। गणिनी आर्यिका प्रमुख सुपार्श्वमती माताजी और गणिनी आर्यिका रत्न गौरवमती माताजी की मंगल प्रेरणा और आशीर्वाद से नवीन मंदिर का कार्य चल रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी कमलचंद तारा देवी छाबड़ा, पुष्पेंद्र अशोक जैन पचेवर वाले, सीए मनीष निशा छाबड़ा, सपन रजनी छाबड़ा, रवि रितु छाबड़ा, मयंक जैन, अनिल जैन बोहरा, मनीष जैन, महावीर जैन, गौरव जैन, अभिषेक जैन बिट्टू, प्रमोद बाकलीवाल, जेके जैन, राजेंद्र बड़जात्या, अजित पाटनी वरुण पथ समाज समिति अध्यक्ष एमपी जैन, मंत्री ज्ञान बिलाला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सम्मिलित रहे।

## अम्बेडकर पीठ मूंडला में मनाया गया संविधान दिवस



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश के विद्यालय,महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों मे निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। 26 नवंबर बुधवार को अंबेडकर पीठ मूंडला मे मनाया गया संविधान दिवस। सहायक प्रोग्रामर सुवालाल महावर ने बताया की संविधान दिवस के अवसर पर अम्बेडकर पीठ मूंडला मे सचिव सुमन मीणा (आर ए एस) की अध्यक्षता मे पीठ परिसर मे स्थित डॉ अम्बेडकर की मूर्ति को पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं प्रदेश के विद्यालयों (कक्षा 9 से 12 के छात्र छात्राओं )महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों मे वर्तमान परिदृश्य मे डॉ अम्बेडकर के विचारों की प्रसंगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले बालक बालिकाओ को 500 से लेकर 51000 रूपये तक पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा।सचिव सुमन मीणा ने बताया की संविधान निर्माता बाबा साहेब ने विश्व का सबसे बड़ा और लिखित संविधान भारत माता के चरणों मे अर्पित किया है। संविधान मे हमें जिस प्रकार के अधिकार प्रदान प्रदान हैँ ठीक उसी प्रकार अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए हमें मौलिक कृतव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए। अपने अधिकारों की स्वतंत्रता का इस प्रकार उपयोग करना चाहिए की किसी अन्य व्यक्ति के अधिकारों को चोट नहीं पहुचनी चाहिए। हम सबको मिलकर बाबा साहब के सपनो का विकसित और सुदृढ़ भारत का निर्माण मे भागीदारी निभानी चाहिए।

### जिला स्तरीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली मिनी जंबूरी आज से

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय, चूरू के तत्वावधान में शुक्रवार, 29 नवंबर से जिले के सरदारशहर स्थित एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में भारत स्काउट एवं गाइड के गठन के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में जिला स्तरीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली मिनी जंबूरी का आयोजन किया जाएगा।

स्काउट जंबूरी के आयोजन के लिए प्रधान संचालक स्काउट सीओ महिपाल तंवर ने बताया कि शुक्रवार, 29 नवंबर को सांय 4 बजे मिनी जंबूरी का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। शनिवार, 30 नवम्बर को सवेरे 11 बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन, 01 दिसम्बर को सवेरे 9 बजे एथनिक फैशन शो, दोपहर 2 बजे नगर भ्रमण, 02 दिसंबर को सवेरे 9 बजे झांकी प्रदर्शन, दोपहर 3 बजे फूड प्लाजा, शाम 7.30 बजे विशाल शिविर ज्वाल, 03 दिसंबर को सांय 7.30 बजे मंगलदीप कार्यक्रम तथा 04 दिसंबर को सर्वधर्म प्रार्थना सभा व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

## भारत का किसान न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया के बाज़ार तक पहुँचेगा : शाह




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन-2024 का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश के किसानों और सहकारिता से जुड़े करोड़ों लोगों को यह संदेश दिया कि, 'मोदी जी के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित तीन नए कोऑपरेटिव्स - राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड - के माध्यम से भारत का किसान न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया के बाज़ार तक अपनी पहुँच को बढ़ा सकेगा। इफ्को, कृभको और अमूल ने सहकारिता के क्षेत्र में पूरी दुनिया में उदाहरण पेश किया है और इसी प्रकार ये तीनों कोऑपरेटिव्स भी दुनिया के सहकारिता क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का मार्गदर्शन करेंगी।' मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय सहकारिता क्षेत्र के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम कर रहा है। बीते तीन वर्षों में देश में सहकारिता आंदोलन को ना सिर्फ गति प्रदान की गई है बल्कि जमीनी स्तर पर उसकी पहुँच को व्यापक बनाने की कवायद भी तेजी से जारी है।

यदि देखा जाए तो मोदी जी के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को और भी अधिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का काम अमित शाह की नीतियों और उनके कार्यकाल में हुआ है।

### पिता पुत्र और पुत्री हुए भारत मानव सेवा योद्धा सम्मान 2024 से सम्मानित



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** शक्ति फिल्म प्रोडक्शन की ओर से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को वर्चुअल 卐भारत मानव सेवा योद्धा सम्मान 2024卐 से सम्मानित किया गया। इस अवसर दौसा के एक ही परिवार के तीन सदस्यों पिता राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सूरज सिंह महावर (सूरज आर्ट दौसा) पुत्र दिव्यांश महावर एवं पुत्री अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विदुषी महावर को सम्मानित किया गया। फाउंडर अंबालिका शास्त्री जी ने बताया कि संपूर्ण भारतवर्ष से सैकड़ों प्रतिभाओं को हमने सम्मान दिया है और इसी कड़ी में हमें आपके कार्यों की सराहना करते हुए आपको चित्रकला में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु आपको सम्मानित करके गर्व की अनुभूति हो रही है। हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

### विशेष जागरुकता शिविर 2 से 4 दिसंबर तक

**चूरू।** डॉ भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना में जागरुकता के लिए जिले में 2 से 4 दिसंबर तक तीन विशेष जागरुकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि 2 दिसंबर को सरदारशहर के डॉ बीआर अंबडेकर सुख पंथ आश्रम, वार्ड नंबर 18, बापा सेवा सदन स्कूल के पास शिविर होगा। इसी प्रकार 3 दिसंबर को राजगढ़ में रैगर समाज धर्मशाला में शिविर होगा। 4 दिसंबर को तारानगर नगर पालिका परिसर में शिविर होगा। योजना में आवेदन के इच्छुक व्यक्तियों को अपने साथ जन आधार, आधार कार्ड, संस्था आधार, बैंक पासबुक, कार्य की परियोजना रिपोर्ट आदि साथ लेकर आने के लिए कहा गया है।

## विद्यालयों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक करने को लेकर की चर्चा



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गांधी चौक दौसा के अधीनस्थ समस्त निजी विद्यालयों की गुरुवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें यूसीईईओ सीमा मीणा ने यू डाइस पोर्टल पर नव प्रवेशित बच्चों की प्रविष्टि,अपार आईडी, विद्यालय में अध्यनरत सभी बच्चों की प्रोफाइल अपडेट करना आदि के बारे में बताया निदेशक के आदेश अनुसार विद्यालयों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक करें। इस पर भी चर्चा की गई साथ ही परख सर्वेक्षण 2024 जो की 4 दिसंबर को आयोजित है। उसके बारे में भी दिशा निर्देश दिए गए बैठक में सभी निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधान, समसाके सीताराम , स्थानीय विद्यालय के कमल सिंह गुर्जर, सत्यनारायण जी शर्मा आदि उपस्थित थे। बैठक का आयोजन संस्कार भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा में किया गया।

# चुनौतियों को लेकर विचार गोष्ठी हुई आयोजित




**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम श्री महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर में मेंटर मेंटी कार्यक्रम के तहत बालिका सुरक्षा एवं चुनौतियां को लेकर कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं की विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वार्ताकार के रूप में शिक्षाविद एवं पूर्व ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. लाजपत शर्मा शामिल हुए जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में रागिनी त्रिवेदी व लक्ष्मी देवी मौजूद रही। शुरुआत में विद्यालय के संस्था प्रधान राजेश शर्मा व कंपोनेंट प्रभारी गजेंद्र सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर स्वागत किया।

सेवानिवृत्त ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी व प्रमुख शिक्षाविद डॉ. लाजपत शर्मा ने बालिकाओं के समक्ष सामाजिक व शैक्षिक क्षेत्र में आने वाली चुनौतियां, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाते हुए कहा के नारी शक्ति स्वरूपा होती है । बस उसे अपनी शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि बेटियों को सशक्त बनकर आत्मविश्वास के साथ हर चुनौती को स्वीकार कर आगे बढ़ाने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि समाज में बेटे व बेटी में भेद की पारंपरिक मानसिकता महिला शिक्षा की तुलना में पुरुष शिक्षा को प्राथमिकता देती है।शिक्षा में लिंग अंतर का कम करने के लिए बुनियादी ढांचे के साथ अभिभावकों की सोच में बदलाव के साथ जागरूकता लाकर बदलाब की महती आवश्यकता है। प्रमुख वार्ताकार डॉ. लाजपत शर्मा ने अंत में एक प्रेरणादाई कविता

तू खुद को बदल तू खुद को बदल.. दरिया की कसम मौजों की कसम यह ताना-बाना बदलेगा ।तब ही तो जमाना बदलेगा के माध्यम से समाज में बालिका एवं महिलाओं को वास्तविक समानता देने का संदेश दिया ।जिस पर छात्राओं ने करतल ध्वनि से तालियां बजाकर सहभागिता दर्ज कराई।

संस्था प्रधान राजेश शर्मा ने कहा बेटियां आज हर क्षेत्र में प्रगति कर रही है बेटियों की भूमिका परिवार निर्माण के साथ ही राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण होती है ।बेटियों के बिना परिवार और समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है ।उन्होंने कहा कि आज भी समाज में बेटियों को पराया धन मानने की सोच चल रही है जो बेहद गलत और खतरनाक है । ऐसी सोच के चलते ही लिंगानुपात प्रभावित हो रहा है।

इस से पूर्व संस्था प्रधान राजेश शर्मा की अध्यक्षता में बालिकाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियां, जेंडर समता को प्रोत्साहन, कैरियर गाइडेंस एवं कौशल विकास, सुरक्षा एवं जागरूकता, विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं आत्म प्रतिष्ठा का विकास व संवेगात्मक लर्निंग से विषयों पर छात्राओं की अभिव्यक्ति, क्विज विचार गोष्ठी आयोजित की गई । प्रभारी अध्यापक गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस दौरान इस दौरान निर्णायक के रूप में अमित कुमार शर्मा व रागिनी त्रिवेदी मौजूद रहे। समेकित प्रतियोगिता में अंजली कुमारी प्रथम, अमृता कुमारी ने द्वितीय तथा कविता कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में मेधावी बालिकाओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया । समारोह का संचालन कंपोनेंट प्रभारी गजेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर अध्यापक हरिशंकर शर्मा ,सुरेश कुमार, अमित कुमार ,शैलेंद्र सिंह ,बिरखू लाल मौजूद रहे।

# संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए पुलिस मुख्यालय का नवाचार

### संकटग्रस्त महिलाओं के हेल्प मांगने पर तत्काल नजदीकी सहायता उपलब्ध होगी, पीड़ित को एप पर मिलेगी पूरी जानकारी

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिये राजकॉप सिटीजन एप, वूमन सेफ्टी के तहत नीड हेल्प के जरिये पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की योजना पुलिस मुख्यालय द्वारा शुरू की जा रही है। इसके लिए सर्वप्रथम विभिन्न जिला एवं रेंज स्तर पर सुरक्षा सखी, पुलिस मित्रों एवं अन्य जनसम्पर्क के माध्यम से इस एप के प्रयोग सम्बन्धी डेमोस्ट्रेशन दिया जाएगा।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल ने इस संबंध में सभी पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपायुक्त को निर्देश जारी कर अधिकाधिक राजकॉप सिटीजन एप को मोबाईल पर डाउनलोड करने आमजन को डेमोंसट्रेशन के द्वारा प्रेरित करने को लिखा है। जिससे इस योजना का लाभ संकटग्रस्त महिलाओं को मिल सके। एडीजी अग्रवाल ने बताया कि राजकॉप सिटीजन ऐप में महिला सुरक्षा के लिए मदद चाहिए जिसमे आपात स्थिति में सहायता व गैर आपात स्थिति में सहायता की दो तरह की सुविधाएं दी गयी है।

आपात स्थिति में सहायता के लिए जब भी किसी महिला द्वारा रिक्वेस्ट की जाती है, तो 1090 कन्ट्रोल रूम (जयपुर) को नोटिफिकेशन जाता है। कन्ट्रोल रूम पर कार्यरत पुलिसकर्मी के नोटिफिकेशन स्वीकृत करने पर इसकी सूचना पीड़ित को ऐप पर दिखायी देती है। इसके बाद पीड़ित को कॉल कर समस्या पता की जाती है। अगर पीड़ित फोन नहीं करने का मैसेज रिक्वेस्ट के साथ भेजता है तो ऐसी स्थिति में लोकेशन पर मदद पहुंचाने की कार्यवाही की जाती है। जयपुर कन्ट्रोल रूम ऑपरेटर द्वारा बिना समय गंवाए सम्बन्धित जिले के अभय कमाण्ड सेंटर को सूचना भिजवाई जाती है। जिसके आधार पर पीड़ित की लोकेशन पर उस जिले के सम्बंधित थाने को पहुँच जाती है। थाना पुलिस या नजदीकी वाहन 112 पीड़ित की लोकेशन पर पहुंच मदद पहुंचाता है। वाहन 112 की लोकेशन पीड़ित एप पर ट्रैक वाहन की सहायता से देख सकता है। एप पर हेल्प मांगने के बाद पीड़ित के पास पुलिस की गाड़ी पहुंचने तक की सभी जानकारी ऐप पर दी जाती है। जरूरी सहायत मिलने के बाद पुलिस कर्मी रिक्वेस्ट बन्द कर देता है। मदद प्राप्त हो जाने पर पीड़ित स्वयं भी रिक्वेस्ट बन्द कर सकता है।

# अपोलो कैंसर सेंटर ने फेफड़ों के कैंसर से लड़ने के लिए भारत के पहले लंगलाइफ स्क्रीनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** अत्याधुनिक कैंसर केयर (देखभाल) में अग्रणी अपोलो कैंसर सेंटर ने फेफड़ों के कैंसर का आरंभिक स्तर पर एवं जल्दी से पता लगाने के लिए भारत का पहला लंगलाइफ स्क्रीनिंग प्रोग्राम शुरू किया है। इस अभूतपूर्व पहल का उद्देश्य फेफड़ों के कैंसर से लड़ना है, जो भारत में सभी प्रकार के कैंसरों का 5.9त्न तथा कैंसर से संबंधित मौतों का 8.1त्न कारण है। कैंसर का शीघ्र पता लगने से बेहतर उपचार परिणाम प्राप्त होता है तथा जीवित रहने की दर बढ़ जाती है। लंगलाइफ स्क्रीनिंग प्रोग्राम का लक्ष्य ऐसे व्यक्तियों के लिए है, जिनमें फेफड़े के कैंसर का जोखिम सबसे अधिक है, जैसे कि- 50 से 80 वर्ष की आयु के लोग, असि प्टोमैटिक (फेफड़ों के कैंसर का कोई संकेत या लक्षण नहीं), धूम्रपान का महत्वपूर्ण इतिहास वाले व्यक्ति और फेफड़े के कैंसर के पारिवारिक इतिहास वाले लोग। डॉ. राहुल जालान (कंसल्टेंट, इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी, अपोलो हॉस्पिटल्स, अहमदाबाद) ने कहा कि, फेफड़ों का कैंसर विश्व स्तर पर सबसे घातक कैंसरों में से एक है, लेकिन समय पर पता लगने से बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। हमारे लंगलाइफ स्क्रीनिंग प्रोग्राम के माध्यम से, हमारा लक्ष्य, एडवांस्ड लो-डोज़ ष्ट्ठ टेक्नोलोजी का उपयोग करके उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की शीघ्र पहचान करना है, जो निदान परिशुद्धता को अधिकतम करते हुए रेडिएशन जोखिम को न्यूनतम करता है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए प्रभावशाली है जिनका धूम्रपान, पेसीव धूम्रपान या फेफड़ों के कैंसर का पारिवारिक इतिहास रहा है। फेफड़ों के कैंसर का उपचार योग्य अवस्था में पता लगाकर, हम रोगियों को बेहतर उपचार परिणामों के साथ सशक्त बनाते हैं और स्वस्थ भविष्य के लिए नई आशा का निर्माण करते हैं। डॉ. आकाश शाह (कंसल्टेंट, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, अपोलो हॉस्पिटल्स, अहमदाबाद) ने कहा कि, अपोलो कैंसर सेंटर के लंग-लाइफ स्क्रीनिंग प्रोग्राम की शुरुआत भारत में फेफड़ों के कैंसर के खतरनाक रूप से बढ़ने की समस्या से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस व्यापक स्क्रीनिंग प्रोग्राम के साथ, हम प्रारंभिक चरण में पता लगाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जहां प्रभावी उपचार और ठीक होने की संभावना कई गुना अधिक होती है।

# पानी की समस्या को लेकर जलदाय विभाग पर किया प्रदर्शन



**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के वार्ड नंबर 41 में पिछले लंबे समय से चल रही पानी की समस्या को लेकर आज क्षेत्र के लोगों ने जलदाय विभाग पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया वार्ड नंबर 41 के गोगामेडी क्षेत्र और ख़ातियो की गली मैं पिछले लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है समस्या को लेकर कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन निदान नहीं हुआ हालांकि एक बार जलदाय विभाग के सहायक अभियंता ने मौके पर पहुंचकर समस्या का जायजा भी लिया था लेकिन निदान नहीं हो सका आज क्षेत्र के लोगों ने जलदाय विभाग पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए शीघ्र समस्या के निदान की मांग रखी जलदाय विभाग के सहायक अभियंता प्रमोद कुमार ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल सप्लाई को दुरुस्त करने सहित क्षेत्र में अति शीघ्र इलाके में ट्यूबवेल लगाने का आश्वासन दिया हम आपको बता दें कि वार्ड नंबर 41 के कई क्षेत्रों में गर्मी से लेकर अभी तक पानी की भयंकर समस्या बनी हुई है जबकि सर्दी दस्तक दे चुकी है लेकिन समस्या यथावत बनी हुई है जिसके चलते लोगों में जलदाय विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है प्रदर्शन के बाद विभाग के अधिकारियों द्वारा मिले आश्वासन के बाद अब क्षेत्र के लोग समस्या निदान की आस लगाए बैठे हैं अगर फिर भी जल सप्लाई सुचारू नहीं हुई तो क्षेत्र के लोग दोबारा जलदाय विभाग पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के नेता आनंद सिंह कच्छावा बजरंग सिंह चंदेल जितेंद्र सिंह चंपावत झाबर सिंह गहलोत चेतन परिहार किशन सिंह पवार विनोद सिंह दईया पप्पू सिंह परिहार महेंद्र सिंह चौहान रवि चौहान विक्रम सिंह परिहार सीताराम दहिया त्रिलोक सिंह विक्रम सिंह शेखावत जितेंद्र सिंह बडगूजर उमेश कटारिया मिथुन सिंह सरवन देवी सुमन गहलोत गुड्डी शर्मा मीरा जांगिड़ सुशीला गहलोत ग्यारसी जांगिड़ उत्सव पडियार गीता चौहान सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

## घर ताली कीर्तन टीम ने किया गौसवामणी का आयोजन

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** गुरुवार को गोपीनाथ गौ सेवा समिति व राष्ट्रीय महिला जागृति मंच एवं हर घर ताली कीर्तन टीम श्याम सेवा परिवार द्वारा श्री करणी माता गौशाला चेलासी, सालासर रोड़ सीकर में महंत पीयूष गड्डीका महाराज के सान्निध्य में गौसवामणी की। समिति के अध्यक्ष शैलेष जैन ने बताया कि गौसेवक सुधीर मिश्रा का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से गौसेवा कर मनाया । इस मोके पर समिति के उपाध्यक्ष पूनम नीतू शर्मा हिमांशु मनीषा माथुर पंकजप्रीती जैन, हिमांशु गरिमा सोनी सुरेंद्र पूजा सोनी की वैवाहिक वर्षगांठ एवं स्वर्गीय लक्ष्मी देवी भरतिया की पुण्यतिथि के अवसर पर गौसेवकों ने गौ पूजन किया।गौमाता को हरा चारा, चूरी, गुड़, रोटी, मूली आदि खिलाकर आशीर्वाद लिया। गौसेविका ज्योति तनवानी ने सभी गौसेवकों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया।अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैम्पियन देवराज सिंह शेखावत हाल ही में थाईलैन्ड से सुपर गोल्ड मैडल जीतकर आने पर समिति की ओर किया सम्मानित।

## मुख्यमंत्री के नाम विकास अधिकारी को ज्ञापन



**भुसावर ( हुक्मनामा समाचार )।** पंचायती राज मंत्रालय कर्मचारी संघ के आवाहन पर स्थानीय उप शाखा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम विकास अधिकारी को ज्ञापन सोपा है विकास अधिकारी गिर्राज प्रसाद बुनकर को सौंप गए ज्ञापन में बताया गया है कि महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत श्रमिकों की उपस्थिति एनएमएमएस एप से हो रही है अप का संचालन नेट द्वारा किया जाता है श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने के उपरांत अप में किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकता इस कारण श्रमिक उपस्थित अपलोड करने के पश्चात कार्यस्थल छोड़कर चले जाते हैं निरीक्षण करता द्वारा उनकी अनुपस्थिति भी दर्ज नहीं की जा सकती अप में संशोधन का विकल्प जारी करवाने की मांग की गई है अप में आ रही गड़बड़ियों के कारण कनिष्ठ सहायकों पर एक तरफ करो भाई की जा रही है जो कनिष्ठ सहायकों के हितों के अनुरूप नहीं है इसमें निरीक्षण करता द्वारा निरीक्षण करते समय बिना एडिटिंग के ऑप्शन के श्री में अनुपस्थित दर्ज कर दी जाती है जिसके कारण एनएमएमएस एप एवं मस्टरोल की उपस्थितियों में अंतर आता है।

इसके लिए कनिष्ठ सहायक को जिम्मेदार ठहराया जाकर एक तरफा कार्रवाई की जा रही है ज्ञापन में मुख्यमंत्री को निवेदन किया गया है कि कनिष्ठ सहायकों के हितों को ध्यान में रखकर महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत अप में ऑप्शन खोला जाए जिससे एडिट किया जा सके ।

## पुलिस ने बचाई आत्महत्या करने जा रहे युवक की जान

**जयपुर/चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले की बीदासर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर साइबर सेल की मदद से आत्महत्या करने जा रहे युवक की जान बचा ली। पारिवारिक कलह के कारण युवक घर से निकल रेल की पटरियों के बीच गाड़ी खड़ी कर अपने आप को लॉक कर अंदर नशे में बैठा था। मौके पर पहुंच पुलिस ने पटरियों से गाड़ी को हटा युवक को सकुशल बचा लिया। एसपी जय यादव ने बताया कि बुधवार रात बीदासर पुलिस को सूचना मिली कि कस्बे का एक युवक पारिवारिक परेशानी के कारण घर से गाडी लेकर गया है। जाते-जाते उसने घरवालों को आत्महत्या करने की धमकी दी है। उसके बाद परिजनों को फोन कर कुछ समय बाद मेरी मौत की खबर आपके पास आ जाने की बोल रहा है। इस सूचना को गम्भीरता से लेते हुए एएसपी दिनेश कुमार व सीओ प्रहलाद राय के निकट सुपरविजन में एसएचओ कैलाश चन्द्र ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अफलज हुसैन सलामपुरिया व आरिफ छीपा को युवक के जाने की दिशा में छापर व सुजानगढ की तरफ अलग-2 वाहनों से रवाना किया।

# विधानसभा क्षेत्र में खुलेगें पांच नये आंगनबाड़ी केन्द्र

## राज्य सरकार ने जारी की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति

**पावटा ( हुक्मनामा समाचार )।** विधायक कुलदीप धनकड़ की अनुशंषा पर राज्य सरकार ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में पांच नये आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये है। इस सम्बन्ध में



महिला एवं बाल विकास मंत्री डिप्टी सीएम दीया कुमारी की बजट घोषणा के अनुरूप विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी द्वारा जारी आदेशानुसार विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत खातोलाई के राजस्व ग्राम टाण्डा, ग्राम पंचायत भाभरू की ढाणी लालाकावाली, ग्राम पंचायत चौबाला स्थित दादा का बास, ग्राम पंचायत साईवाड़ मोड़ स्थित साईवाड़-5 व ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर में नये आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। उपरोक्त स्वीकृति पर विधायक धनकड़ ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व डिप्टी सीएम दीया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि नये आंगनबाड़ी केन्द्र खुलने से 06 वर्ष की उम्र तक के बालक-बालिकाओं, गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को लाभ होगा। साथ ही इनमें अलग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का चयन किया जायेगा।

# विद्यार्थी किताबें पढ़ें और लाइब्रेरी को आदत में शामिल करें : सुराणा

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन, विद्यार्थियों से हुए रूबरू, दिया कैरियर गाइडेंस



**चूरू, ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिला जिला मुख्यालय स्थित मैरीगोल्ड वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तीन दिवसीय 'सतरंग फेस्ट' वार्षिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए कैरियर गाइडेंस दिया।

इस अवसर पर सुराणा ने कहा कि बच्चे नियमित रूप से किताबें पढ़ें और लाइब्रेरी को अपनी आदत में शामिल करें। वर्तमान के मोबाइल और कंप्यूटर के युग में बच्चे पुस्तक पढ़ेंगे तो उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो पाएगा। किताबें मनुष्य की सच्ची दोस्त हैं। बच्चे नियमित अध्ययन हेतु जिला मुख्यालय स्थित जिला पुस्तकालय का उपयोग करें और किताबों के माध्यम से अपनी अध्ययन क्षमता बढ़ाएं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए विद्यालय में ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। वर्ष भर में बच्चों द्वारा सीखे गए का प्रतिदर्श हमें विभिन्न गतिविधियों में नजर आएगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को ट्रिपल आर सेंटर से सभी बच्चों को जोड़कर घर में अनउपयोगी वस्तुओं का सदुपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। जिला कलक्टर विद्यार्थियों से रूबरू हुए और बच्चों से संवाद करते हुए कैरियर गाइडेंस दिया।

प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंध निदेशक अरविंद चोटिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान विनीत चोटिया, अनीता शर्मा, संजू शर्मा सहित विद्यालय के स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे।

# दो जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार

**चिड़ावा ( हुक्मनामा समाचार )।** रेलवे प्रशासन की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए चिड़ावा से होकर शुरू की गई स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस सेवा विस्तार को यात्रियों की मांग और यात्री भार को देखते हुए लिया गया है। श्री विवेकानंद मित्र परिषद के रोहिताश्व महला और मनोज मान का कहना है कि इन ट्रेनों में एक ट्रेन शेखावाटी को तिरुपति और एक ट्रेन शेखावाटी को पुणे से सीधे कनेक्ट करती है। चिड़ावा दैनिक रेल यात्री संघ के देवेंद्र वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के लोग इन दोनों ट्रेनों के साथ ही उदयपुर वाया चिड़ावा वैष्णो देवी ट्रेन को नियमित संचालित करने की मांग कर रहे हैं। सरकार को लोगों की भावना को देखते हुए इन ट्रेनों के अलावा इस क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार और दोहरीकरण के कार्य को भी शीघ्रता से शुरू करना चाहिए। शेखावाटी देश का एक महत्वपूर्ण इलाका है। यहां से देशभर में हजारों सैनिक देशसेवा में जुटे हैं। वहीं यहां के लोग देश विदेश में बड़ी संख्या में रहते हैं। उनके लिए सुलभ रेलवे नेटवर्क की अत्यंत आवश्यकता है।

**इन गाड़ियों की संचालन अवधि में विस्तार**

1. गाडी संख्या 04717/04718, हिसार- तिरूपति- हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा हिसार से सात दिसंबर से 14 दिसंबर तक (02 ट्रिप) एवं तिरूपति से नौ दिसंबर से 16 दिसंबर तक (02 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। साथ ही यह रेलसेवा मार्ग में औंगुल स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जा रहा है।

2. गाडी संख्या 04723/04724, हिसार- हडपसर (पुणे)- हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा हिसार से एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक (03 ट्रिप) एवं हडपसर (पुणे) से दो दिसंबर से 16 दिसंबर तक (03 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है।

# कुश्ती में नर्सिंग विद्यार्थियों ने की जोर आजमाईश



**सुजानगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** श्री बालाजी एजुकेशन हब में चल रहे चौधरी कानाराम चंदेलिया स्मृति सात दिवसीय खेल सप्ताह के तहत श्री बालाजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थीयों ने कुश्ती में जोर आजमाइश करते हुए दम दिखाया। कुश्ती के ६०० किलो वर्ग में अमित जांदू, ७० किलो वर्ग में रामनिवास पूनियां, ८०० किलो वर्ग में कमल किशोर और ९० किलो वर्ग में पवन बिजारणियां ने प्रतिद्वंदियों को चित करते हुए जीत दर्ज की। इसी क्रम में बैडमिंटन युगल प्रतियोगिता में छात्रा निरमा खिलेरी, %योति शर्मा व छात्र रामावतार जोशी, मोहित पारीक, बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता में वैभव शर्मा और निरमा खिलेरी, ऊंची कूद प्रतियोगिता में पूजा सिंवर, सतीश पूनियां, लंबी कूद प्रतियोगिता में पूजा दुसाद, मदनलाल एवं 6यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में अंजलि प्रजापत आदि छात्र-छात्राएं विजयी रहे। गुरुवार का दिन चारों टीमों क्रमश:विवेकानंद ब्रिलिएंट्स, आजाद एवेंजर्स, लक्ष्मीबाई चैलेंजर्स और कलाम फाइटर्स के लिए मिलजुला रहा। संस्था के निदेशक पूसाराम चंदेलिया ने खेलों को जीवंतता का परिचायक बताते हुए छात्र छात्राओं को परिश्रमी बनने का संदेश दिया। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ के सदस्य बाबूलाल काजी, तौफिक खान, कविता चौधरी, प्रमोद शर्मा, जितेंद्र पारीक, विनोद जाट, समीर खान, सुभाष स्वामी, अंकित सैनी, अरबाज काजी एवं कार्यालय कर्मी श्रवण कुमार स्वामी उपस्थित रहे। एडमिन ऑफीसर अरुण शर्मा ने खेल सप्ताह के सुचारू संचालन के लिए सभी का धन्यवाद दिया।

# यंग्स क्लब ने 185 जरूरतमंदों को दी रजाईयां



**सुजानगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** द् यंग्स 1लब ऑफ सुजानगढ द्वारा स्व.रूपचंद किरण देवी सिंघी की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र चंद्रप्रकाश-तारा सिंघी, सुपौत्र रवि-मनीषा सिंघी के सौजन्य एवं समाजसेवी कमला सिंघी तथा 1लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया की प्रेरणा से तहसील के ग्रामीण-ढाणी क्षेत्रों के जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित की गई। 1लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि ग्राम लोढसर, धां चारणान, भींवसर, पार्वतीसर, भांगीवाद सहित ढाणी क्षेत्रों के १८५ जरूरतमंद ग्रामीणों को रजाइयां उपल4ध करवाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय विद्यालयों में 1लब के पूर्व अध्यक्ष दानमल शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित हुए कार्यक्रम में शर्मा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। आयोजन को सफल बनाने में 1लब प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद, शिक्षक रघुनाथ सेवदा, रतनलाल प्रजापत, मनोहर सिंह, पप्पूराम मीणा, श्याम सुंदर शर्मा, शुभकरण प्रजापत, कुरड़ाराम, मोहनसिंह, शिशुपाल प्रजापत, पालाराम शर्मा, मुरारीलाल, रामस्वरूप, महेंद्र ढाका, लालचंद कालवा का सहयोग रहा।

# कलाकारों ने बताये अपने हेयरकेयर सीक्रेट्स!

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** खूबसूरत बाल सिर्फ किस्मत की बात नहीं, बल्कि सही देखभाल और रूटीन का नतीजा है। फ्रिज़ी बालों को संभालना हो, रूखापन दूर करना हो, या बालों की मजबूती और चमक बनाए रखना हो, हर किसी के बालों की ज़रूरत अलग होती है। एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने आज़माए हुए हेयरकेयर सीक्रेट्स साझा किए और बताया कि कैसे वे अपने बालों को खूबसूरत और सेहतमंद बनाए रखते हैं। इनमें शामिल हैं नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी), विक्रम द्विवेदी ('भीमा' के विशंभर सिंह), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। नेहा जोशी ऊर्फ 'अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी ने कहा, ''एक वर्किंग वूमन के रूप में, मेरे लिए अपने नैचुरली घुंघराले बालों (कर्ली हेयर्स) की देखभाल करना थोड़ा मुश्किल होता है। बालों को रूखा और उलझने से बचाने के लिए मैं एक होममेड मास्क का इस्तेमाल करती हूं, जिसमें एवोकाडो, नारियल तेल, और अंडे की जर्दी होती है। इसे बालों में लगाकर मैं 30 मिनट तक छोड़ देती हूं और फिर गुनगुने पानी से धो लेती हूं।

# चूल्हे-चौके से आगे बढ़कर चैट जीपीटी सीख रही चूरू की महिलाएं

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं डिजिटल सखी 2.0 में ले रही ट्रेनिंग



**चूरू,( हुक्मनामा समाचार )।** कभी चूल्हे-चौके और खेत-खलिहान तक सीमित रहने वाली चूरू जिले की ग्रामीण महिलाएं अब मोबाइल पर चैट जीपीटी और एआई का उपयोग सीख रही हैं। इसके अलावा वे सोशल मीडिया, इंटरनेट, डिजिटल पेमेंट, ऑनलाइन शॉपिंग व बुकिंग, साइबर सुरक्षा आदि का ज्ञान ले रही हैं। यह जानकारी न केवल उनके घरेलू जीवन को बेहतर बना रही है अपितु राजीविका के जरिए की जा रही उनकी आयपरक गतिविधियों में भी उनका लाभ मिल रहा है। यह सब संभव हुआ है जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर जिले में चल रहे डिजिटल सखी 2.0 कार्यक्रम से। राजीविका डीपीएम दुर्गा देवी ढाका के मुताबिक, राजीविका द्वारा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं तथा अन्य इच्छुक महिलाओं को डिजिटल सखी 2.0 में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण में चूरू ब्लॉक के 5 गांवों घण्टेल, थैलासर, जसरासर, डाबला, रिड़खला में महिलाओं को यह प्रशिक्षण दिया गया है। धीरे-धीरे संपूर्ण जिले की महिलाओं को इसमें कवर किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं में अनोखा आत्मविश्वास देखा जा रहा है। वे बताती हैं कि सामान्यत: ग्रामीण महिलाओं के पास मोबाइल तो है, लेकिन उसका कोई सार्थक उपयोग जानकारी के अभाव में महिलाएं नहीं कर पा रही हैं। इसी के मध्येनजर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने यह सोचा कि यदि इन महिलाओं को मोबाइल के जरिए उपयोगी जानकारी दी जाए तो इनके जीवन में बदलाव लाया जा सकता है। घंटेल गांव में प्रशिक्षण दे रही बाला कहती हैं कि साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। फोन पे चलाना भी सिखाया है। फोन पर उपयोगी जानकारी सर्च करना महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित हो भी रहा है। चैट जीपीटी जैसे अत्याधुनिक फीचर्स का उपयोग ये महिलाएं कर रही हैं, यह अपने आप में बड़ी बात है। राजीविका से जुड़ी अधिकांश महिलाएं पहले से ही किसी न किसी आयपरक गतिविधि से जुड़ी हैं। ?से में ऑनलाइन लेन-देन की जानकारी इनके लिए काफी उपयोगी साबित होगी। मोबाइल ट्रेनिंग के बाद इन महिलाओं का आत्मविश्वास बहुत बढ़ गया है। यह है सात दिनों का पाठ्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के लिए डिजायन किए गए सात दिनों के पाठ्यक्रम में बुनियादी मोबाईल उपयोग जैसे मोबाईल ऑन ऑफ करना से लेकर मोबाईल में नम्बर सेव करना, संदेश भेजना, फोटो खींचना, वीडियो बनाना सिखाया जा रहा है। साथ ही इन्टरनेट के उपयोग में न्यू एप्लीकेशन इन्स्टॉल करना, शिक्षा एवं ज्ञान को बढ़ावा देने वाले एप्स, गूगल सर्च की जानकारी दी जा रही है। सोशल मीडिया अंतर्गत यू-ट्यूब चलाना एवं उपयोगी वीडियो के बारे में जानकारी, व्हाट्सअप (फोटो, सम्पर्क नम्बर, पीडीएफ, वॉइस मैसेज, फाईल एवं लोकेशन भेजना, स्टेटस लगाना और देखना, ग्रुप बनाना), फोन पे, गूगल पे आदि से डिजीटल पेमेन्ट, ऑनलाईन शॉपिंग एवं बुकिंग के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही साइबर सुरक्षा, डिजिटल फ्रॉड के बारे में बताया जा रहा है।

## राजस्थान विश्वविद्यालय एथलेटिक्स अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जयपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय तीन दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें लगभग 100 महाविद्यालयों के 1100 से अधिक पुरुष व महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सचिव खेल बोर्ड डॉ.प्रीति शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य राजस्थान विश्वविद्यालय खेल बोर्ड अध्यक्ष कुलदीप धनखड़ ने ध्वजारोहण कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को निष्पक्ष चयन का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय खेल बोर्ड को मूलभूत सुविधाओं की बेहतरी के लिए राजस्थान सरकार के साथ मिल कर हर संभव प्रयास करेगें। विशिष्ट अतिथि ओलम्पियन एवं अर्जुन पदक गोपाल सैनी ने कहा कि खिलाडियों को मेहनत, लगन और जुनून ही सफलता ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व कुलगुरू प्रो.अल्पना कटेजा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## एडीजे ने किया सूरतगढ़ के उपकारागृह का निरीक्षण





**श्रीगंगानगर,( हुक्मनामा समाचार )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने गुरूवार को तालुका क्षेत्र सूरतगढ़ के उपकारागृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकारागृह के बेरकों का निरीक्षण करके बंदियों को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं को देख कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपकारागृह रसोई का निरीक्षण करके भोजन की गुणवत्ता परखने, बंदियो से भोजन की गुणवत्ता के सम्बंध में जानकारी लेने के बाद बंदियों के साथ सम्पर्क सभा में समस्याओं की जानकारी लेकर मिल रही मूलभूत सुविधाओं के बारे में चर्चा करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री गजेंद्र सिंह तेनगुरिया ने बंदियों को विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि जेल में बन्द रहने के दौरान उनके पास कौन कौनसे विधिक अधिकार होते हैं। सभी बंदियों से उनके अधिवक्ता के बारे में भी पूछा गया और बताया कि जो बंदी कोई निजी अधिवक्ता करने में सक्षम नहीं है, वह प्रार्थना पत्र के जरिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति, सूरतगढ़ में आवेदन कर सकते हैं, तो प्रार्थी को तुंरत अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जाएगा, जो प्रार्थी की ओर से न्यायालय में पैरवी करेगा एवं इसके लिए प्रार्थी से किसी भी प्रकार का शुल्क भी नहीं लिया जाता है। स्कूल में विधिक शिविर का आयोजन हर्ष कॉनवेंन्ट स्कूल सूरतगढ़ में बच्चों को समाज में विद्यमान कुप्रथाओं के प्रति जागरूक करने एवं बाल विवाह की रोकथाम हेतु बच्चों में जागरूकता लाने के लिए विधिक शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया, बाल अधिकारिता विभाग श्रीगंगानगर के सहायक निदेशक श्री राजीव जाखड़, सहायक निदेशक, बाल कल्याण समिति श्रीगंगानगर के अध्यक्ष श्री जोगेन्द्र कौशिक, सदस्य बाल कल्याण समिति श्रीगंगानगर डॉ. रामप्रकाश शर्मा, हर्ष कन्वेंट स्कूल के चेयरमैन जिला लोकपाल श्री अनिल धानुका आदि ने विचार व्यक्त किए। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बच्चों को विधिक अधिकारों के बारे में भी जागरूक करते हुए वर्तमान में हमारे समाज में प्रचलित बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया।

## इंस्टाग्राम पर प्रसिद्धि पाने युवकों ने बनाया बस स्टैंड पर बम होने का प्रेंक वीडियो

**जयपुर/प्रतापगढ़।** इंस्टाग्राम पर प्रसिद्धि पाने के लिए शहर के बस स्टैंड पर बम होने का प्रैंक वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करना दो युवकों को भारी पड़ गया। जिले की साइबर सेल की सहायता से थाना प्रतापगढ़ पुलिस ने आमजन को भयभीत करने के आरोप में आरोपी युवकों इरफान पुत्र यूसूफ शेख (21) एवं शहीद पुत्र रहीम बक्श शेख (20) निवासी बजरंगगढ थाना हथुनिया को गिरफ्तार कर लिया। एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि असामाजिक तत्वों एवं बदमाशो पर एएसपी बलवीर सिंह मीणा व सीओ गजेन्द्र सिह राव के मार्गदर्शन में साईबर सैल द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी दौरान टीम के सामने प्रतापगढ बस स्टैण्ड पर बम होने का वायरल प्रैंक वीडियो आया। जिसमे दो युवक अफवाह फैला रहे थे व डरा धमका रहे थे कि इस बैग के पास कोई मत जाना, इस बैग में बम रखा हुआ है।

## एक भी आवेदनकर्ता नही पहुंचा शिविर मे



**पदमपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार केनिर्देश अनुसार जिला मुख्यालय के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में गाड़िया लुहारों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राहत प्रदान करने के लिए गुरुवार को ग्राम पंचायत 23 बीबी मे ग्राम पंचायत डेलवा, 8 एनएनए, 39 आरबी व जलोकी पंचायत का शिविर सरपंच बूटा सिंह की अध्यक्षता में लगाया । लाकि गाडिया लुहारो के आवेदन प्राप्त कर उन्हें आवासों के लिए भूखंड व पट्टे उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया को पूरा किया जा सके। लेकिन निर्धारित शिविर के दौरान 23 बीबी सरपंच को छोड किसी भी पंचायत का सरपंच नही पहुंचा ना ही ब्लाक स्तर को कोई बड़ा अधिकारी नही आया और तो और प्रचार - प्रसार अभाव मे गाडिया लुहारो की तरफ से कोई भी आवेदन आया । ऐसा लग रहा था मात्र औपचारिकताए पूरी हुई। ग्राम विकास अधिकारी राजू अहीर, अजय मुंजल, सीमा नरूला, ओम प्रकाश एवं गिरदावर रघुवीर राजपुरोहित सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजद रहे । सरपंच बूटा सिंह ने कहा कि राज्य सरकार का मनरेगा श्रमिकों की तरफ ध्यान केंद्रित नहीं होने के कारण काफी समय सेकार्य बंद पड़े हैं जिससे श्रमिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सरकार को चाहिए कि तुरंत प्रभाव से मनरेगा कार्य को शुरू करवाये।

## कलेक्टर ऑफिस से एसी आउटर के कॉपर पाईप व कूलरों की चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर/करौली,( हुक्मनामा समाचार )।** थाना कोतवाली पुलिस ने जिला कलेक्टर ऑफिस से एसी के आउटर के कॉपर के पाईप व 02 कूलर व एक कूलर स्टैण्ड को चोरी करने वाले आरोपीयों रामवीर पुत्र गोविन्द माली (19) निवासी गूलरघटा थाना कोतवाली करौली व विजय सिह पुत्र रामचन्द माली (25) निवासी हाथीघटा थाना कोतवाली को गिरफतार कर चोरी की घटना का पर्दाफाश किया है। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि 22 नवंबर को जिला कलेक्टर ऑफिस के कैशियर विष्णु द्वारा रिपोर्ट दी गई की 20 नवंबर को कार्यालय का निरीक्षण करने के दौरान कार्यालय में लगे 06 एसी के कॉपर पाईप, 2 कूलर व एक कूलर स्टैण्ड गायब मिले। इसी प्रकार अन्य विभाग अभय कमांड सेन्टर के 04 एसी आउटर के कॉपर पाईप, कोषाधिकारी कार्यालय के 03 एसी आउटर के कॉपर पाईप, एनआईसी कार्यालय के 1 एसी आउटर के कॉपर पाईप गायब मिले अज्ञात चोर एसी के कॉपर पाईप, 02 कूलर व एक कूलर स्टैण्ड को चोरी कर ले गये। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली करौली में अभियोग दर्ज कर ग्पाहनता से छानबीन की गयी। एसएचओ सुनील कुमार के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज चैक किये तो दो व्संदिग्ध घूमते हुये मिले। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुलजिमों की तलाश शुरू की गयी। हेड कांस्टेबल इन्दर सिंह, कांस्टेबल हेमवीर, नरेश व वीर प्रताप की टीम द्वारा तकनीकी आधार व संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के बाद आरोपी रामवीर व विजय सिंह को डिटेन किया गया।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्तों को सजा

**जयपुर।** जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने और अपराध में सहयोग करने वाले अभियुक्तों विकास, भोमाराम और गजेन्द्र को बीस साल की सजा से दंडित किया है। इसके साथ ही अदालत ने तीनों अभियुक्तों पर कुल 6.50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी केसी अटवासिया ने अपने आदेश में कहा कि यौन अपराध बच्चे के मन पर गहरा असर डालता है। जिससे वह मानसिक पीड़ा और अवसाद में चला जाता है। ऐसे में अभियुक्तों के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीडिता के परिजनों ने 12 अप्रैल, 2021 को गोविंदगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## साइबर-बुलीइंग, साइबर अपराध और साइबर उत्पीड़न भारत के संदर्भ में चुनौतियाँ और सख्त कदम उठाने की ज़रूरत : अक्षत



**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** अखिल भारतीय स्तर पर कानूनी सलाह उपलब्ध कराने वाली अग्रणी संस्था,॰ कॉर्पोरेट एडवाइजरी एंड लीगल सर्विसेज (ष्टरु) ने भारत में साइबर-बुलीइंग के खतरे का सामना कर रहे हर व्यक्ति की अनमोल ज़िंदगी बचाने और उसकी हिफाज़त करने के लिए, साइबर-बुलीइंग, साइबर अपराध एवं साइबर उत्पीड़न के क्षेत्र में नई राह दिखाने वाली पहल की शुरुआत की है। आज के डिजिटल जमाने में टेक्नोलॉजी में हो रही प्रगति के साथ लोगों के बीच आपसी संपर्क, बातचीत करने और जानकारी साझा करने के तरीके में बड़े पैमाने पर बदलाव आया है। हालाँकि, टेक्नोलॉजी में इस जबरदस्त प्रगति ने साइबर-बुलीइंग, साइबर अपराध और साइबर उत्पीड़न जैसी नई चुनौतियों के लिए भी दरवाजे खोल दिए हैं, जो भारत के साथ-साथ दुनिया भर में एक बड़ी सामाजिक चुनौती के तौर पर उभरकर सामने आ रहे हैं। भारत जैसे देश में ये समस्याएँ विशेष रूप से गंभीर हैं, जहाँ इंटरनेट के उपयोग में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। परंतु सामने आने वाले ऑनलाइन खतरों की तुलना में इसे नियमों के दायरे में लाने वाली व्यवस्था और जागरूकता काफी पीछे है।इस मौके पर,॰ कॉर्पोरेट एडवाइजरी एंड लीगल सर्विसेज (ष्टरु) के संस्थापक, श्री अक्षत खेतान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, भारत धीरे-धीरे डिजिटल रूप से सशक्त समाज बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, इसलिए साइबर-बुलीइंग, साइबर अपराध और साइबर उत्पीड़न की वजह से सामने आने वाले खतरों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। नीति निर्माताओं, शिक्षकों, कानून लागू करने वाली संस्थाओं और आम लोगों को इन समस्याओं पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। भारत इस मुद्दे के सभी पहलुओं को शामिल करने वाला कानूनी ढांचा तैयार करके, लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाकर और कानून लागू करने वाली संस्थाओं को मजबूत करके, इन ऑनलाइन खतरों के हानिकारक प्रभावों को कम करने की शुरुआत कर सकता है, साथ ही यह सुनिश्चित कर सकता है कि इंटरनेट अपने सभी उपयोगकर्ताओं के लिए पूरी तरह सुरक्षित बना रहे। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में हर साल साइबर धोखाधड़ी के लगभग 77769 मामले दर्ज किए जाते हैं और लगातार बढ़ रही इस समस्या पर काबू पाने के लिए पर्याप्त कानूनी उपायों की आवश्यकता है।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल से गिरने से लैब टेक्नीशियन की मौत

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में गुरुवार को प?ौसी की निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल से गिरने से एक लैब टेक्नीशियन की मौत हो गई। थाने में मृतक के भाई ने प?ौसियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। मृतक के भाई का आरोप है कि मीटिंग के बहाने भाई को निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर बुलाया। कहासुनी पर ईंट से भाई के सिर पर वार किया। इसके बाद बिल्डिंग से नीचे फेंककर हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) ललित किशोर शर्मा ने बताया कि मृतक सुभाष लवानिया (49) पुत्र गोविन्द सहाय रैगर मानसरोवर के हीरा पथ पर उत्तर नगर में परिवार के साथ रहता था और मेडिकल लैब में टेक्नीशियन का काम करते था।

## चानी में एडीएम प्रशासन की रात्रि चौपाल आयोजित



**बीकानेर,( हुक्मनामा समाचार )।** अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीणा ने कहा कि ग्राम चानी में सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिकों को चिन्हित करने के लिए सर्वे कार्य प्राथमिकता से करवाया जाए। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) ने ग्राम पंचायत चानी में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि गाँव में गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण तथा सोनोग्राफी के लिए चिकित्सा विभाग राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ दें। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी नियमित सर्वे करते हुए विद्युत व्यवस्था सुचारू रखे तथा कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त व निर्धारित विद्युत सप्लाई दी जाए। इसके अतिरिक्त विद्युत के खुले तारों को नियमानुसार अविलंब ढकने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को तारबंदी योजना सहित विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त ज़िला कलक्टर (प्रशासन) ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को चानी में ऊँटनी के गर्भधारण की जानकारी कर सर्वे करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को लीकेज समस्या के निवारण के लिए सर्वे करवाकर पाइपलाइन दुरुस्त करवाने हेतु निर्देशित किया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों में नियमित शिक्षा पर ध्यान देने के निर्देश दिए। पात्र लोगों का मतदाता सूची में जुड़वाएं नाम उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने रात्रि चौपाल के दौरान क्षेत्र के बीएलओ को निर्देशित किया कि घर-घर सर्वे कर 18 साल पूर्ण करने वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करवाया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने ग्राम में निवासित राजकीय कार्मिकों को महिला मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए महिलाओं को प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वयं भी पहल कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाए और देश निर्माण में अपनी भागीदारिता निभाएं।

## अमेजन एमएक्स प्लेयर ने रोमांटिक ड्रामा हार्टबीट्स का ट्रेलर रिलीज़ किया, जिसमें शिवांगी जोशी और हर्ष बेनीवाल मुख्य भूमिका में हैं

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** इंतज़ार आखिरकार खत्म हुआ क्योंकि अमेज़न की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने आज अपनी रोमांटिक ड्रामा सीरीज़ हार्टबीट्स का एक दिल छू लेने वाला ट्रेलर रिलीज़ किया है। दिल्ली के गायत्री देवी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो युवा मेडिकल इंटर्न के जीवन के बारे में है जो उच्च-दांव वाली आपात स्थितियों, महत्वाकांक्षाओं और आधुनिक रिश्तों की मुश्किलों से जूझते हैं। रस्क मीडिया द्वारा बनाई गई इस सीरीज़ में हर्ष बेनीवाल, शिवांगी जोशी, निशांत मलकानी, युवराज दुआ जैसे बेहतरीन कलाकार शामिल हैं और यह सीरीज 29 नवंबर से अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह ट्रेलर अक्षत के जीवन की एक झलक पेश करता है, जो एक छोटे शहर का लड़का है और बड़े अरमानों से प्रेरित है, जो एक ऐसी दुनिया में कदम रखता है जो उसके मूल से बहुत अलग है। उसके साथ सांझ भी है, जो एक ज़िद्दी और दृढ़ साथी है जो हर कदम पर उसे चुनौती देती है और साथ ही उसकी सबसे करीबी सहयोगी भी बन जाती है। डॉ. आनंद फाउंडेशन स्कॉलरशिप को जीतने की उम्मीद में, इस यात्रा में दोस्ती की परख, टूटे दिल, और उन प्रेम कहानियों से भरी हुई है जो जीवन बचाने की चुनौतियों के बीच लिखी जाती हैं। अक्षत पर बढ़ते हुए कर्ज और अपनी ही पसंदों का दबाव है, और दर्शक यह सोचने को मजबूर होते हैं - क्या वह इससे ऊपर उठ पाएगा, या उसके अरमान और प्रेम असफल हो जाएंगे अमेज़न एमएक्स प्लेयर के हेड ऑफ कंटेंट अमोघ दुसाद ने कहा, हार्टबीट्स एक नए युग का ड्रामा है, जिसका उद्देश्य युवा दर्शकों की भावनाओं और महत्वाकांक्षाओं को जगाना है। कहानी को एक मेडिकल ड्रामा के रूप में पेश किया गया है, जिसमें उभरते डॉक्टरों की चुनौतियों, अद्वितीय रिश्तों और परिवर्तनकारी यात्राओं को भी दिखाया गया है। सीरीज़ का हिस्सा बनने और सांझ का किरदार निभाने के बारे में बात करते हुए, शिवांगी जोशी ने कहा, सांझ एक खूबसूरती से परत दर परत विकसित किया गया किरदार है, जो महत्वाकांक्षा और नर्मी को इस तरह से जोड़ता है जो गहराई से संबंधित है। उसके संसार में कदम रखना मेरे लिए एक अद्भुत यात्रा थी। हार्टबीट्स ड्रामा, रोमांस और उम्मीद का एक बेहतरीन मिश्रण लाता है, और मुझे यकीन है कि यह दर्शकों को प्रेरित और गहरे भावनात्मक रूप से प्रभावित करेगा। सीरीज में अक्षत की भूमिका निभाने वाले हर्ष बेनीवाल ने कहा, अक्षत की कहानी उम्मीद और सहनशीलता की है, जो मुझे लगता है कि हर कोई इससे जुड़ सकता है।

## शॉप्सी शादी के खरीदारीको कि फायती, सुलभ और रोमांचक बनाता है

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** भारत में शादी का मौसम प्यार और परंपरा का एक जीवंत उत्सव है, जहां हर शहर और परिवार अपने अनोखे तरीके से जश्न मनाते हैं। स्थानीय परंपराओं से लेकर व्यक्तिगत सजावट तक, हर शादी भारत की संस्कृति की विविधता को दर्शाती है। यह एकजुटता का समय है, जहां रीति-रिवाज और उत्सव पारिवारिक बंधन को मजबूत करते हैं और जिससे यह पल जीवन भर के लिए यादगार बन जाता हैं। भारत का अग्रणी हाइपरवैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी, पूरे भारत में परिवारों की विशेष जरूरतों को पूरा करने और इन खुशी के पलों को और भी यादगार बनाने के लिए वेडिंग सीजन सेल आयोजित कर रही है।शादी की आवश्यक वस्तुओं पर 50त्न से अधिक की छूट के साथ, शॉप्सी का कस्टमाइज़्ड वेडिंग स्टोरफ्रंट यह गारंटी देता है कि जिन उत्पादों की ग्राहंको को तलाश है वह उत्पाद उन्हें आसानी से मिल जाएं और इस त्योहारी सीज़न में कोई भी पीछे न रहे। शॉप्सी परिवारों और दोस्तों को उनकी सपनों की शादी का लुक बनाने में मदद करने के लिए एकदम सही चयन पेश करता है, जिसमें खूबसूरत साड़ियों और स्टाइलिश सूटों से लेकर चमकदार आभूषणों और ट्रेंडी एक्सेसरीज़ शामिल हैं। शॉप्सी ने पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए आवश्यक वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला तैयार की है, ताकि शादी की खरीदारी को अधिक किफायती, सुलभ और रोमांचक बनाया जा सके। इस संग्रह में हर अवसर को शामिल किया गया है, जिसमें शादी समारोह, शादी के बाद के उत्सव, जैसे हल्दी, मेहंदी और संगीत शामिल हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि समारोह के दौरान हर कोई चमक सके, दूल्हे और दुल्हन के दोस्तों के लिए भी स्क्वाड गोल्स के लिए डिज़ाइन किए गए एक विशेष संग्रह में शामिल किया गया है। शॉप्सी की कुछ श्रेणियां यहां दी गई हैं जो शादी की खरीदारी को आसान, अधिक किफायती और भारत की समृद्ध परंपराओं के अनुरूप बनाती हैं।

## मेडिकामेन ऑर्गेनिक्स ने H1 FY25 में कुल राजस्व में 49प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की In H1 FY25

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** मेडिकेमेन ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (MOL) (NSE- MEDIORG), जो फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है और फार्मास्युटिकल डोजेज के विकास, निर्माण और वितरण में विशेषज्ञता रखती है, ने अपने H1 FY25 के अनऑडिटेड परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, प्रबंध निदेशक श्री बल किशन गुप्ता ने कहा, हमें FY25 की पहली छमाही में कुल आय, EBITD, और शुद्ध लाभ में महत्वपूर्ण वृद्धि की रिपोर्ट करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह हमारे जैविक स्वास्थ्य समाधानों की बढ़ती मांग और हमारी संचालन रणनीतियों की प्रभावशीलता को दर्शाता है। हमारा शुद्ध लाभ सकारात्मक वृद्धि जारी रखता है, जो हमारे व्यवसाय की मजबूती को मजबूत करता है। आगे देखते हुए, हमें अपने भविष्य की संभावनाओं पर पूरा भरोसा है। हमारी त्वरित कार्यक्षमता हमें वैश्विक स्वास्थ्य सेवा नेताओं के साथ प्रमुख साझेदारी करने की अनुमति देती है, जबकि हमारी मजबूत उत्पाद पाइपलाइन बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार अधिक से अधिक उत्पादों के विकास का वादा करती है। कम ऋण, मजबूत वित्तीय स्थिति और बढ़ती वैश्विक उपस्थिति के साथ, हम पर्याप्त विकास के लिए तैयार हैं। हम निर्यात क्षेत्र में अपने ब्रांड के माध्यम से विस्तार और वृद्धि करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं और अपने निवेशकों के लिए स्थायी मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## वीरहेल्थ केयर लिमिटेड ने Q2 FY25 में कुल आय में 27प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, 5.39 करोड़

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** वीरहेल्थ केयर लिमिटेड (क्र्स्श्च ङ्कश्वश्वक्र॥श्वस्न्न॥), आयुवीर, जो वीरहेल्थ के आयुर्वेद में विशेषज्ञता से समर्थित है, प्राकृतिक अवयवों से आयुर्वेदिक दवाइयाँ और मौखिक देखभाल उत्पाद तैयार करने में माहिर है। गुणवत्ता और किफ़ायतीपन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आयुवीर अपने ग्राहकों को एक असाधारण और सुरक्षित दैनिक देखभाल अनुभव प्रदान करने का उद्देश्य रखता है।.संयुक्त राज्य अमेरिका में नए निर्यात आदेश के साथ संचालन का विस्तार, जो 0.34 करोड़ के आसपास है, अमेरिका के एक प्रमुख संस्थागत आपूर्तिकर्ता से। करीब 3.00 करोड़ के आदेशों का निर्माण और शिपमेंट। मुंह की देखभाल श्रेणी में 0.84 करोड़ का निर्यात आदेश प्राप्त किया, जो अमेरिका के शीर्ष संस्थागत आपूर्तिकर्ता से है। वृद्धि हुई मांग को पूरा करने और उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए वर्तमान निर्माण सुविधा के बगल में अतिरिक्त 27,451 वर्ग फुट भूमि का विस्तार और अधिग्रहण। नई सुविधा में प्लास्टिक ब्लो मोल्डिंग और इंजेक्शन मोल्डिंग मशीनें स्थापित की जाएंगी, जिससे पैकेजिंग और सहायक सामग्रियों का उत्पादन अंदर ही किया जा सकेगा।

# बीमारियों की आड़ में डेपुटेशन का खेल

## आरटीआई में दी गलत जानकारी, क्या होगा कोई एक्शन

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** एक ओर सरकार और उनके विभागीय अधिकारी पूरी पारदर्शिता से काम करने का दंभ भरते है। लेकिन वे कितने पारदर्शी और निष्पक्षता से काम कर रहे है। इसकी बानगी उनके ही आदेशों में देखने को मिलती है। ऐसा ही कारनामा बीकानेर के मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में देखने को मिल रहा है। जो सरकार की ओर से पारित सूचना के अधिकार कानून का कितना मखौल उड़ा रहा है और सरकार के आदेशों को दरकिनार मौसमी बीमारियों की आड़ में अपने चेहतों के पदस्थापन कर रहा है। ऐसे ही तीन से चार प्रकरण सामने आएं है। जिसमें सीएमएचओ ने तबादलों के बैन के बाद भी डेंगू व अन्य मौसमी बीमारियों की आड़ में अपने चेहतों के स्थानान्तरण कर दिए। जबकि एक माह पहले आरटीआई में दी गई सूचना में जनवरी 2024 से 22 नवम्बर तक एक भी डेपुटेशन नहीं करने की बात कही है। मजे की बात तो यह है कि जब स्थानीय मिडिया के प्रतिनिधियों ने उनसे पूछा तो वे भी आज दिनांक तक किसी प्रकार के डेपुटेशन नहीं होने का दम भर रहे है। जबकि उनके ही हस्ताक्षर से कई चिकित्सकों के डेपुटेशन आदेश जारी हुए है। वो भी अक्टुबर और नवम्बर माह में। आरटीआई में ये दी गई सूचना- सामाजिक कार्यकर्ता राजूदेवी व्यास की ओर से लगाई गई आरटीआई में सूचना चाही गई कि सीएमएचओ कार्यालय की ओर से आज दिनांक तक कितने डेपुटेशन किये गये है। जिसका जबाब देते हुए कार्यालय आदेश संख्या 8243 में बताया गया है कि जनवरी 2024 से 22 नवम्बर तक डेपुटेशन के नाम पर किसी प्रकार के आदेश जारी नहीं किये गये है। इन चिकित्सा अधिकारियों को लाया गया बीकानेर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता के 21 अक्टु 24 को आदेश स संख्या 6947 निकालकर प्राथमिक स्वा केन्द्र रासीसर पुरोहितान की चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्षिता पुरोहित को सिटी डिस्पेन्सरी संख्या 6,पांच नवम्बर 24 के आदेश संख्या 7437 के अनुसार जिला चिकित्सालय नोखा के चिकित्सा अधिकारी डॉ गौरव शर्मा को शहरी प्राथमिक स्वा केन्द्र नं तीन,11 नवम्बर 24 के आदेश संख्या 7879 के अनुसार जिला अस्पताल नोखा की दंत चिकित्सक डॉ शिवानी कालरा को जो वर्तमान में सिटी डिस्पेन्सरी नं 3 में कार्यरत है,को सिटी डिस्पेन्सरी नं 7 में पदस्थापित किया गया है। इन तीन के अलावा भी कई चिकित्सकों को राजनीतिक दबाव के चलते डेपुटेशन पर ग्रामीण अंचलों से बीकानेर लाया गया है। डेंगू-मौसमी बीमारियों को बनाया आधार मजे की बात तो यह है कि सभी आदेशों में डेंगू,मौसमी बीमारियों या चिकनगुनिया को आधार बनाया गया है। चाहे वो चिकित्सक दंत रोग विशेषज्ञ हो या कोई ओर चिकि त्सक। आदेशों में इस प्रकार के रोगों को आधार बनाया जाता है। मानो वे रोग केवल शहरी इलाकों में ही होते हो। ग्रामीण अंचलों में नहीं। सीएमएचओ ने दी गलत जानकारी,क्या होगा एक्शन सीएमएचओ की ओर से आरटीआई में दी गई सूचना में गलत जानकारी उपलब्ध क रवाई गई। जो अब चर्चा का विषय बनी हुई है। अपने आदेश में उन्होंने साफ तौर पर किसी प्रकार के डेपुटेशन के लिये मनाही की है। जबकि उन्हीं के हस्ताक्षर से डेपुटेशन के आदेश उन्हीं दिनों में जारी हुए है। ऐसे में सूचना के अधिकार के तहत दी गई जानकारी में गलत सूचना देने पर क्या विभागीय कार्रवाई होगी। इन्होंने ने कहा पिछले ग्यारह महीनों में सरकार के आदेशानुसार किसी प्रकार के स्थानान्तरण व डेपुटेशन नहीं किये गये है।

**डॉ राजेश गुप्ता,**
**सीएमएचओ, बीकानेर।**

## सीएस को तलब कर एक लाख रुपये के हर्जाना आदेश पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना से जुडे मामले में दायर याचिका में एकलपीठ की ओर से मुख्य सचिव को तलब करने और राज्य सरकार पर एक लाख रुपये का हर्जाना लगाने के आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश मुख्य सचिव की ओर से दायर याचिका अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि एकलपीठ ने मामले को जनहित याचिका की तरह से देखते हुए आदेश जारी कर दिए और सरकार पर एक लाख रुपये का हर्जाना भी लगा दिया। अपील में महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने अदालत को बताया कि एकलपीठ के समक्ष आरएसआरटीसी के खिलाफ याचिका दायर की गई थी। जिसकी राज्य सरकार पक्षकार भी नहीं थी। इसके बावजूद एकलपीठ ने न केवल मामले में मुख्य सचिव को तलब किया, बल्कि 2015 के एक आदेश का हवाला देते हुए सरकार पर एक लाख रुपये का हर्जाना भी लगा दिया।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर भाई के साथ करी धोखाधड़ी

**बीकानेर।** यह मामला बीकानेर शहर के सदर पुलिस थाने का है। जहां फर्जी दस्तावेज बना कर भाई ने भाई से धोखाधड़ी करी। इस संबंध में कुचीलपुरा निवासी अली मोहम्मद पुत्र खुदाबक्श ने व्यास कॉलोनी निवासी आमीन मोहम्मद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। याचक ने बताया कि, हमारे पैतृक मकान पर हमारा भी हक है, लेकिन भाई आमीन मोहम्मद ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके फर्जी तरीके से अन्य व्यक्ति के साथ इकरारनामा उक्त मकान बेच दिया, जबकि मकान बेचने का अधिकार आमीन मोहम्मद के पास नहीं है। आमीन व अन्य ने आपसी मिलीभगत कर खुद को बताया लाभ पहुंचाने ओर मुझे नुकसान पहुंचाने की नियत से यह धोखाधड़ी करी है। नकली दस्तावेज तैयार कर उसने चलन में लाकर उनको असली के रूप में प्रयोग करके धोखाधड़ी करी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 की जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में तेजरासर की कोमल कंवर विजयी

### कोमल राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में करेगी बीकानेर का प्रतिनिधित्व




**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** तंबाकू सेवन से जुबां केसरी नहीं बल्कि कैंसरी होती है, इसलिए आमजन को अपनी अक्ल लगानी चाहिए और इससे बचना चाहिए। यह कहना था ग्राम तेजरासर की छात्रा कोमल कंवर का जो टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय विद्यालयी भाषण प्रतियोगिता में विजयी रही है। तेजाणा शिक्षण संस्थान की छात्रा कोमल अब राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली भाषण प्रतियोगिता में बीकानेर का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्वास्थ्य भवन सभागार में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों ने तम्बाकू के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाकर, छोड़ने वालों को रिहैबिलिटेशन सेवा उपलब्ध करवाकर, कोटपा एक्ट की सख्ती से पलाना करवाकर और तम्बाकू उद्योग में लगे मजदूरों को अन्य धंधों में रोजगार देकर धीरे-धीरे सिस्टेमेटिक तरीके से देश से तम्बाकू का जहर हटाने की वकालत की। उप विजेता रही राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, खारी की छात्रा धापू कुमावत जबकि राजकीय महात्मा गांधी स्कूल, खियेरा की ज्योति रेगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ लोकेश गुप्ता, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जनागल, शहरी स्वास्थ्य प्रभारी डॉ मनोज गुप्ता तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान किए। निर्णायक मंडल में डॉ लोकेश गुप्ता, डॉ मुकेश जनागल, डॉ मनोज गुप्ता व जिला कार्यक्रम समन्वयक मालकोश आचार्य शामिल रहे। डॉ गुप्ता ने बताया कि जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी जिसके विजेताओं की खंड स्तर पर प्रतियोगिताएं करवाई गई।

## शहीद मेजर पूर्ण के 59 वें बलिदान दिवस पर विशाल श्रद्धांजलि सभा आज

**बीकानेर।** बीकानेर के शूरवीर योद्धा शहीद मेजर पूर्ण सिंह के आज 59 वें बलिदान दिवस के अवसर पर स्थानीय मेजर पूर्ण सिंह सर्किल पर प्रात 9:15 बजे वीर शहीद को बीकानेर की आवाम द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान की जाएगी। श्रद्धांजलि सभा के आयोजक कर्नल हेम सिंह शेखावत ने बताया कि, इस सभा में शहीद परिवार के सदस्य, मित्र, सैन्य अधिकारी, सैनिक, बी एस एफ की बटालियन, जिले के प्रशासनिक अधिकारी, गौरव सेनानी एसोसिएशन, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड ,शहीद मेजर पूर्ण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र बीकानेर के राजनेता एवं गणमान्य नागरिक श्रद्धा सुमन अर्पित कर वीर शहीद मेजर पूर्ण सिंह जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

## मेड़तिया पर मुकदमें को लेकर बार एसोसिएशन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** बार एसोसिएशन, बीकानेर के अधिवक्ता सदस्य अधिवक्ता भगवान सिंह मेड़तिया द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से एवं काननू सम्मत अपनी बात रखी गई थी, जिसमें पुलिस थाना बीछवाल द्वारा अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार कर द्वेषतापूर्ण कार्यवाही अधिवक्ता भगवान सिंह मेड़तिया के विरूद्ध पुलिस थाना बीछवाल द्वारा की जा रही है तथा इसके अतिरिक्त वर्तमान में पुलिस प्रशासन द्वारा भी पुलिस थानों में ही अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार की घटनाओं ने भी तूल पकड़ा हुआ है। पुलिस कर्मियों द्वारा वकील समुदाय के खिलाफ लगातार अभद्रतापूर्वक व्यवहार किया जा रहा है। इसको लेकर गुरुवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुवीर सिंह भाटी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर घटनाक्रम में जानकारी दी है। जिस तरह की घटना के एक महिने के बाद मामला दर्ज किया है। जिससे तमाम वकील समुदाय में रोष व्याप्त है। अधिवक्ता भगवान सिंह मेड़तिया द्वारा अपनी बात लोकतांत्रिक तरीके एवं कानून सम्मत रखी गई थी। जिसके पश्चात् भी उनके विरूद्ध कार्यवाही पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है। यह कि उक्त घटना एवं इससे पूर्व घटित घटनाओं की बार एसोसिएशन, बीकानेर कड़े शब्दों में भर्तस्ना कर घोर निन्दा करती है एवं वकील समुदाय में भी भारी रोष व्याप्त है।

## युवा रचनाकार आबिद परिहार मिलनसार व्यक्ति थे : कमल




**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** श्रीजुबली नागरी भंडार पाठक मंच,बीकानेर के तत्वावधान में सुदर्शना कला दीर्घा में पाठक मंच के सक्रिय सदस्य,गंम्भीर साहित्यानुरागी और युवा रचनाकार आबिद परिहार के असामयिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन रखा गया जिसमें बीकानेर के हिंदी,उर्दू व राजस्थानी के साहित्यकारों ने मरहूम आबिद को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के सूत्रधार राजस्थानी के वरिष्ठ रचनाकार कमल रंगा ने बताया कि आबिद परिहार के चित्र पर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी मगफिरत की दुआ की गई। वरिष्ठ साहित्य प्रेमी नंद किशोर सोलंकी ने आबिद परिहार के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके व उनके पिता हसन खां परिहार के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि आबिद अपने पिता की तरह नेक,मिलनसार और सज्जन व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि आबिद को पढ़ने लिखने का बहुत शोक था और उनका अध्ययन विस्तृत था। राजस्थानी के वरिष्ठ कवि लेखक कमल रंगा ने आबिद परिहार के साथ बिताए भावनात्मक पलो को याद करते हुए कहा कि आबिद गजब का शिष्टाचार था।

## दिया जलाते समय साड़ी में लगी आग

**बीकानेर।** जय नारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना में 80 वर्षीय महिला लतिका देवी पत्नी देवाशीष राय, निवासी झारखंड हाल बीएसएफ कैंपस में रह रही थीं गत मंगलवार देर शाम अपने घर मे बने मंदिर मे पूजा के दौरान जब लतिका देवी घर में अपने मंदिर मे पूजा के लिए दीपक जला रही थीं। इसी दौरान लतिका की साड़ी ने अचानक आग पकड़ ली। परिवार के सदस्यों ने आग बुझाने का प्रयास किया,गंभीर रूप से झुलसने पर उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए पीबीएम अस्पताल ले जाया गया। गंभीर जलने के कारण इलाज के दौरान आज गुरूवार की सुबह उनकी मौत हो गई। फिलहाल इस मामले को लेकर जेएनवीसी थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संविधान हमारे संकल्प, समता और स्वतंत्रता का प्रतीक : डॉ. श्रीमाली



## सूचना केन्द्र में आयोजित फोटो प्रदर्शनी का समापन आज

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** संविधान दिवस के अवसर पर सूचना केन्द्र में लगाई गई फोटो प्रदर्शनी के दौरान गुरुवार को 'संविधान और हम' विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान नेशनल कॅरियर काउंसलर डॉ. चंद्र शेखर श्रीमाली ने कहा कि भारत का संविधान सिर्फ दस्तावेज नहीं, यह हमारे संकल्प, समता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। यह हमें एक सूत्र में बांधता है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। हमें इसके प्रति श्रद्धा और सम्मान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी आमजन के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए तथा देश को आगे बढ़ाने में अपना सकारात्मक योगदान देना चाहिए। जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक हरि शंकर आचार्य ने कहा कि विविधता में एकता हमारी सबसे बड़ी खूबी है। हमारा संविधान हमें समानता का अधिकार देता है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में ऐतिहासिक फोटो संकलित किए गए हैं। प्रदर्शनी का समापन शुक्रवार को होगा। सहायक जनसंपर्क अधिकारी निकिता भाटी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान जनसंपर्क कार्यालय के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी बृजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ सहायक प्रियांशु आचार्य सहित सूचना केन्द्र के पाठक मौजूद रहे।

## खेत में मिला 'पाकिस्तान' लिखा गुब्बारा, अलर्ट पर सुरक्षा ऐजेंसिया

**बीकानेर।** सीमावर्ती इलाकों में आए दिन संदिग्ध वस्तुएं मिलने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। गुरुवार को बीकानेर के छत्तरगढ़ के केला गांव में एक खेत में 'पाकिस्तान' लिखा गुब्बारा मिलने से हड़कंप मच गया। यह गुब्बारा ड्रोन जैसी आकृति का था, जिसे देखकर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने गुब्बारे को कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी। स्थानीय प्रशासन और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) भी इस घटना को लेकर सतर्क हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी इस क्षेत्र में कई बार पाकिस्तान से जुड़े गुब्बारे या अन्य संदिग्ध वस्तुएं मिल चुकी हैं।

# जिला कलेक्टर ने दिए राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने राजस्व न्यायालयों में 5 से 10 वर्ष पुराने लंबित मामलों पर शीघ्र सुनवाई करते हुए प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में उन्होंने राजस्व न्यायालयों के दर्ज व निर्णित मामलों को जीसीएमएस पोर्टल पर अपडेट करने एवं नियमित रूप से राजस्व न्यायालयों की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपखंड और विकास अधिकारियों को लंबित पेंशन सत्यापन प्रक्रिया संबंधी प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निस्तारित करने को कहा। भूमि आवंटन प्रक्रिया में अनियमितता पाए जाने वाले प्रकरणों में आगामी तीन माह में जांच व निरीक्षण कर पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए राजमार्गों पर हुए अतिक्रमण को हटाने तथा निर्धारित सीमा से आगे बढ़े हुए ढाबों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान एलआर एक्ट के तहत विचाराधीन मामलों के निस्तारण में प्रगति लाने, भू-रूपांतरण एवं गैर खातेदारी मामलों का जल्द निस्तारण करने, रोड़ा एक्ट के मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमाज्ञान, भू-रूपांतरण और ऑनलाइन सेवाओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। बीएलओ घर-घर सर्वे कर वंचित महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ें जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने उपखंड अधिकारियों को मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा की मतदाता सूचियों में बीएलओ के माध्यम से पात्र वंचित महिलाओं के नाम जुड़वाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ के माध्यम से घर-घर का सर्वे कर पात्र महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत जोड़ने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदान केंद्र जहां मतदाता सूचियों में महिलाओं का पंजीकरण कम है, उन क्षेत्रों के बीएलओ के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। मंडियों में आने वाली किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके मद्देनजर उपखंड अधिकारियों को इनका नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

## अपना घर आश्रम वृंदावन एंक्लेव में झूम उठे वरिष्ठ जन



**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** अमन कला केंद्र द्वारा गुरुवार को अपना घर वृद्ध आश्रम वृंदावन एंक्लेव कॉलोनी में वृद्ध भाइयों को खुशियां प्रदान करने के लिए फिल्म संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी व अपना घर के ज्ञान जी ने बताया की कार्यक्रम में बीकानेर मुख्य अतिथि एन डी रंगा अध्यक्ष सखा संगम थे। विशिष्ट अतिथि भारत प्रकाश माली ,दुर्गा राम मूंड , डासबीर पंवार थे । कार्यक्रम में एम रफीक कादरी , अनवर अजमेरी, अशोक सोनी, सिराजू दिन खोखर, नदीम हुसैन एवं संजीव एरन सहित आदि गायक कलाकारों ने पुराने फिल्मी गीत सुनकर सभी वृद्ध जनों को खुशियां प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन एम रफीक कादरी ने किया।

## पेट्रोल भरवाया फिर बिना रुपये दिए ही चालक हुआ फरार

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** पेट्रोल पम्प से गाड़ी में डीजल भरवाकर बिना रुपये दिये फरार होने के मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीकानेर जिले में नोखा थाना क्षेत्र के निवासी कन्हैयालाल झंवर पुत्र छगनलाल ने थाना में लिखित परिवाद दिया की आरोपी चेतनराम पुत्र मोहनराम निवासी माताजी की डोल, रोहिणा तहसील बाप जिला जोधपुर ने परिवादी के पैट्रोल पम्प राजेन्द्र पैट्रोल पम्प नोखा से अपनी गाड़ी में 1520 रूपये का पैट्रोल भरवाकर बिना पैसे दिये गाड़ी लेकर फरार हो गया।

## दुकान में घुसकर दो भाइयों के साथ करी मारपीट, नकदी लेकर हुए फरार

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** यह घटना बीकानेर शहर के मालियों का मौहल्ला भीनासर की है। जहां कल 27 नवम्बर की शाम को दुकान में घुसकर दो भाईयों के साथ मारपीट ओर तोडफ़ोड़ कर पैसे छीनकर फरार। इस सम्बंध में मालियों का मोहल्ला भीनासर निवासी मनोज सोंलकी ने नैनाराम, मगाराम, आसुराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। याचक ने ने बताया कि, हम दोनो भाई दुकान पर थे। इसी दौरान आरोपि दुकान में घुसे और गाली गलौच कर मारपीट करते हुए दुकान में तोडफ़ोड़ की और गल्ले से 4000 हजार रूपए लेकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** जिले में आईजी व एसपी के कड़े निर्देशों के बाद सभी थानाधिकारी अलर्ट मोड पर काम कर रहे है। आदेशों के अनुसार किसी भी तरह का नशे का कारोबार नहीं कर देना है। इस पर पुलिस लगातार नशे के तस्करों को दबोचा रही है। यह कार्यवाही बीकानेर जिले के खाजूवाला पुलिस द्वारा की गई है। जहां गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर एक स्विफ्ट कार में अवैध नशा लेकर जा रहे थे। जिसके चलते पुलिस ने युवक सहित कार को दबोचा कर 134 ग्राम गांजा ओर रमेश कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही, आरोपी रमेश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज किया गया है।

## आगम तपोत्सव के समापन पर भक्ति संगीत के साथ 18 अभिषेक महापूजन

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वर महाराज आदि ठाणा व साध्वीश्री विजय प्रभा व प्रभंजनाश्रीजी आदि ठाणा के सान्निध्य में गुरुवार को आगम तपोत्सव के समापन पर भक्ति संगीत के साथ 18 अभिषेक महापूजन किया गया। श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा ने बताया कि गुरुवार को ढढ्ढा चौक के कोठारी भवन से आचार्यश्री के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ आगम तप के दौरान प्रदत परमात्मा की प्रतिमाओं के साथ अपने घर की प्रतिमाओं को किनार की थाली में लेकर शामिल हुए। जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी के सान्निध्य में 19 दिसंबर को मेड़ता तीर्थ से आसोतरा तीर्थ तक निकलने वाली छः रि पालित यात्रा संघ में शामिल होने वाली वंदनीय पूजनीय भगवान पार्श्वनाथ तथा दादा गुरुदेव की प्रतिमा को एक वाहन में प्रतिष्ठित कर लाया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रावक-श्राविकाएं ''चंदन की दो चौकियां पुष्पन के दो हार केसर भरियो बाटको पूजो नैन कुमार'' के साथ देव, गुरु व धर्म के नारे लगा रहे थे। सुगनजी महाराज के उपासरे में जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी महाराज ने स्वयं मंत्रोंच्चारण करते हुए व भक्तिगीत गाते हुए परमात्मा का पंच गव्य, सुगंधि, पुष्प, तीर्थोदक, केसर चंदन दूध, कर्पूर, केशर पुष्प,सदौषधि आदि से अभिषेक करवाया। मंत्रोच्चारण में मुनि संवेग रतन सागर व भक्ति गीतों में बाल मुनि सहित मुनिवृंद ने भागीदारी निभाई। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी महाराज ने ''हर घर मंदिर हो'', ''व्हाला आदिनाथ में तो पकड्यों थारो हाथ'', अर्हम-अर्हम, अर्हम-अर्हम, अर्हम-अर्हम, अर्हम-अर्हम अजब धुन अर्हमनी लागी रे'' , '' पार्श्वनाथ आपके चरणों में वंदना'', ''पूजा करने आओ के प्रभुजी दर्शन करने तरसे आखंडली'' व जैनम जयती शासनम्, अरिहंत मंगलम साहू मंगलम'' सहित प्रभु भक्ति में लीन करने वाले स्तवन व भजन सुनाकर अभिषेक करने वाले श्रावक-श्राविकाओं को परमात्म भक्ति से सराबोर रखा। आगम तपोत्सव के समापन व 18 अभिषेक महापूजन में श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ, मंत्री मनीष नाहटा, श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के सदस्य पवन खजांची सहित बड़ी संख्या में तप साधकों ने भागीदारी निभाई। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी महाराज के सान्निध्य में भवोदधितरक-शिव सुखकारक ''श्री 45 आगम तप'' भगवान श्री नमिनथ जन्म कल्याणक दिवस 28 जुलाई से मणिधारी दादा गुरुदेव जिन चन्द्र सूरि जन्म जयंती 11 सितम्बर 2024 तक आयोजित किया गया। तप के दौरान ढढ्ढा चौक में आगम वाटिका स्थापित की गई जिसमें बैठकर श्रावक-श्राविकाओं ने नियमित आगमों की पूजा व मंत्र जाप किया था। ताड़पत्रों पर हस्तलिखित 45 आगमों की बीकानेर में पहलीबार प्रदर्शन किया गया तथा शोभायात्रा निकाली गई । मुनि श्रमण रतन सागर का दीक्षा दिवस जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी महाराज के सान्निध्य में फलोदी निवासी, चेन्नई प्रवासी मुनि श्रमण रतन सागर महाराज का दीक्षा दिवस '' साधु जीवन री जय-जयकार करें'' आदि भक्ति गीतों के तथा ''अनुमोदना-अनुमोदना'' के उद्घोष के साथ मनाया गयां। सहज, सरल स्वभाव के मुनिश्री ने आगम वाटिका की स्थापना, आगम तप शोभायात्रा, तप व जप तथा आगम तपोत्सव में सक्रिय भागीदारी निभाई। मुनि श्रमण रतन सागर के सांसारिक पुत्र नागपुर प्रवासी रूपेश गुलेछा ने बताया कि उनके पिता सांसारिक नाम शांति लाल गुलेछा की दीक्षा केकड़ी में हुई थी। परिवार के तीन दीक्षाएं बालक-बालिकाओं (पड़ पोत्र-पड़ पौत्री)की हो चुकी है। उनके पोत्र व उनकी पत्नी की मुकेश व चार्टर्ड एकाउंटेंट शैफाली दो दीक्षाएं दिसम्बर में पालीताणा में होने से पांच दीक्षाएं हो जाएगी। बचपन से ही जैन समाज में समर्पित रहे मुनि श्री ने सांसारिक जीवन के दौरान अनेक दादाबाड़यों व जिनालयों के विकास में समर्पित भाव से सेवाएं दी।